राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 124
लखनऊ, रविवार 04 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीएम के नेतृत्व में यूपी बना निवेश के लिए भरोसेमंद मॉडल 03
प्रशासन की उपेक्षा के चलते संतों ने किया मेले के उद्घाटन का बहिष्कार 10

# पौष पूर्णिमा पर दिखा आस्था का अभूतपूर्व संगम

## माघ मेले के प्रथम स्नान पर शाम सात बजे तक प्रयागराज के सभी घाटों पर लगभग 31 लाख लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज के अलावा वाराणसी, अयोध्या, मथुरा विन्ध्याचल समेत प्रदेश की अन्य पवित्र नदियों में लोगों ने भक्ति भाव से किया स्नान**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** माघ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार को आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का सैलाब संगम तट की ओर उमड़ पड़ा और दिन भर में श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

पौष पूर्णिमा के अवसर पर शाम 07 बजे तक प्रयागराज के सभी घाटों पर लगभग 31 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रशासन द्वारा की गई सतर्क, सुनियोजित एवं समन्वित व्यवस्थाओं के परिणाम स्वरूप पौष पूर्णिमा का प्रथम स्नान पर्व बिना किसी अप्रिय घटना के सकुशल सम्पन्न हुआ तथा सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। प्रयागराज के अलावा वाराणसी, अयोध्या, मथुरा और विन्ध्याचल समेत प्रदेश की अन्य पवित्र नदियों में लोगों ने भक्ति भाव से



स्नान किया। माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस वर्ष कई नवाचार किए गए। 17 नंबर पार्किंग से लेकर लेटे हनुमान जी मंदिर तक प्रारम्भ की गई गोल्फ कार्ट सेवा का लगभग 9500 हजार श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को निःशुल्क सेवा भी उपलब्ध कराई गई। इस सेवा से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा प्राप्त हुई। इसके साथ ही विभिन्न पिकअप प्वाइंट से माघ मेला क्षेत्र के निकटतम पार्किंग स्थलों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित रैपिडो बाइक सेवा के माध्यम से लगभग 10 हजार बुकिंग की गईं, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में सुगमता के साथ मेला क्षेत्र तक पहुंचाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति, प्रभावी निगरानी एवं नवाचारों के चलते पौष पूर्णिमा का प्रथम स्नान पर्व पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल रूप से सम्पन्न हुआ, जिससे श्रद्धालुओं में संतोष एवं विश्वास का भाव परिलक्षित हुआ। पौष पूर्णिमा के अवसर पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम व विभिन्न घाटों पर दिन भर स्नान का क्रम चला। संगम तट पर आध्यात्मिक उल्लास और धार्मिक आस्था का अद्वितीय मेल दिखा।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद दिखी एटीएस



माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पौष पूर्णिमा के मौके पर माघ मेला क्षेत्र में एटीएस की दो टीमें लगातार सक्रिय रहीं। यह जानकारी शनिवार को एटीएस के पुलिस उपाधीक्षक लायक सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आताताई से निपटने के लिए माघ मेला क्षेत्र में एटीएस की दो टीमें अलग अलग स्थानों पर सक्रिय रही। भीड़ में किसी भी संदिग्ध को पकड़ने के लिए दो छोटे वाहन में सवार एटीएस के जवान मेला क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

### कल्पवासियों ने लिया संकल्प, जीवंत हुई तंबुओं की नगरी

हर साल माघ के महीने मोक्ष दायिनी मां गंगा के तट पर शुरू होने वाली धार्मिक परम्परा कल्पवास का भी इसी प्रथम स्नान पर्व के साथ आरंभ हो गया। मेला क्षेत्र में पहली बार कल्पवासियों के लिए बनाया गया प्रयागवाल नगर भी इसी के साथ जीवंत हो उठा। पौष पूर्णिमा से माघी पूर्णिमा तक चलने वाले कल्पवास का पहला स्नान आज था। मेला क्षेत्र में कल्पवास करने आए 4 लाख से अधिक कल्पवासियों ने गंगा स्नान कर आज से कल्पवास का संकल्प लिया।

### झूंसी बस अड्डे से चलेंगी 2250 बसें

प्रयागराज के झूंसी बस अड्डा से मेले के लिए 2250 बसें चलाई जाएंगी। पूरे मेले में उत्तर प्रदेश रोडवेज 3800 बसों का संचालन कर रहा है। इनमें से 2250 बसें झूंसी से भेजी गई हैं। इसके अलावा मेरठ, बरेली, कानपुर, सीतापुर जैसे तमाम जिलों के अलग-अलग हिस्सों के लिए भी शटल बसों की सुविधा दी जा रही है। इसी प्रकार भारतीय रेलवे ने भी माघ मेला के दौरान प्रयागराज जंक्शन के साथ-साथ रामबाग और झूसी स्टेशनों पर भी अलग-अलग तारीखों में कई ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव दिया है। इनमें कई लंबी दूरी की रेल गाडियां हैं।

### लगाए गए क्यूआर कोड : मेला प्रभारी

माघ मेला प्रभारी नीरज पांडेय ने बताया कि मेला क्षेत्र में 15 हजार 500 विद्युत पोलों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। इन्हें स्कैन करते ही श्रद्धालुओं के मोबाइल पर एक ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में श्रद्धालु अपना नाम, मोबाइल नंबर और सुरक्षा कोड भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं या जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। क्यूआर कोड स्कैन करने पर श्रद्धालु अपनी सही लोकेशन प्रशासन के साथ साझा करते हुए तत्काल सहायता प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक पोल पर संबंधित सड़क व सेक्टर का नाम और गूगल कोड (जी-कोड) अंकित है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा को स्टेशनों पर व्यापक रेल व्यवस्थाएं

माघ मेला के दौरान संगमनगरी आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार के मार्गदर्शन में प्रयागराज परिक्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों प्रयागराज जंक्शन, छिवकी, नैनी एवं सूबेदारगंज पर व्यापक एवं समन्वित व्यवस्थाएं की गई हैं। मेला अवधि के दौरान इन स्टेशनों को विशेष रूप से सुदृढ़ किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि भीड़ नियंत्रण एवं सुव्यवस्थित आवागमन के लिए स्टेशनों पर पृथक प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा हेतु सभी स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में टिकट काउंटर, मोबाइल टिकट यूनिट तथा डिजिटल टिकटिंग को प्रोत्साहित किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर, बैटरी चालित वाहन, सहायता केंद्र, टोल-फ्री नंबर 1800 4199 139 तथा दिशावार कलर-कोडिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

### माघ मेले की मुख्य स्नान की तिथियां

**दूसरा मुख्य स्नान** : मकर सक्रांति (14 जनवरी)
**तीसरा मुख्य स्नान** : मौनी अमावस्या (18 जनवरी)
**चौथा मुख्य स्नान** : बसंत पंचमी (23 जनवरी )
**पांचवां मुख्य स्नान** : माघी पूर्णिमा (1 फरवरी )
**छठा मुख्य स्नान** : महाशिवरात्रि (15 फरवरी)



माघ मेला सनातन संस्कृति, आस्था और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती से सभी श्रद्धालुओं के मनोरथ पूर्ण होने की प्रार्थना की तथा मेला अवधि में श्रद्धालुओं की सुख-सुविधा, सुरक्षा और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,36,350/ |
| 22 कैरेट | = 1,25,000/ |
| 18 कैरेट | = 1,02,300/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 2,42,000/ |



## अयोध्या में तैनात खनन निरीक्षक चन्द्रशेखर रामानुज निलम्बित

**खनन विभाग की सचिव व निदेशक माला श्रीवास्तव ने की कार्रवाई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भुत्तव एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने अयोध्या में तैनात खनन निरीक्षक चन्द्रशेखर रामानुज को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही व अवैध खनन व अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने में विफल होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उन्हें मुख्यालय लखनऊ सम्बद्ध कर दिया गया है। सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया अवैध खनन व अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के बहुत सख्त निर्देश विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये गये हैं और कहीं भी किसी भी स्तर पर कोई विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उप खनिजों के अवैध खनन या अवैध परिवहन मे संलिप्त पाया गया।

## घने कोहरे के कारण लखनऊ एयरपोर्ट से चार उड़ानें घंटों लेट

**लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर खराब मौसम का असर शनिवार को उड़ानों के संचालन पर साफ दिखा। कोहरे और विजिबिलिटी कम होने के चलते दिल्ली, भुवनेश्वर और हैदराबाद जाने वाली कई उड़ानें अपने निर्धारित समय से देरी से रवाना हुईं। इससे यात्रियों को एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार करना पड़ा और कई लोगों की आगे की यात्रा भी प्रभावित हुई। खराब मौसम के चलते दिल्ली और भुवनेश्वर रूट पर उड़ानों में सबसे अधिक देरी दर्ज की गई।

## अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो व उनकी पत्नी को पकड़ा

**राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला पर हमले की दी जानकारी**

एजेंसी

**वाशिंगटन/काराकस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उनके सुरक्षा बलों ने वेनेजुएला में एक बड़ी कार्रवाई की और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को देश से बाहर ले गये।

श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, अमेरिका ने वेनेजुएला में बड़े स्तर पर



हमला करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया है और उनको देश से बाहर ले जाया गया है। यह ऑपरेशन अमेरिकी एजेंसियों के साथ मिलकर किया गया। उन्होंने कहा कि इस बारे में विस्तृत जानकारी आज अपरान्ह 11 बजे ( स्थानीय समयानुसार) एक संवाददाता सम्मेलन में दी जायेगी। इससे पहले वेनेजुएला की राजधानी काराकस में शनिवार तड़के कई जोरदार धमाकों और विमानों के उड़ान भरने की आवाजें सुनी गयीं। इससे निवासियों में दहशत फैल गयी। अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के अनुसार, काराकस के कई हिस्सों में लोग शक्तिशाली धमाकों और उसके बाद कम ऊंचाई पर उड़ रहे विमानों की आवाज से जाग गये।

### अमेरिका के वेनेजुएला पर हमलों पर कई देशों ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में किए गए सैन्य हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई देशों और संगठनों ने इसे वेनेजुएला की संप्रभुता का उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है, जबकि कुछ नेताओं ने इस कार्रवाई को तानाशाही शासन के खिलाफ दबाव के रूप में उचित ठहराया है। इन घटनाओं ने लैटिन अमेरिका समेत पूरी दुनिया में तनाव बढ़ा दिया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी हमले को सशस्त्र आक्रामकता करार देते हुए कहा कि ऐसे कदम हालात को और बिगाड़ सकते हैं। रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग का समर्थन किया।

### संक्षिप्त समाचार

**जांच में खुलासा : असम में हिंसा फैलाने की थी साजिश**

**गुवाहाटी।** असम के चिरांग, बाक्सा, बरपेटा और दरंग तथा त्रिपुरा के अगरतला से गिरफ्तार इमाम महमूदर काफिला (आईएमके) मॉड्यूल से जुड़े 11 अतंकियों का मकसद प्रदेश में सांप्रदायिक हिंसा फैलाना था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपितों ने बरपेटा, चिरांग और निचले असम के अन्य जिलों में धन संग्रह शुरू कर दिया था। कुछ मस्जिदों में कथित तौर पर भारतीय राज्यों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष के लिए लोगों को उकसाया जा रहा था। असम पुलिस ने शनिवार को बताया कि बरपेटा निवासी नसीम उद्दीन, जिसे अमीर बताया गया है, अप्रैल-मई 2024 में त्रिपुरा के एक सहयोगी के साथ बांग्लादेश गया था, जहां उसने बैठकों और प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा लिया। पुलिस के अनुसार एसटीएफ पुलिस थाना कांड संख्या 06/2025 की जांच में अहम प्रगति करते हुए यह खुलासा हुआ कि वर्ष 2024 के अंत में नसीम उद्दीन उर्फ तमीम एक यूट्यूब चैनल के संपर्क में आया था।

**सीजेआई ने रखी पटना हाईकोर्ट भवन विस्तार की आधारशिला**

**पटना।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने न्यायिक सेवा में आने वाली नयी पीढ़ी को आज आगाह किया कि उन्हें न्याय दिलाने में जल्दबाजी से बचना चाहिए तथा सहानुभूति और निर्णय की सटीकता के मानदंडों से कतई समझौता नहीं करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने शनिवार को पटना उच्च न्यायालय परिसर के विस्तार की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी जिनकी कुल लागत करीब 302 करोड़ रुपए होगी।

**पटियाला हाउस कोर्ट ने मल्ला को 16 तक न्यायिक हिरासत में भेजा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 10 नवंबर को लालकिले के पास हुए विस्फोट मामले के आरोपियों में से एक डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को 16 जनवरी तक 13 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एनआईए ने शनिवार को मल्ला को कड़ी सुरक्षा के बीच पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। मल्ला को 26 दिसंबर को आठ दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेजा गया था।

## ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : उदय भानु चिब

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने ईरान में पढ़ रहे भारतीय मेडिकल छात्रों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। चिब ने पत्र में कहा कि ईरान में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और ऐसे समय में भारतीय छात्रों की सुरक्षा को अनिश्चितता पर नहीं छोड़ा जा सकता। चिब ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर छात्रों को सुरक्षा प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन विदेश में पढ़ रहे हर भारतीय छात्र के साथ खड़ा है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

## पीड़िता व परिवार को निरंतर सुरक्षा प्रदान करने की गृह मंत्री से गुहार

**पूर्व भाजपा विधायक सेंगर की बेटी ऐश्वर्या ने अमित शाह को लिखा पत्र**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उन्नाव बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की बेटी ऐश्वर्या सेंगर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक भावुक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार को निरंतर सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है, ताकि किसी अप्रिय घटना पर उनके पिता पर फिर से आरोप न लगे।

ऐश्वर्या ने पत्र में चिंता व्यक्त की कि पीड़िता सोशल मीडिया और मीडिया पर बार-बार बयान दे रही हैं कि यदि कुलदीप सेंगर को जमानत या रिहाई मिली तो वह या उनका परिवार आत्महत्या कर लेगा। ऐश्वर्या का कहना है कि ऐसे बयानों से डर का माहौल बन रहा है और अगर पीड़िता पक्ष के साथ कोई हादसा हुआ तो सारा ठीकरा उनके पिता के सिर फोड़ा जाएगा। पत्र में पुरानी घटनाओं का हवाला देते हुए ऐश्वर्या ने याद दिलाया कि 2018 में पीड़िता ने मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह की कोशिश की थी, जिसके बाद मीडिया दबाव में उनके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया।

## राजनाथ ने दिल्ली विधानसभा में अटल व मालवीय के चित्रों का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली विधानसभा में शनिवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्रों का अनावरण किया। रक्षामंत्री ने भारत माता' शीर्षक से प्रकाशित एक विशेष कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। रक षामंत्री सिंह ने इस मौके पर कहा कि दोनों नेताओं ने राजनीति को जनसेवा का मंच दिया। दोनों नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम को महसूस किया। इन महापुरुषों के चित्रों का अनावरण होना सम्मान की बात है। राष्ट्र आदर्श से महान बनता है। मालवीय जी ने शिक्षा को राष्ट्र और अटल जी ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया।

## निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से मांगे 'इसीआईनेट' को बेहतर बनाने के सुझाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने नागरिकों से 'इसीआईनेट' को बेहतर बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। ऐप डाउनलोड कर 'सुझाव सबमिट करें' टैब पर 10 जनवरी तक सुझाव दिए जा सकते हैं।

आयोग ने कहा है कि यूज़र के सुझावों की जांच की जाएगी और इसे और ज़्यादा यूज़र-फ्रेंडली बनाने के लिए प्लेटफॉर्म को और अपडेट किया जाएगा। 'इसीआईनेट' प्लेटफॉर्म इस महीने आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया जाएगा। 'इसीआईनेट' ऐप के ट्रायल वर्जन में बेहतर वोटर सेवाएं उपलब्ध हैं। इस ऐप का बिहार




विधानसभा चुनाव 2025 और उपचुनावों के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। चुनाव अधिकारियों के फीडबैक के आधार पर इस प्लेटफॉर्म में लगातार सुधार और बदलाव किए जा रहे हैं। 'इसीआईनेट' मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ आयोग की प्रमुख पहलों में से एक है।

## देश ने देखी पहली वंदे भारत स्लीपर की झलक, गुवाहाटी-कोलकाता मार्ग पर चलेगी

**नई दिल्ली।** इस वर्ष की शुरुआत में पश्चिम बंगाल में हावड़ा और असम में गुवाहाटी के बीच शुरू होने वाली देश की पहली अत्याधुनिक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंची। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नयी ट्रेन का निरीक्षण किया और इसकी आधुनिक सुविधाओं की जानकारी मीडिया को दी। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों इसी माह इस ट्रेन का उद्घाटन किया जाएगा। रेल मंत्री ने बताया कि 16 कोच वाली इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की यात्री क्षमता 823 है और इसकी डिज़ाइन स्पीड 180 किमी प्रति घंटा है। ट्रेन का निरीक्षण व रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा प्रमाणन हासिल किया जा चुका है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए शुभमन गिल होंगे कप्तान

**तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। सीनियर पुरुष चयन समिति ने वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनी है। यह सीरीज 11 जनवरी से 18 जनवरी तक भारत में खेली जाएगी, जिसकी शुरुआत बड़ौदा से होगी। इस सीरीज में शुभमन गिल भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि श्रेयस अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है।

पहला वनडे बड़ौदा के बीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। चयनकर्ताओं ने इस दौरे के लिए युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित संयोजन तैयार किया है। हार्दिक पांड्या को इस वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें एक मैच में पूरे 10 ओवर गेंदबाजी की मंजूरी नहीं दी है। साथ ही आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए उनके वर्कलोड का विशेष प्रबंधन किया जा रहा है। इसके अलावा मोहम्मद शमी, ऋतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को भी टीम में जगह नहीं मिल सकी है।

**ठोस कदम**

### एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर तैयार किए गए साइबर कमांडो

## साइबर अपराधियों की कमर तोड़ेगी कमांडो की विशेष टीम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने और साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए साइबर कमांडो की एक विशेष टीम तैयार की है। इन कमांडो को एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर देश के विभिन्न उच्च संस्थानों के एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए ट्रेनिंग दी गयी है। जिस तरह से एनएसजी और एसपीजी कमांडो अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष होते हैं, यह भी ठीक उसी तरह अपने कार्य क्षेत्र में साइबर अपराध को रोकने में दक्ष हैं।



**आईआईटी कानपुर व नया रायपुर मद्रास राष्ट्रीय रक्षा विवि के एक्सपर्ट से कमांडो टीम ने लिया प्रशिक्षण**

साइबर कमांडो को हाईटेक टेक्नोलॉजी और टूल्स से लैस किया गया है ताकि साइबर ठगों के नेक्सेज को पूरी तरह से नेस्तनाबूद किया जा सके। साइबर सीआईडी डीजी बिनोद कुमार सिंह कहते हैं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये थे। 15 साइबर कमांडो को तैयार करने में देश के प्रतिष्ठित तकनीकी और सुरक्षा संस्थानों की विशेषज्ञता ली गई है।

### टीम में 15 पुलिसकर्मी शामिल

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप अत्याधुनिक तकनीक से लैस करते हुए 'साइबर कमांडो' की विशेष टीम तैयार की गई है। इस टीम में 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। ये साइबर कमांडो न केवल साइबर ठगी और डिजिटल अपराधों पर लगाम लगाएंगेबल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। जिस तरह देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए विशेष बल कार्य करते हैं, उसी प्रकार साइबर कमांडो डिजिटल दुनिया में अपराधियों के खिलाफमोर्चा संभालेंगे।

### आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग

राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी एनएफएसयू, गुजरात और नई दिल्ली से साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल ट्रेसिंग और ऑनलाइन अपराध की जांच से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग ली गई। ये तकनीकी दक्षता, विश्लेषण क्षमता और फील्ड अनुभव के आधार पर चुने गए हैं। यह कमांडो आने वाले समय में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे प्रदेश भर में साइबर अपराध से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी।

# शादी से नाराज साले ने बहनोई को उतारा मौत के घाट

## बहन के प्रेम विवाह किए जाने से नाराज़ था भाई, एक साल पहले बहन यास्मीन ने शादाब से किया था प्रेम विवाह

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** एक युवक ने अपने जीजा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। वह एक साल से हत्या की प्लानिंग कर रहा था। हत्यारोपी लव मैरिज से नाराज था। जीजा शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे खेत से लौट रहा था। साला घात लगाकर रास्ते में बैठा था। उसने पास आते ही लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में पड़े युवक को अस्पताल लेकर गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामला रुपईडीहा थाना इलाके का है। आरोपी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

एक साल पहले की थी लव मैरिज

बनकुरी गांव निवासी शादाब (20) का गांव के हबीब की बेटी यास्मीन से अफेयर था। एक साल पहले जब दोनों के बीच के रिश्ते की बात परिवार वालों को पता चली तो वे नाराज हो गए। हालांकि बाद में उनकी शादी करा दी गई है। दोनों परिवारों ने इस रिश्ते को मंजूर कर लिया था। शादाब को पाकर यास्मीन काफी खुश थी। लेकिन उसका भाई हसीब नाराज था।

**बहन की शादी में नहीं गया था भाई**

शादाब के पिता मुनव्वर ने बताया- बहू यासमीन का भाई निकाह से खुश नहीं था। वह शादी में भी शामिल नहीं हुआ था। शादाब आज नौकरी के सिलसिले में मुंबई जाने वाला था।

वह नमाज पढ़कर खेत लौट रहा था, तभी यासमीन के भाई ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। घटना की जानकारी उस समय हुई, जब आसपास खेतों में कुछ बच्चे खेल रहे थे। मारपीट की आवाज सुनकर बच्चे घबराकर गांव की ओर दौड़े और सूचना दी।

हम मौके पर पहुंचे तो शादाब को अस्पताल ले गए। यहां उसकी मौत हो गई। पत्नी यासमीन ने कहा- मेरा भाई शादी से नाराज था। उसने ही पति को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। यासमीन ने पुलिस से मांग की है कि उसके भाई को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए

**परिजनों को देखकर मौके से भागा आरोपी :** शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे जब शादाब खेत से लौट रहा था, तभी हसीब ने उस पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी पर परिजन दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। इस दौरान हसीब मौके से भाग निकला। आनन-फानन में घायल को लेकर बाबागंज हॉस्पिटल पहुंचे। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे नानपारा सीएचसी रेफर कर दिया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**हत्या का केस दर्ज, आरोपी की तलाश :** घटना की सूचना मिलते ही सीओ पाहुब सिंह और रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत मौके पर पहुंचे। जांच-पड़ताल की। सीओ ने बताया- परिजनों ने शाम 4 बजे हत्या की सूचना दी थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्जकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# शॉर्ट सर्किट से कच्चे मकान में लगी भीषण आग, गृहस्थी से लेकर अनाज तक सब खाक

समृद्धि न्यूज़





**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उधरना ठकुराइन के मजरा चंदामऊ में बीती रात अचानक लगी आग ने भारी तबाही मचा दी। शॉर्ट सर्किट से बजरंग तिवारी पुत्र महाराज दत्त तिवारी के कच्चे मकान में आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

आग की चपेट में आकर घर में रखा पूरा गृहस्थी का सामान, ट्रैक्टर से संबंधित उपकरण, लगभग 5 कुंतल धान और 2 कुंतल गेहूं जलकर राख हो गया। यही नहीं, पानी का टिल्लू पंप भी आग में नष्ट हो गया। आग की लपटों से मवेशियों को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अन्य टिल्लू पंपों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक भारी नुकसान हो चुका था। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता व मुआवजे की मांग की है। घटना से पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है।

## शॉर्ट सर्किट से कच्चे मकान में लगी

### महिला उत्पीड़न मामलों की सुनवाई के लिए 7 जनवरी को

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से 07 जनवरी को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से सर्किट हाउस में आयोजित होगा। जनसुनवाई के उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। गोंडा में महिला आयोग की सदस्या ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। सभी पीड़ित महिलाएं जनसुनवाई में अपनी बात रख सकती है। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित पुलिस अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। आयोग का यह प्रयास महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण, प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### यात्री को उसका लैपटॉप सुरक्षित गोंडा रेलवे पुलिस ने लौटाया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंडा दिनांक 3, 1,26 को मैं सहायक उप निरीक्षक रामदत्त प्रसाद दिवस अधिकारी ड्यूटी में तैनात होकर पोस्ट पर उपस्थित था की एक व्यक्ति पोस्ट पर उपस्थित होकर अपना नाम पवन कुमार पुत्र भागुराम ग्राम कोठी डीह थाना नगर कोतवाली जिला बाराबंकी उम्र 29 वर्ष और बताया कि मैं दिनांक 03,01 ,26 को गाड़ी संख्या 22538 से ललितपुर से बाराबंकी तक ह्य,1 में बर्थ नंबर 64 पर यात्रा कर रहा था बाराबंकी में उतरने के दौरान मेरा पिट्ठू बैग जिसमें लेपटॉप है छूट गया जिसका कंप्लेंट में 139 पर किया था तथा मुझे सूचना प्राप्त हुआ कि आपका bag रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोडा पर उतार कर रखा गया है वही मैं लेने आया हूं दिनांक0 3 ,01 ,26 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ की सूचना पर गाड़ी संख्या 22538 से एस्कॉर्ट पार्टी लखनऊ द्वारा बैग उतार कर गोंडा पोस्ट पर जमा किया गया है उक्त व्यक्ति के आधार व टिकट की छाया प्रति प्राप्त कर रोजगार लेखक से बैग प्राप्त किया उक्त व्यक्ति द्वारा पिट्ठू बैग सहित बैग का लैपटॉप डेल कंपनी का कीमत 70,000/ रुपए बताया जिसे समक्ष गवाहन ठीक-ठाक सुपुर्द किया।

### रसोइयों को कई माह से नहीं मिला वेतन, आंदोलन की चेतावनी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत भोजन बनाने के लिए नियुक्त रसोइयों को बीते कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। इससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या को लेकर प्राथमिक विद्यालय रसोइया वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रसोइए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की। एसोसिएशन की प्रांतीय संयुक्त सचिव संजू तिवारी ने बताया कि वेतन न मिलने के कारण सभी रसोइयों को अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे सभी जिला मुख्यालय पर एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान कमला देवी, सुशीला, सीता देवी, मुन्नी, कांति सहित कई अन्य रसोइया मौजूद रहीं।

### मौसम ने बदली चाल, उतरौला में ठिठुरन बरकरार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** बीते दो दिनों तक लगातार खिली धूप ने भले ही दोपहर के समय लोगों को ठंड से कुछ राहत दी हो, लेकिन मौसम ने एक बार फिर करवट बदलते हुए ठंड के प्रकोप को दोगुना कर दिया। शनिवार की सुबह से छाई बदली और शुक्रवार देर रात से चल रही ठंडी हवाओं ने पूरे उतरौला बाजार सहित संपूर्ण तहसील क्षेत्र को भीषण ठिठुरन की चपेट में ले लिया। सुबह से ही आसमान में बादलों की मौजूदगी और सूरज के दर्शन न होने के कारण दिन का तापमान तेजी से नीचे गिरता चला गया। ठंडी पछुआ हवाओं के चलते गलन इतनी तेज रही कि लोग घरों के अंदर ही रहने को मजबूर हो गए। बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर आम दिनों की तुलना में खामोशी देखने को मिली। केवल अत्यावश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग ही नजर आए। तेज ठंड और गलन का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर देखा गया। सुबह और शाम के समय सर्दी का प्रकोप इतना बढ़ गया कि लोग अलाव, हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा लेने को विवश हो गए। ग्रामीण इलाकों में मजदूर वर्ग और खुले में काम करने वाले लोगों के लिए यह ठंड दोहरी चुनौती बन गई। अत्यधिक ठंड के कारण बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम रही। रेहड़ी-पटरी और छोटे दुकानदारों की बिक्री पर भी असर पड़ा। वहीं, सुबह के समय गलन के कारण आवागमन भी प्रभावित हुआ और लोग देर से घरों से निकले।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन में दिखा शौर्य

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर बहराइच में निकाले गए भव्य नगर कीर्तन ने पूरे नगर को गुरु-भक्ति और उत्साह से सराबोर कर दिया। ÷बोले सो निहालज सत्य श्री अकाल÷ के गगनभेदी जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा में शौर्य प्रदर्शन, कीर्तन, सेवा और अनुशासन का अनुपम दृश्य देखने को मिला। नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण रूस और स्कॉटलैंड सहित कई देशों में अपने युद्ध कौशल का प्रदर्शन कर चुके इंटरनेशनल निशाने खालसा ग्रुप द्वारा प्रस्तुत रोमांचक करतब रहे।

ग्रुप के गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व में किए गए शौर्य प्रदर्शन को देख दर्शक हतप्रभ रह गए। वहीं मात्र 4 वर्षीय इंडिया गॉट टैलेंट विजेता सुरखाब सिंह और 5 वर्षीय शूरमा पंथ प्रीत सिंह के साहसिक कौशल ने सभी का मन मोह लिया।गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने बताया कि नगर कीर्तन की शुरुआत पीपल चौराहा स्थित गुरुद्वारे से हुई। फूलों से सजी अलौकिक पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगवानी पांच प्यारों की अगुवाई में की गई। शोभायात्रा पीपल चौराहा से घंटाघर, छावनी, अग्रसेन चौक, डिगिहा तिराहा, गुरु नानक चौक और छोटी बाजार होते हुए पुनः गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें गौरा, धनौली, डीहवा, मटेरा, हीरा सिंह पुरवा, पयागपुर और फखरपुर की संगत भी शामिल रही। नगर कीर्तन में अनुशासन और सेवा का सुंदर उदाहरण देखने को मिला, जब छोटे-छोटे सिख बच्चों ने स्वच्छता की जिम्मेदारी संभाली और प्रसाद वितरण के बाद सड़क की सफाई करते हुए चलते रहे। हजूरी रागी भाई फतेह सिंह जी के मधुर शब्द कीर्तन से संगत निहाल होती रही। केसरिया दस्तारों में सजे बच्चों द्वारा लगाए गए जयकारों ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।

मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं एवं सिख संगत की ओर से चाय-नाश्ते के स्टॉल लगाए गए। नगर कीर्तन के समापन पर हेड ग्रंथी ज्ञानी विक्रम सिंह जी ने सरबत के भले की अरदास कराई, जिसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर आरंभ हुआ। इस अवसर पर संरक्षक मनजीत सिंह शंपी, जगनंदन सिंह, महामंत्री भूपेंद्र सिंह वालिया, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, जगजीत सिंह, देवेंद्र सिंह बेदी, आत्मजीत सिंह, मीडिया प्रभारी परविंदर सिंह सम्मी, जसपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, डॉ. बलमीत कौर, अर्शदीप सिंह, कुलबीर सिंह, जिक्की सिंह, बाबा अजीत सिंह, पवनप्रीत सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, जोरावर सिंह, राजेंद्र कौर, बलजीत कौर, चरणजीत कौर, गुरबख्श कौर, गुरजीत कौर, कुलदीप कौर, रामेंद्र कौर, हरजीत कौर सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आकृति शर्मा का नेशनल राइफल शूटिंग में चयन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के पयागपुर स्थित पैतोरा गांव की निवासी आकृति शर्मा ने राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आकृति एक मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं। उनके पिता किशन कुमार शर्मा भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं। आकृति पटियाला के आर्मी पब्लिक स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा हैं।

आकृति को निशानेबाजी का शौक है। उन्होंने मार्च 2023 से 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग का अभ्यास शुरू किया था। इसी वर्ष उन्होंने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की है। आकृति वर्तमान में आईएसएसएफ युवा वर्ग की शूटर हैं। आकृति का लक्ष्य युवा वर्ग में भारतीय टीम के लिए होने वाले ट्रायल में सफल होकर देश का प्रतिनिधित्व करना है।

उनकी इस सफलता पर परिवार के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, योगेंद्र शर्मा, लालिंदर चाचा और शानू शर्मा ने गर्व व्यक्त किया है। परिवार को विश्वास है कि आकृति एक दिन भारतीय टीम से खेलते हुए देश का नाम रोशन करेंगी।

# राजस्व टीम ने ग्राम पंचायत चकसण के स्थान पर लगाई देवरिया कला की रिपोर्ट

**ग्राम प्रधान चक्रसण सुनीता देवी के द्वारा किया गया जिलाधिकारी से शिकायत**

समृद्धि न्यूज



**गोंड़ा।** सदर तहसील क्षेत्र के झंझरी ब्लॉक के गाँव में दबंगों ने तलाब और ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा का और उक्त जमीन पर लगे कीमती पेड़ को काट लेने का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने इसकी शि कायत तहसील प्रशासन से की है। आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत चकसड़ में तालाब व ग्राम समाज की बंजर भूमि पर दबंगों ने पूर्व नियोजित तरीके से अवैध कब्जा लिया है।

प्रधान सुनीता का कहना है कि गांव में सार्वजनिक उप योग की भूमि है एवं राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि रूप में दर्ज है जिस पर कई कीमती पेड़ लगे हुए थे जिसको दबंगों ने काट लिए हैं।इस को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेकर इस मामले को लेकर राजस्व टीम को निर्देशित किया है कि मौके पर जाकर तत्काल जांच करा कर पूरे मा मले की जांच रिपोर्ट मांगी एसडीएम ने कानून गो के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर जांच करा ई लेकिन जांच में राजस्व टीम ने जिलाधिकारी को भी गुमराह कर दिया और जांच रिपोर्ट संद र्भ संख्या 40018325010966 में भी राज स्व टीम ने डीएम को गुमराह कर दिया गया हैं और जांच रिपोर्ट के संदर्भ संख्या के आधार प र राजस्व टीम ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर ग्राम पं चायत देवरिया कला की रिपोर्ट चकसड़ ग्राम पंचायत में रिपोर्ट लगा दी गई है।

# परसपुर स्थित ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के पसका संगम

**डीएम ने मेला परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, यातायात, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दिये निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** जनपद के विकासखंड परसपुर स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के पसका संगम मेला के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मेला अवधि के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से साफ-सफाई कराए जाने, कूड़ेदान की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, एंबुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की समुचित व्यवस्था मेला स्थल पर उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं लोक निर्माण विभाग को अस्थायी मरम्मत कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहें तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेले का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उपजिलाधिकारी करनैलगंज नेहा मिश्रा, खंड विकास अधिकारी परसपुर सुशील कुमार पांडेय सहित, पंचायती राज विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, जल निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सावित्रीबाई फुले के सपनों के समाज के निर्माण के लिए संघर्ष करती रहेगी आप



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** इस अवसर पर डॉ आरके सिंह (जिला कोषाध्यक्ष), आप यूपी) ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले जी ने यह साबित किया कि बदलाव की शुरुआत साहस से होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, गरीबों और वंचितों को समान अवसर दिलाना ही सावित्रीबाई पीबाई फुले फूले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज जब शिक्षा महंगी और असमान होती जा रही है, तब फुले जी के विचार हमें एक समान, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।卐 माता सावित्रीबाई फूले पहली महिला शिक्षिका के रूप में थीं जिन्होने महिलाओं को शिक्षा का हक दिलाया卐 मंजू देवी (जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा) माता सावित्रीबाई के जीवन के सन्दर्भ में पूर्व प्रत्याशी अजय कुमार प्रभाकर ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला कार्यक्रम के अंत में पार्टी नेताओं ने आह्वान किया कि माता सावित्रीबाई फुले जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाए और शिक्षा व समानता के उनके संघर्ष को आगे बढ़ाया जाए। इस श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी के कार्यक्रम में कमलेश सिंह (प्रभारी तरबगंज वि0), अजय कुमार प्रभाकर (पूर्व प्रत्याशी गोण्डा सदर), विवेक शुक्ल (जिला प्रवक्ता), मनोज कुमार गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव, गंगा राम प्रजापति (कोषाध्यक्ष, कट्टा वि0, सिद्धार्थ कुमार) सहित जिले के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

**कैंप** | पंडित सिंह जी मेमोरियल हॉस्पिटल के सर्जिकल कैंप में जुटी भीड़

# आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं पंडित सिंह : सूरज सिंह

**▸ लगभग 800 मरीजों ने की सहभागिता**

समृद्धि न्यूज



**डॉ दिव्या सिंह ने महिला मरीजों का चेकप कर समुचित दवा आदि की व्यवस्था की। डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि आज रजिस्ट्रेशन का अंतिम दिन है जोकि रात्रि 8 बजे तक चलेगा। 24 घंटे इमरजेंसी डॉक्टर आदर्श ने व्यवस्था और सुदृढ़ होने के समस्त स्टाफ का सहयोग मांगा**

**गोंडा।** पंडित सिंह जी मेमोरियल हॉस्पिटल नवाबगंज गोण्डा में सर्जिकल कैंप आयोजन में सैकड़ो मरीजों ने हिस्सा लिया। इस सर्जिकल कैंप का आयोजन पूर्वमंत्री स्वर्गीय पंडित सिंह के जन्म जयंती की श्रृंखला में किया गया है।

सर्जिकल कैंप के आयोजक सूरज सिंह ने कहा कि इस सर्जिकल कैंप का आयोजन का उद्देश्य जन सेवा है मेरे पिता स्वर्गीय पंडित सिंह जी आजीवन लोगों की सेवा में रहते थे उसी जन सेवा से प्रेरणा लेते हुए सर्जिकल कैंप का आयोजन किया गया है। यह सर्जिकल कैम्प पूरी तरह से निशुल्क है जिसमें ऑपरेशन, एडमिशन, ओ पी डी, दवा आदि का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

यह व्यवस्था जन्म जयन्ती को समर्पित है। सर्जिकल कैंप में डॉक्टर अभिजात कुमार एम एस ने आज 20 मरीज का ऑपरेशन किया जिसमें मुख्य रूप से राजकुमार, भगवान प्रसाद, द्वारिका, राजाराम, कल्याण सहित कई लोगों का हार्नीया और दुर्गा कल्पनाथ, विंध्याचल, रामराज, सलमान का पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन किया गया। डॉ देवांश सिंह व्यवस्थापक ने बताया कि अस्पताल का लक्ष्य इस कैंप में 600 या उससे अधिक मरीजों की ऑपरेशन कर इलाज करना है। डॉक्टर्स और स्टाफ की ड्यूटी को 8-8 घंटे के शिफ्ट में बाँटा गया है। पहले शिफ्ट में पित्त की थैली में पथरी, हार्नीया और हाइड्रोसील का ऑपरेशन किया जा रहा है।



# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से बेटियों को शिक्षा और सुरक्षा का संबल

**सरकार की इस पहल से 27 लाख बेटियों का भविष्य हो रहा सशक्त**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बालिकाओं के कल्याण और सशक्तिकरण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गंभीरता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से सरकार ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि बेटियां बोझ नहीं बल्कि समाज की ताकत हैं। इस योजना के द्वारा लगभग 27 लाख बेटियों का भविष्य सशक्त हो रहा है। योजना का उद्देश्य प्रदेश में लैंगिक समानता स्थापित करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 27 लाख पात्र बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

इस पर राज्य सरकार ने कुल 647.21 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की गई है। यह आंकड़े बताते हैं कि योजना केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू की जा रही है।

बड़ी संख्या में लाभार्थियों तक सहायता पहुंचना सरकार की प्रशासनिक प्रतिबद्धता और पारदर्शी व्यवस्था को दर्शाता है।

### सहायता राशि में बढ़ोतरी से मजबूत हुआ भरोसा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश सरकार ने योजना के अंतर्गत दी जाने वाली कुल सहायता राशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया। यह सहायता 6 चरणों में प्रदान की जाती है। जन्म के समय पांच हजार रुपये, दो वर्ष की आयु पर टीकाकरण पूर्ण होने पर दो हजार रुपये, कक्षा 1 में प्रवेश पर तीन हजार रुपये रुपये, कक्षा 6 में प्रवेश पर तीन हजार रुपये, कक्षा 9 में प्रवेश पर पांच हजार रुपये रुपये तथा कक्षा 10 या 12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर डिप्लोमा या स्नातक अथवा उससे अधिक अवधि के डिग्री कोर्स में प्रवेश लेने पर सात हजार रुपये रुपये की सहायता दी जाती है। यह व्यवस्था बालिकाओं को हर शैक्षिक पड़ाव पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है।

### लैंगिक समानता की दिशा में सरकार का ठोस कदम

वर्ष 2019 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों की बालिकाओं को लाभ दिया जा रहा है, जिनके परिवार उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। पात्रता की शर्तों के अनुसार परिवार की वार्षिक आय 3.00 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और परिवार में अधिकतम दो बच्चे होने चाहिए। योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक कारणों से किसी भी बालिका की शिक्षा या विकास बाधित न हो और परिवारों को बेटियों के पालन पोषण में सहयोग मिल सके।

### 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई

सरकार ने योजना के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित किया है। इस वर्ष 3.28 लाख लाभार्थियों को 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि योजना के अंतर्गत दी गई है। यह दर्शाता है कि योगी सरकार बालिकाओं के कल्याण को दीर्घकालिक नीति के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शैक्षिक सशक्तिकरण की पहचान बन चुकी है और सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के नए कुलपति बने प्रो. जय प्रकाश सैनी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश सैनी को लखनऊ विश्वविद्यालय का नया कुलपति बनाया है।

इस संबंध में राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी एवं अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम. बोबडे ने शनिवार को पत्र जारी किया है। उन्होंने बताया कि प्रो. जय प्रकाश सैनी को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्ष की अवधि के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रो. जय प्रकाश ने शिक्षा, शोध और प्रशासन के क्षेत्र में उनका अनुभव अत्यंत व्यापक और बहुआयामी रहा है। उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्ति किए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त की है।

## खबरें एक नजर में

### फिल्म '45' की सफलता पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**लखनऊ, मुंबई, समृद्धि न्यूज।** फिल्म '45' की शानदार सफलता का जश्न मनाते हुए, इसके निर्माताओं ने मुंबई में एक ग्रैंड सक्सेस प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। यह फिल्म पहले ही साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में बड़ी सफलता हासिल कर चुकी है और हाल ही में इसे पूरे भारत में हिंदी भाषा में रिलीज़ किया गया है। इस मौके पर सुपरस्टार डॉ. शिवराजकुमार, निर्देशक अर्जुन जन्या और निर्माता उमा रमेश रेड्डी मीडिया से रूबरू हुए और फिल्म से जुड़े अपने अनुभव, दर्शकों की प्रतिक्रिया और इस सफर को लेकर अपने विचार साझा किए। डॉ. शिवराजकुमार ने दर्शकों का दिल से धन्यवाद किया और कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से मिल रहा प्यार उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने बताया कि आज की फिल्में भाषा की सीमाओं से आगे बढ़ रही हैं और '45' जैसी फिल्में पूरे भारत के दर्शकों से जुड़ने की ताकत रखती हैं। निर्देशक अर्जुन जन्या ने फिल्म के निर्माण से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक अच्छी कहानी हर भाषा और हर संस्कृति के लोगों तक पहुंच सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी में रिलीज़ होने से क्षेत्रीय सिनेमा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है। निर्माता उमा रमेश रेड्डी ने फिल्म की सफलता पर खुशी जताई और पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि '45' जैसी फिल्में क्षेत्रीय सिनेमा और मुख्यधारा के भारतीय सिनेमा के बीच की दूरी को कम करने का काम करती हैं।

### मदरसा बोर्ड का टाइम टेबल जारी, आठ-14 फरवरी के बीच परीक्षाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड ने परीक्षा तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। मदरसा बोर्ड के जारी किए गए टाइम टेबल के अनुसार, 8 फरवरी से 14 फरवरी के बीच परीक्षाएं होंगी। मदरसा शिक्षा परिषद् ने वर्ष 2026 में होने वाले मुंशी (सेकंडरी फारसी), मौलवी (सेकेंडरी अरबी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी अरबी-फारसी) की परीक्षाओं के लिए यह टाइम टेबल जारी किया है। मदरसा बोर्ड की ओर से जारी किए गए टाइम टेबल के अनुसार परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली में सुबह 8.00 बजे से 11.00 बजे तक परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक परीक्षा चलेगी। शुक्रवार को एक ही पाली में परीक्षा होगी। इस वर्ष लगभग 80 हजार परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा है। परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड निर्धारित समय से मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इसे छात्र-छात्राएं ऑनलाइन हासिल कर सकेंगे। परीक्षा की सफल आयोजन के लिए मदरसा बोर्ड की ओर से संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूरी करने की बात कही गई।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने युवक फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। क्लार्क्स अवध होटल के पीछे वजीरगंज निवासी विशाल कश्यप (24) मजदूरी करता था। माता-पिता के देहांत के बाद मामा के घर में रहता था। शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजन ने फंदे से लटका देखा तो चीख पड़े। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। भाई ने बताया कि उसके पैर में चोट लगी थी। उसका दर्द बर्दाश्त नहीं कर पा रहा था। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी का कहना है युवक नशे का आदी था। आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लोडर चालक ने फंदा लगाकर सुसाइड किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक अधेड़ लोडर चालक ने बीती रात फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बंथरा के खसरवारा गांव निवासी बाल गोविंद रावत (50) के रूप में हुई है। वह टेंपो डाला चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बाल गोविंद के गांव में दो मकान हैं। एक मकान में उनकी पत्नी फूलमती और दो विवाहित बेटे लवकुश और राहुल रहते हैं, जबकि करीब 150 मीटर दूर दूसरे मकान में बाल गोविंद अकेले रहते थे। लगभग पांच महीने पहले, बाल गोविंद ने अपना टेंपो बेचकर बेटे लवकुश के लिए एक ऑटो खरीदा था। लवकुश प्रतिदिन ऑटो चलाकर रात में उसे अपने पिता के मकान पर खड़ा करता था।

### सभी मंदिरों के पास अलाव जलाए जाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरानगर आवासीय महसमिति की एक आपात बैठक इंदिरानगर में कार्यकारी अध्यक्ष इंजी. पी. के. जैन की अध्यक्षता में आहूत की गयी। जिसमें इंदिरानगर के सभी मंदिरों पर अलाव जलाये जाने पर चर्चा हुई। महसमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बैठक के दौरान बताया कि, भारी ठंड को देखते हुए इंदिरानगर के प्रमुख मंदिरों में सुबह-शाम पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु रोजाना बड़ी संख्या में आते हैं, जिनके लिए अलाव की व्यवस्था के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखा है कि, मंदिरों में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को अलाव जलवाये जायें। इंदिरानगर के प्रमुख मंदिरों में भूतनाथ मंदिर, मुशीपुलिया पर हनुमान मंदिर, सेक्टर-9 में ईश्वर धाम मंदिर, सेक्टर-12 में ओंकारेश्वर मंदिर, पटेल नगर में ईश्वरधाम मंदिर, उमापति महादेव मंदिर ए ब्लॉक दयाल रेजीडेंसी, अर्द्धनारीश्वर महादेव मंदिर सी ब्लॉक दयाल रेजीडेंसी आदि प्रमुख मंदिरों के सामने अलाव जलाने का मुद्दा छाया रहा।

**मुख्यमंत्री योगी से मिले सीआईआई के प्रतिनिधि, राज्य में व्यापार और निवेश का बन रहा बेहतर माहौल**

# सीएम के नेतृत्व में यूपी बना निवेश के लिए भरोसेमंद मॉडल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बेहतर कानून व्यवस्था व स्थिर प्रशासनिक माहौल के चलते यूपी अब देश भर के उद्योग जगत की पहली पसंद बनता जा रहा है। सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्ष शासन ने निवेशकों का भरोसा प्रदेश में मजबूत किया है। इसके परिणामस्वरूप बड़े, मध्यम और छोटे तीनों सेगमेंट के उद्योग तेजी से उत्तर प्रदेश की ओर रुख कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री से भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष राजीव मेमानी, नई दिल्ली, उमाशंकर भरतिया, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, इण्डिया ग्लाइको लि., दिल्ली/नोएडा व सुनील मिश्रा ने मुलाकात कर निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का सिस्टम और गवर्नेंस मॉडल पूरी तरह बदला है। अब जमीन पर काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही हैं।



प्रतिनिधियों ने कहा कि समग्र रूप से बेहतर कानून व्यवस्था, सशक्त इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी प्रशासन और उद्योगों को मिल रहे सहयोग के चलते उत्तर प्रदेश एक विश्वसनीय और स्थिर निवेश राज्य के रूप में उभर रहा है। यही कारण है कि देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगपति आने वाले समय में यूपी में नए निवेश और विस्तार योजनाओं को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि तय मानी जा रही है।

### अ सख्त कानून-व्यवस्था ने बदला औद्योगिक वातावरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि सख्त कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश का औद्योगिक वातावरण पूरी तरह बदल दिया है। निवेश निर्णयों के लिए आवश्यक सुरक्षा और प्रशासनिक स्थिरता प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स हब तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के तेज विकास ने राज्य के औद्योगिक इको सिस्टम को नई मजबूती प्रदान की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुए विचार-विमर्श में यह भी सामने आया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अब केवल नीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह जमीन पर प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। प्रदेश सरकार की सिंगल-विंडो सिस्टम सेवा निवेश मित्र जहां वर्तमान में 43 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं उपलब्ध है, जहां भौतिक हस्तक्षेप के बिना समयबद्ध डिजिटल स्वीकृतियों के चलते प्रदेश में उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है। राज्य सरकार की प्रो-इंडस्ट्री नीति और त्वरित निर्णय क्षमता निवेश को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। इसी क्रम में उच्चीकृत निवेश मित्र 3.0 को जल्द लांच किया जायेगा जिसमें एआई व चैटबाट जैसी सुविधाओं से निवेशकों की निवेश यात्रा और आसान होगी ।

### नई कास्ट डाटा बुक 12 तक करना होगा लागू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा पूरे प्रदेश के लिए कास्ट डाटा बुक हो चुकी है। आयोग के निर्देशानुसार सभी बिजली कंपनियों को सॉफ्टवेयर अपडेट कर 12 जनवरी से पहले नई कास्ट डाटा बुक को हर हाल में लागू करना होगा। नए वर्ष के अवसर पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को एक बड़ा तोहफा दिया गया है। जिसको लेकर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से गत दिवस उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने अलग-अलग विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार सदस्य संजय कुमार सिंह व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा से नव वर्ष के उपलक्ष में मुलाकात कर कॉस्ट डाटा बुक के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया। प्रदेश के उपभोक्ताओं की तरफसे नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

# चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर यात्री ले सकेंगे आरजे बनने का अनुभव

**अडानी समूह ने रेडियो मिर्ची के सहयोग से शुरू किया लाइव रेडियो हब**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान से पहले आरजे बनने का अनुभव लेने के लिये हवाई यात्रियों के लिये अनूठी पहल की शुरूआत की गयी है।

इस पहल के जरिये हवाई अड्डे का संचालन करने वाले अडानी समूह के हर सफर के हमसफर अभियान के तहत यात्रियों को माइक तक लाने और उड़ान से पहले ही आरजे बनने का अनुभव लेने का मौका मिलेगा। इसके लिये समूह ने रेडियो मिर्ची के नो आरजे स्टूडियो के ज़रिए लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक लाइव और सहभागी रेडियो हब में बदल दिया है।



इस पहल के शुरू होने से उड़ान का इंतजार करने वाले यात्री न सिर्फ हवाई अड्डे की आवाज बनेगें बल्कि आरजे बनने का अनुभव ले सकेंगे। लाइव रेडियो हब शुरू होने के मौके पर कई यात्रियों ने अपनी निजी यात्रा कहानियां साझा कीं।

# प्रमुख सचिव नगर विकास ने परखी योजनाओं की हकीकत

**समस्त योजनाओं की प्रमुख सचिव नगर विकास ने की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रमुख सचिव नगर विकास, पी गुरू प्रसाद ने राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उक्त समीक्षा बैठक में निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे, विशेष सचिव, प्रवीन लक्षकार, वित्त नियंत्रक, संजीव गुप्ता, सहायक निदेशक, मोनिका वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान सहित विभाग के समस्त अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।



समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के सफल क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 में 17 लाख से अधिक आवास पात्रों को दिए हैं। योजना के प्रथम चरण में लम्बित 64 हजार से अधिक आवासों को जल्द से जल्द तय समय सीमा में पूरा किया जाए। इसके साथ ही प्रमुख सचिव नगर विकास ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की प्रगति का हाल भी जाना।

निदेशक सूडा ने बताया कि प्रदेश में अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत यूनिफाइड वेबपोर्टल के माध्यम से 23 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से चार लाख से अधिक आवेदनों के सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रमुख सचिव नगर विकास ने कहा प्रदेश के सभी स्थानीय शासी निकायों की आबादी के अनुरूप आवेदनों की संख्या के प्रतिशत का भी ध्यान रखा जाए। प्रमुख सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 में अब तक संपन्न हुई पांच सीएसएमसी की बैठकों में स्वीकृत आवासों का आंकड़ा भी जाना। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 के घटक एएचपी यानी किफायती दर पर आवास की प्रगति की समीक्षा भी की। जिन स्थानों पर एएचपी की प्रगति की गति धीमी है वहां पर प्राधिकरण व निजी डेवलपर्स के साथ ही नगर निगम व हाउसिंग बोर्ड से समन्वय बनाकर प्रोजेक्ट को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। लाइट हाउस प्रोजेक्ट यानी एलएचपी की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि जल्द से जल्द अवशेष कार्य पूरे कर लिए जाए।

# फैमिली आईडी से जुड़ी केंद्र व राज्य की 98 योजनाएं

समृद्धि न्यूज

**व्यवस्था व पारदर्शी, फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगाएगी फैमिली आईडी, 15.07 करोड़ लाभार्थियों को मिल रहीं सुविधाएं, 44 लाख लोगों ने किया आवेदन, अब तक 19 लाख से अधिक फैमिली आईडी कार्ड वितरित**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाये। प्रदेश सरकार द्वारा फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभार्थियों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इससे व्यवस्था पारदर्शी हुई है, फर्जी लाभार्थियों पर भी रोक लगाई जा सकेगी।

प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की 98 जनकल्याणकारी योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है। इसका सीधा लाभ प्रदेश के 15 करोड़ 7 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिल रहा है। फैमिली आईडी पोर्टल पर 44 लाख नागरिकों ने अब तक आवेदन किया है। शहरी क्षेत्र में लेखपाल और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत अधिकारी के माध्यम से बनाया जाता है। फैमिली आईडी प्रणाली के तहत एक ही पहचान संख्या से पूरे परिवार का विवरण उपलब्ध रहता है, जिससे योजनाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित तरीके से पात्र परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है।फैमिली आईडी कार्ड 12 अंकों का विशिष्ट पहचान नंबर होता है, जिसमें परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी दर्ज होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस व्यवस्था का उद्देश्य एक परिवारदूएक पहचान के सिद्धांत को लागू करना है ताकि पात्रता के आधार पर योजनाओं का स्वतः चयन हो सके और गड़बड़ी या दोहराव से बचा जा सके।फैमिली आईडी कार्ड लागू होने से नागरिकों को आय, जाति, निवास सहित अन्य प्रमाण पत्रों के लिए अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। फैमिली आईडी पंजीकरण के बाद विभिन्न योजनाओं के लिए जानकारियां डेटाबेस से स्वतः उपलब्ध हो जा रही हैं। इससे समय, धन और श्रम तीनों की बचत हो रही है। जो परिवार किसी कारणवश राशन कार्ड से वंचित हैं, वे भी फैमिली आईडी के माध्यम से सरकारी योजनाओं से जुड़ सकें।

### सीसीटीवी व्यवस्था के तहत की जा रही बाल गृहों व महिला शरणालयों की निगरानी

**लखनऊ।** निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर ने जानकारी दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा, संरक्षण तथा संस्थागत व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल की गई है। इसके तहत विभाग द्वारा संचालित बाल गृहों एवं महिला शरणालयों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी हेतु स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर का संचालन महिला कल्याण निगम, बंगला बाजार स्थित भवन में माह अप्रैल 2025 से 24म7 आधार पर किया जा रहा है। इस व्यवस्था के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के 60 बाल गृहों एवं 10 महिला शरणालयों, कुल 70 संस्थाओं, में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं।

# आंदोलन की तैयारी : 20 जनवरी को विधानसभा पर कर्मचारी डालेंगे डेरा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा कि प्रदेश में लगभग 35 लाख कर्मचारी हैं, जिसमें से 70 फीसदी कर्मचारी आंदोलन के लिए तैयार हैं एवं समर्थन कर रहे हैं । 50 फीसदी से अधिक कर्मचारियों की विधानसभा घेराव में शामिल होने की सहमति प्राप्त हो चुकी है।

संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने वरिष्ठ पदाधिकारी से विचार विमर्श करने के बाद प्रदेश में विभागों में कार्यरत संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्रियों को पत्र लिखकर 20 जनवरी के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है। 2025 का वर्ष कर्मचारियों के लिए निराशाजनक वर्ष रहा। 2025 में सरकार ने संवेदनहीनता की हदें पार कर दी। लगातार अनुरोध के बावजूद भी कर्मचारी संगठनों से कोई वार्ता नहीं हुई। पुरानी पेंशन की बहाली, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटाया जाना, नगर प्रतिकर भत्ता की बहाली, रिक्त पदों पर नियुक्तियां एवं पदोन्नतियां, वेतन विसंगतियां, आउटसोर्स कर्मचारी का न्यूनतम मानदेय लागू किया जाना, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, वर्कचार्ज दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण, पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण, परिवहन निगम का निजीकरण बंद किया जानाआदि ज्वलंत मुद्दे 2025 में उपेक्षित रहे हैं।

# माघ मेला नहान पर्व पर प्रयाग जंक्शन व फाफामऊ स्टेशन पर यात्री प्रबंधन का हुआ सफल संचालन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में माघ मेला-2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए प्रयाग जंक्शन तथा फाफामऊ पर यात्री प्रबंधन का सुचारु, सुरक्षित एवं सफल संचालन सुनिश्चित किया गया।

3 जनवरी को निरीक्षण करने पहुंचे श्री वर्मा द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु मंडल में कुल 08 मेला विशेष व रिंग रेल ट्रेनों का संचालन किया गया। स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का व्यापक प्रबन्ध किया गया, जिसके अंतर्गत होल्डिंग एरिया, सुव्यवस्थित प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, अतिरिक्त टिकट काउंटर, कैटरिंग स्टॉल, एम-यूटीएस सुविधा, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म प्रबंधन, निरंतर साफ-सफाई तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पूरे स्टेशन परिसर की सतत एवं प्रभावी निगरानी इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर के माध्यम से की गई। इसके साथ ही आपातकालीन प्रबंधन को सुदृढ़ रखते हुए भीड़ नियंत्रण, यात्री मार्गदर्शन, स्पष्ट संकेतक व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधाओं का समुचित एवं समन्वित प्रबंध किया गया। माघ मेला अवधि के दौरान अतिरिक्त भीड़ नियंत्रण हेतु प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, वाराणसी, अयोध्या कैंट एवं अयोध्या धाम स्टेशनों पर कुल 440 अतिरिक्त वाणिज्यिक (कमर्शियल) स्टाफ की तैनाती की गई। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए प्रयाग जंक्शन, अयोध्या एवं वाराणसी में कुल 400 आरपीएफ जवान तैनात रहे।



**उन्नति**

**एआई सिटी दो हिस्सों में होगी विकसित, 60 प्रतिशत क्षेत्र को कोर जोन के रूप में किया जाएगा विकसित**

# देश के बड़े तकनीकी व डिजिटल केंद्र के रूप में उभर रहा यूपी

**लखनऊ में एआई सिटी बनेगी वैश्विक टेक हब**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश देश के बड़े तकनीकी और डिजिटल केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जिस दूरदर्शी विकास मॉडल को अपनाया गया है, उसका अगला बड़ा गंतव्य लखनऊ में प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिटी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता के नाम अपने पत्र में भी एआई सिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया था। यह प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश की आर्थिक दिशा को नई गति देने के साथ-साथ प्रदेश को वैश्विक टेक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाने का भी काम करेगा। एआई सिटी को दो हिस्सों में विकसित किया जाएगा। लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र को कोर जोन के रूप में विकसित किया जाएगा जहां एआई इनोवेशन सेंटर, टेक पार्क और रिसर्च सुविधाएं होंगी। शेष 40 प्रतिशत क्षेत्र में रेजिडेंशियल, कमर्शियल और सामाजिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



योगी सरकार का लक्ष्य, अगले पांच साल में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसके लिए आईटी-आईटीईएस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित और स्थापित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने इसी सोच के अंतर्गत लखनऊ में एआई सिटी को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने की योजना बनाई है, जिससे प्राइवेट इन्वेस्टमेंट और सरकारी सहयोग का संतुलित ढांचा तैयार हो सके।

लखनऊ की एआई सिटी को एक समर्पित व आत्मनिर्भर टेक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पर अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स, हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई रिसर्च लैब्स, स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर और ग्लोबल टेक कंपनियों के लिए आधुनिक वर्क प्लेस उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका उद्देश्य भारतीय और वैश्विक एआई कंपनियों को एक ही स्थान पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे कि वे त्वरित गति से अपनी परियोजनाओं को विकसित और विस्तारित कर सकें। यह परियोजना लखनऊ को टॉप-20 ग्लोबल एआई हब्स में शामिल करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। राजधानी होने के साथ-साथ लखनऊ की शैक्षणिक और तकनीकी क्षमता इस दिशा में एक बड़ी ताकत है। आईआईएम लखनऊ और आईआईआईटी लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पहले से ही यहां मौजूद हैं, जो रिसर्च, इनोवेशन और स्किल डेवलपमेंट में विशेष भूमिका निभाने का काम कर रहे हैं। आईटी विशेषज्ञों का कहना है कि एआई सिटी इन संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर एक मजबूत टैलेंट पूल तैयार करेगी। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि एआई सिटी के माध्यम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन के अवसर बनेंगे।

# ढाईघाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

- फर्रुखाबाद व शाहजहांपुर दो जिलों के प्रशासन की देखरेख में माघ मेला ढाईघाट में अव्यवस्थाएं हावी, कड़ाके की ठंड में भी नहीं दिखे कहीं अलाव
- शाहजहांपुर जिला पंचायत प्रशासन को इस मिनी कुंभ मेले में तहबाजारी व पशु मेले से बिक्रीत पशुओं के रजिस्ट्रेशन से होती है लाखों की आय



**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद/शाहजहांपुर जिलों की सीमा पर स्थित ढाईघाट गंगातट पर मिनी कुंभ माघ मेला रामनगरिया शुरू हो गया है। मेले के प्रथम प्रमुख पर्व पौष पूर्णिमा के पावन पर्व पर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे में भी श्रद्धालुओं की श्रद्धा गंगा मैया के प्रति कम नहीं हुई। मेले का अगला प्रमुख पर्व मौनी अमावस्या 18 जनवरी को है।

इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने ठंड से कांपते हुए बर्फ की तरह ठंडे गंगाजल में हर हर गंगे के उदघोष के साथ पतित पावनी गंगा मैया में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। जिला पंचायत शाहजहांपुर के प्रबंधन और फर्रुखाबाद प्रशासन की निगरानी में शुरू हुए ढाईघाट के इस प्राचीन मेले में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड में भी मेले में कहीं अलाव की व्यवस्था नहीं दिखाई दी। जिला पंचायत के एक बाबू ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए इस बार शाहजहांपुर जिला पंचायत प्रशासन ने 70 लाख से अधिक का बजट आबंटित किया है। इस मेले में तहबाजारी और पशु मेले में बिकने वाले पशुओं के रजिस्ट्रेशन से जिला पंचायत को लाखों की आय होती है। बाबजूद इसके मेले के प्रथम पर्व पौष पूर्णिमा पर पेयजल, सफाई, बिजली, मेले में आवागमन के लिए सड़कों की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। मेले में दोनों जिलों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त वीआईपी टेंट लगाए गए हैं। जबकि श्रद्धालुओं के लिए फिलहाल रैन बसेरा तक नहीं बनाया गया है।

मेले के प्रमुख पर्वों पर जाम आदि की व्यवस्था को रोकने के लिए फर्रुखाबाद प्रशासन ने मेले के प्रवेश द्वार से लगभग डेढ़ किलोमीटर पहले ही आम श्रद्धालुओं के भारी और चार पहिया वाहनों की पार्किंग करवा दी गई। सिर्फ वीआईपी वाहनों और दुपहिया वाहनों को ही मेले में प्रवेश करने की अनुमति फर्रुखाबाद प्रशासन ने दी है। फिर भी मेले से लगभग एक किलोमीटर पहले पर्व स्नान करने आने वाले वाहनों से जाम लग गया। जिसे व मुश्किल फर्रुखाबाद जिले के पुलिसकर्मियों ने खुलवाकर यातायात सुचारू करवाया। मेले में प्रसाद,खेल खिलौना, श्रृंगार सामग्री, मिठाई, चाट पकौड़ी, किराना, कपड़ा सहित घरेलू उपयोग के सामान की दुकानें बड़ी संख्या में लग रहीं है। इसबार मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए मानक के विपरीत बड़ा झूला, मिक्की माउस, बच्चों की ट्रेन, चरखी आदि बड़ी संख्या में लगाए गए हैं। जिनसे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## एसपी ग्रामीण ने की श्रद्धालुओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने की अपील

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद फर्रूखाबाद के थाना शमसाबाद क्षेत्रान्तर्गत आयोजित होने वाले माघ मेला ढाईघाट के दृष्टिगत शनिवार को एसपी के निर्देशन में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे द्वारा थाना मिर्जापुर पुलिस के साथ मेला में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा मेला में आने-जाने वाले मार्गों, प्रमुख चौराहों एवं संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थानों का अवलोकन किया गया। एसपी ग्रामीण द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम, सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतते हुए प्रभावी पुलिसिंग करने, श्रद्धालुओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### खाटू श्याम दर्शन से लौटते समय दर्दनाक हादसा ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा हवेली निवासी एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। युवक अपने गांव के ही कुछ लोगों के साथ फोर व्हीलर गाड़ी से खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए गया था। दर्शन कर वापस लौटते समय यह घटना घटित हो गई। जानकारी के अनुसार देवेंद्र पुत्र रामकृपाल 26 वर्ष गांव के कुछ लोगों के साथ खाटू श्याम दर्शन करने गए थे। वापस लौटते समय शनिवार सुबह फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली रेलवे फाटक बंद होने पर सभी लोग गाड़ी से नीचे उतर गए। इसी दौरान देवेंद्र शौच के लिए रेलवे ट्रैक के पास चला गया। अचानक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उनकी हालत नाजुक थी। तत्काल साथ के लोगों ने देवेंद्र को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। देवेंद्र की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और घर में कोहराम मच गया। देवेंद्र अपने पीछे पत्नी पिंकी और तीन वर्षीय मासूम पुत्र अमोल को छोड़ गया हैं, जिनका रो–रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया।

### ढाईघाट माघ मेले के प्रथम पर्व पौष पूर्णिमा पर ही गंगाघाटों की सफाई की खुली पोल



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** माघ मेला ढाईघाट के पहले ही प्रमुख पर्व पौष पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर गंदगी के अंबार लगे देखे गए। हद तो तब हो गई,जब गंगाघाट पर एक मृत पशु उतरा रहा था। जिससे श्रद्धालुओं में गंगा की सफाई को लेकर तरह तरह के सवाल उठाए जा रहे थे। श्रद्धालुओं ने गंगाघाट पर पशु का शव उतराते हुए देखकर रोष व्यक्त करते हुए सूचना जिला पंचायत के कैंप कार्यालय में दी। तब जिला पंचायत के कर्मचारियों ने सफाईकर्मियों को बुलाकर पशु के शव को गंगाघाट से निकलवाकर जमींदोज करवाया। गंगा की सफाई को लेकर शासन प्रशासन और जिला पंचायत दावे तो बड़े बड़े कर रहा है। किंतु गंगा में गंदगी से श्रद्धालुओं को बहुत दिक्कत हो रही है। जिला पंचायत कर्मचारियों का कहना है कि रात के अंधेरे में कहीं से पशु का शव बहकर आ गया है। जिसे हटवा दिया गया है।

### सीनियर सिटीजन की बैठक आज

सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की मासिक बैठक आज रविवार को दोपहर 12 :30 बजे एसपी हिन्दू इंटर कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग में होगी। जिसमें सभी पदाधिकारी, सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। जानकारी अध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव ने दी।

### मारपीट कर मोबाइल छीनने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव के व्यक्ति ने गांव के ही व्यक्ति पर मारपीट कर मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव जार मानो निवासी रोहित पुत्र प्रेमचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को गांव का ही प्रमोद पुत्र सुरजन शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था । जब उसे गाली गलौज करने से मना किया तो वह मारपीट पर आमादा हो गया। इसी दौरान उसने मेरा मोबाइल छीन लिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चला गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### पुरानी रंजिश में खेत में रखे भूसे-गेहूं में लगाई आग, मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना मदनापुर क्षेत्र में खेत में रखे भूसे और गेहूं में आग लगाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना ग्राम चठिया पठिया की है, जहां आगजनी से पीड़ित परिवार को करीब 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित जमील खां के अनुसार उनके भाई जहीर खां के खेत में लगभग 50 क्विंटल भूसा और ढाई क्विंटल गेहूं रखा था। आरोप है कि 9 दिसंबर की शाम करीब पांच बजे गांव के ही अशफाक पुत्र मुश्ताक और फरजंद पुत्र मुश्ताक ने पिपिया से तेल डालकर भूसे के ढेर में आग लगा दी। आरोप है कि नाबालिग रशितफाक ने भी इस घटना में उनका साथ दिया।घटना के समय अकबरी बेगम, जानवी बेगम, मुन्नी बेगम और सगीर खां मौके पर मौजूद थे। महिलाओं द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आग लगने से भूसा और गेहूं पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सर्राफ की दुकान से 25 लाख के जेवरात की चोरी

**तिलहर – शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** सराफा दुकान से करीब 25 लाख रुपए के जेबरात की चोरी की जानकारी होने पर दुकान स्वामी ने दुकान के नौकर के खिलाफ तहरीर दी है। नवागत कोतवाल जुगल किशोर पाल ने नौकर व उसके कई साथियों के साथ ही एक सराफा व्यापारी को भी पूंछताछ के लिए कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं उक्त मामले को रफ़ा दफा करने के लिए कुछ दलाल सक्रिय होने की जबरदस्त चर्चा है। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला दातागंज निवासी शैलेन्द्र अग्रवाल की बाजार बिरियागंज में सराफा की दुकान है। उनके यहां पहुंचे ग्राहक की बजनदार जेवरात की मांग पर उन्होंने जब लॉकर खोला तो उक्त जेबरात गायब थे। वहीं उनकी दुकान का नौकर भी कई दिन की छुट्टी कर गया था। शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जांच पड़ताल की तो दुकान से लाखों की कीमत के अन्य सोने के करीब 180 ग्राम वजन के जेवरात गायब थे। जिनकी कीमतें करीब 25 लाख रुपए है। दुकान स्वामी ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को देते हुए बताया कि उनकी दुकान पर गांव कमलापुर निवासी एक नौकर अक्टूबर महीने से काम कर रहा था। जो 26 दिसंबर से दुकान पर नहीं आ रहा है। जेवरात चोरी की घटना से पुलिस में भी हड़कंप मच गया। चर्चा है कि बीते दिन ही पुलिस ने उक्त नौकर को हिरासत में ले लिया था। लेकिन तमाम पहरे के बाबजूद वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। किसी तरह पुलिस ने उसे फिर धर दबोचा। पड़ताल में सामने आया कि उक्त नौकर साथियों के साथ नैनीताल के सैर सपाटे पर निकल गया था। यह भी खुलासा हुआ कि उसने कटरा में एक सराफ की दुकान पर कुछ जेवरात गिरवीं रखे थे। उक्त युवक की निशान दही पर पुलिस ने गिरवीं रखने वाले सराफ को भी हिरासत में ले लिया है। वहीं आरोपी के कई साथी भी कब्जे में लेकर पूंछताछ जारी है। पुलिस ने समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। आरोपी के साथियों को छुड़ाने के लिए कटरा क्षेत्र के कई दलाल सक्रिय हो गए हैं।

## परामर्श केंद्र ने एक दम्पति को राजी खुशी किया विदा



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद में किया गया। जिसमें 8 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 1 दम्पति को विदा किया गया। थाना रामचंद्र मिशन जनपद के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। परामर्श केंद्र पर आवेदिका ने बताया मेरे पति किसी अन्य लड़की से फोन पर बात करते हैं, जब मैंने अपने पति से कहा तो मेरे पति ने मेरे साथ मारपीट की थी। इसी बात से नाराज होकर में अपने नानी के घर चली गई।आवेदिका 10 दिन से अपने मायके में रह रही है दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और पक्षों की आपसी वार्ता कराई गई। दोनों पक्षों को समझाया गया तो वह एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैं। जिसके बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी महिला उप निरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका,महिला आरक्षी बबीता देवी महिला आरक्षी पिंकी, आरक्षी साकेत आदि मौजूद रहे।

## कोहरे में बरते सावधानी, जिंदगी से समझौता नहीं : एआरटीओ



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** कोहरे की घनी चादर में की गई एक छोटी सी गलती बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। जिससे आपकी और दूसरों की जान जोखिम में पड़ जाती है। कोहरे में वाहन सुरक्षित चलाएं और परिवहन विभाग की जारी एडवाइजरी का पालन करने के लिए एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है। उन्होंने कहा कि सड़क पर रफ्तार दिखाने के बजाय धैर्य रखें, क्योंकि कोहरे में दिखाई न देने वाला मोड़ या वाहन जानलेवा साबित हो सकता है। कोहरे में सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। कोहरे में एक गलती से बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए तेज रफ्तार से बचे, सुरक्षित दूरी बनाएं रखें, लो–बीम, फॉग लाइट का सही उपयोग करे। इससे आप हादसे से बच सकते हैं।

## पुवायां मंडी में धान क्रय केंद्रों पर अन्य राज्यों व जिलों के किसान बेच रहे धान

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- क्षेत्रीय किसान मिलो व आढ़तों पर औने पौने दामों पर बेच चुके हैं धान
- भाकियू टिकैत गुट ने केंद्र प्रभारियों पर लगाए गंभीर आरोप

धान की पैदावार में अव्वल चल रही पुवायां तहसील इस बार सरकारी क्रय केंद्रों की खरीद में भी रिकार्ड बना रही है। कारण है कि क्षेत्र के किसानों ने तो अपना धान राइस मिलों और आढ़तों पर औने पौने दामों में बिक्री कर दिया। अब किसानों के पास धान नहीं बचा है लेकिन मंडी में लगे क्रय केंद्रों पर बिना तौल के सरकारी धान खरीद उड़ान भर रही है। खास बात है कि इस समय जिन किसानों के दम पर खरीद बढ़ाई जा रही है वह लोकल के नहीं बल्कि सैकड़ों किलोमीटर दूर हरियाणा, कोलकाता, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत के रहने वाले हैं। जिनके खातों में लाखों रुपये का भुगतान भेजा गया है। धान खरीद में हो रहे फर्जीवाड़े पर भाकियू ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पुवायां की नवीन गल्ला मंडी में धान खरीद को प्रशासन की ओर से 17 केंद्र लगाए गए हैं। भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने बताया कि इन दिनों मंडी गेट पर सन्नाटा पसरा हुआ है जबकि आरएफसी क्रय केंद्र तीन नंबर पर धान खरीद में 13 दिसंबर को लखीमपुर-खीरी जिले के एक व्यक्ति से 30.40 क्विंटल, 26 दिसंबर को लखनऊ निवासी महिला से 72.40 क्विंटल खरीद के आंकड़े दर्शाए गए हैं। इसी तरह आरएफसी चार नंबर खरीद केंद्र पर कोलकाता के व्यक्ति के नाम 17 दिसंबर को 242.80 क्विंटल व 20 दिसंबर को 104 क्विंटल खरीद दर्शाई गई। वहीं आरएफसी पांच नंबर केंद्र पर मनमानी बरती जा रही है यहां केंद्र प्रभारी ने हरियाणा निवासी एक व्यक्ति के नाम 26 दिसंबर को 212 क्विंटल धान खरीद कर ली गई। जबकि आरएफसी सात नंबर पर 15 दिसंबर को लखनऊ की महिला से 32.40 क्विंटल व जलालाबाद के एक व्यक्ति से 22 दिसम्बर को 180 क्विंटल धान खरीदा गया। हालांकि यदि बात करें आरएफसी आठ नंबर की तो यहां 11 दिसंबर को लखीमपुर-खीरी जिले के मोहम्मदी तहसील के व्यक्ति ने 45.60 क्विंटल धान बेंच दिया। 26 दिसंबर को सदर तहसील के एक व्यक्ति के 96.80 क्विंटल धान की खरीद दर्शाई जा रही है। वही डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे ने बताया कि अन्य जिलों एवं राज्यों के किसानों का पंजीकरण नहीं हो सकता है। यदि कोई व्यक्ति अन्य जिले एवं राज्य में रहने चला गया है और उसकी जमीन यहां है तो उसका धान क्रय केंद्रों पर खरीदा जा सकता है।

## बार संघ के पूर्व अध्यक्ष व बेटी पर हमला

- सीट को लेकर हुआ विवाद आरोपी पूर्व मुंशी फरार



**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के साथ उनके साथ मुंशी रहे युवक द्वारा अभद्रता व मारपीट किए जाने से वकीलों में हड़कंप मच गया। वकीलों के एकत्र होने पर आरोपी मुंशी भाग गया। पूर्व अध्यक्ष ने युवक पर मारपीट कर रुपए लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिवपाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि वह शनिवार पूर्वान्ह करीब 11 बजे अपनी बेटी पूजा सिंह की वकालत की तहसील में सीट बनवा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके साथ पूर्व में बैठने बाला मुंशी आया और सीट बनाए जाने का विरोध करते हुए गाली गलौज करने लगा। जब उन्होंने विरोध किया तो युवक ने फावड़े से उनके ऊपर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की। आरोप लगाया कि उनकी जेब से ढाई हजार रुपए भी उसने निकाल लिए ।

बेटी पूजा सिंह उन्हें बचाने आई तो उसने उसके भी बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। मारपीट के बाद तमाम वकील कोतवाली पहुंचे और उन्होंने आरोपी को पकड़ने के लिए जमकर हंगामा काटा। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने वकीलों को शांत किया और आरोपी पकड़ने का आश्वासन दिया। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

## केकेआर बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजर को आईपीएल से बाहर करने की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत राष्ट्रवादी नौजवानों का गैर राजनीतिक सामाजिक अपना संगठन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारत विकास कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय हरदयाल कुशवाहा पूर्व विधायक जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र ने मीडिया को बयान दिया कि बीसीसीआई का निर्णय पूरे देश के जन जन की मांग है, केकेआर को बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजर

को आईपीएल से बाहर कर उसकी संबद्धता खत्म करनी चाहिए। यह सबक होगा बांग्लादेश के उन कट्टरपंथियों के लिए,जो निर्दोष हिन्दू अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार कर रहे हैं। साथ ही यह भी मांग है कि केकेआर के मालिक शाहरुख खान की फ़िल्मों को सेंसर बोर्ड द्वारा प्रतिबंधित कर देना चाहिए। जोकि देश की जनभावनाओं की न समझे उसे यह देश अपना हीरो क्यों माने, भारत सरकार को इस विषय का संज्ञान लेकर केकेआर पर वैधानिक कार्रवाई अमल में लानी चाहिज।आईपीएल में बांग्लादेश के किसी भी खिलाड़ी को यह देश बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगा। हमारे देश के राष्ट्रवादी अल्पसंख्यकों ने देश को एक नई गति दी है हमारे देश के अल्पसंख्यक को उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रवादी देशभक्त की भावना को आगे बढ़ना चाहिए। जिसमें प्रमुख रूप से मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम, वीर अब्दुल हमीद, अशफाक उल्ला खान है, हम सब लोगों को मिलकर देश की एकता को और मजबूत करना है, आदेश की एकता को खंडित करने वालों को मुंह तोड़ जवाब देना है।

## हत्या की वारदात में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना कांट क्षेत्र में हत्या की एक गंभीर वारदात का सफल अनावरण करते हुए थाना कांट पुलिस ने वांछित नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के सतत मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कांट के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 449/25 धारा 103(1)/3(5) ब्नह्स से संबंधित अभियुक्त जाबिर अली उर्फ जाबीर को गिरफ्तार करने में सफलता प्रास की है। यह गिरफ्तारी दिनांक 03 जनवरी को समय लगभग 10.05 बजे नहर कोठी पुलिया के पास से की गई। घटना 21 अक्टूबर 2025 की है, जब ग्राम सफ्त्यारा निवासी वादिनी जोगवती की तहरीर पर अभियुक्तों द्वारा उनके पुत्र ओमकार की लाठी डंडों से पीटकर हत्या किए जाने का अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पुरानी रंजिश के चलते उक्त हत्या की गई थी। घटना के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## जय भारत संस्था ने कारागार में किया सुंदरकांड पाठ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला कारागार परिसर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्था जय भारत द्वारा विशाल सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में संस्था द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस वर्ष इस आयोजन के 21 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष उत्साह एवं धार्मिक वातावरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुंदरकांड पाठ के दौरान कारागार परिसर भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया, जिसमें लगभग 1000 बंदियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम एफआर अरविंद सिंह रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर जय भारत संस्था की सराहना की तथा बंदियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश जाता है। इसी अवसर पर पूर्व में आयोजित नगर स्तरीय जय भारत क्विज में चयनित 11 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जय भारत यूथ अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में तक्षशिला पब्लिक स्कूल, आकांक्षा इंटर कॉलेज, डॉक्टर सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज, बिहारी लाल सरस्वती विद्या मंदिर, संजय कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज, मसूरी इंटरनेशनल स्कूल के आयुष सक्सेना, दिव्यांश सक्सेना, निहाल प्रजापति, समीर भारद्वाज, आकाश मिश्रा, प्रतीक मिश्रा, अंशिका सक्सेना, अंशिका वर्मा, हृदयांश गुप्ता एवं कृष्ण सक्सेना शामिल रहे। संस्था के अध्यक्ष राजीव कृष्ण अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कारागार केवल बंधन का स्थान नहीं बल्कि शासन द्वारा समाज सुधार की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जहां बंदियों को आत्मचिंतन, प्रभु स्मरण एवं अच्छे साहित्य के अध्ययन से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अवसर मिलता है। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने भी आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव डॉक्टर मयंक पांडे, युवा शाखा अध्यक्ष हरिहर पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी भक्त एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## चित्रगुप्त स्टडी प्वाइंट नववर्ष का उत्साह



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मक्कू बजरिया स्थित चित्रगुप्त स्टडी प्वाइंट में नव वर्ष 2026 शुभारंभ का सेलिब्रेशन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कैंट बोर्ड के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट गजेन्द्र गंगवार मौजूद रहे। बच्चों ने खूब हर्षोल्लास के साथ डांस, स्पीच आदि प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को गिफ्ट भी दिया गया।

साथ ही मौजूद सभी बच्चों को श्री गंगवार ने गिफ्ट बांटे। इस दौरान काफी उत्साह देखने को मिला। उत्साह बर्धन के क्रम में मुख्य अतिथि और मौजूद शिक्षक ने जोरदार शायरियों और प्रेरणादायक बातों से बच्चों में लक्ष्य को पूरा करने का जुनून जगा दिया। कार्यक्रम के दौरान गजेन्द्र गंगवार, आदर्श मिश्रा, ईशु प्रजापति, अभिषेक, अभि, प्रतीक राधिका, साक्षी, अनुभि, गुंजन, अनन्या, मानवी, निमिषा समेत अधिक संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का चुनाव सीएचसी पुवायां में सम्पन्न

- बृजेश मिश्रा अध्यक्ष व विवेक वर्मा बने तहसील मंत्री
- संजय कनौजिया ब्लाक अध्यक्ष व ग्रिजेश बने मंत्री

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद तहसील पुवायां के तहसील ईकाई व ब्लाक ईकाई का चुनाव सीएचसी पुवायां पर सम्पन्न हुआ। चुनाव में तहसील अध्यक्ष बृजेश मिश्रा व तहसील मंत्री विवेक कुमार वर्मा को पुनः निर्विरोध चुना गया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के चुनाव में तहसील ईकाई पुवायां के अध्यक्ष पद के लिए बृजेश मिश्रा,मंत्री पद के लिए विवेक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सुभाष पाण्डेय,,कोषाध्यक्ष पद के लिए साजिद खान व संप्रेक्षक के पद के लिए प्रेमचन्द वर्मा द्वारा जबकि ब्लाक ईकाई पुवायां के अध्यक्ष पद के लिए संजय कनौजिया, मंत्री पद के लिए ग्रिजेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ कपिल कुमार,कोषाध्यक्ष पद के लिए अजय वर्मा व संप्रेक्षक के लिए हरिओम वर्मा पर्चा दाखिल किया गया। लेकिन किसी दूसरे प्रत्याशियों द्वारा पर्चा दाखिल न करने के कारण चुनाव अधिकारी दिनेश चन्द्र सक्सेना द्वारा उक्त प्रत्याशियों को निर्विरोध घोषित कर दिया गया।कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष जयपाल कनौजिया,मंत्री विजय कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष यूपीडीपीए आशीष भदौरिया, जिलाध्यक्ष रोडवेज संघ राजेश पांडे,जिला मंत्री एनएचएम संघ विनीत पांडे सहित डॉ रामकुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ शांति माथुर, डॉ शिवांगी, डॉ प्रदीप कटियार, डॉ गोपाल दास, डॉ आशुतोष, डॉ तुषिता, डॉ डॉ दीक्षा, राजीव शुक्ला,शशि वर्मा सहित तमाम विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व सीएचसी पर नववर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ एक लक्ष्य बनाकर कार्य करने का गुरु मंत्र दिया।

## खबरें एक नजर में

### जरुरतमंदों की मदद के लिए लायंस क्लब ठंड में चला रहा मुहिम : ललिता



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति की अध्यक्ष लायन ललिता यादव द्वारा निरंतर भीषण ठंड में जरुरतमंदों की सेवा के लिए कार्य किया जा रहा है। ललिता यादव ने शनिवार को ठंड में मंदिर के बाहर लोगों को चाय और बिस्किट वितरण तथा आवारा पशुओं को भी खाना खिलाया। इसके साथ ही ठंड से राहत दिलाने के लिए अलाव भी जलवाया। ललिता ने बताया कि उनके क्लब द्वारा निरंतर ठंड से बचाव को अलाव, कंबल वितरण किया जा रहा है। हर जरुरतमंद की मदद मानव का सबसे बड़ा धर्म होता है, इसलिए अपनी समाजसेवा के जरिए हमेशा नेक काम करते रहना चाहिए।

### जरूरतमंदों की सेवा करना सच्ची मानवता : जेल अधीक्षक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जेल में शुक्रवार को संकल्प जनसेवा संस्थान दलेलगंज की अध्यक्षा प्रीति गुप्ता, रम्मन गुप्ता, संगीता यादव, रिचा गुप्ता, पंकज टंडन, अजय मिश्रा, राजभूषण जौहरी, पूनम मिश्रा द्वारा जेल में निरूद्ध बन्दियों के जीवन को बेहतर बनाने हेतु कड़ाके की ठंड के मद्देनजर महिला कैदियों को गर्म शाल, गर्म कपड़े व उनके साथ रह रहे बच्चों को बिस्कुट व गर्म कपड़े वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम जेल में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ठंड से महिला कैदियों को राहत पहुंचाना था। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी, अनिल कुमार विश्वकर्मा, प्रभारी कारापाल तथा उप-कारापाल व अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक द्वारा उपस्थित व्यक्तियों और बंदियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा समाजसेवियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सच्ची मानवता है और ऐसे कार्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

### बच्चों के विवाद में पति-पत्नी को पीटा

**समृद्धि न्यूज, कलान, शाहजहांपुर।** थाना कलान क्षेत्र के गांव जाखिया निवासी महिला मिथिलेश पत्नी आमोद ने क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय को प्रार्थना पत्र देने के बाद शनिवार दिन के 11:00 बजे बताया कि शुक्रवार दोपहर के 11-00 बजे पड़ोस के ही सुरेश पुत्र पोथीं राम व उनकी पत्नी मीना तथा उसका पुत्र रंजीत उनके बच्चों के साथ बेवजह गाली गलौज करने लगा जब उन्होंने इसका विरोध किया तभी आरोपी लाठी डंडे कुल्हाड़ी एवं ईटा पत्थर लेकर आ गए महिला मीना ने ईटा फेंक कर मारा जिससे मिथिलेश के पैर में चोट आ गई वहीं उसके पति के पैर में चोट लगी. पीड़ित महिला का आरोप है कि पुलिस में पीड़ित को ही थाने में बैठा लिया है जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।पीड़ित जब थाने में शिकायत करने गई तो पुलिस ने प्रार्थना पत्र नहीं लिया,उल्टा और कहा कि तुम लोग झूठ बवाल बनाकर यहां चले आते हो उसके बाद महिला इलाज के लिए अस्पताल चली गई। वहीं दूसरेपक्ष से मिली भगत से पुलिस ने उनके पति को झूठा आरोप लगाकर थाने में बैठा लिया और उनको नहीं छोड़ा. महिला ने बताया कि उनको जमीन पर पहले से ही बुनियाद भरी हुई है और पड़ोसी उसे पर निर्माण नहीं करने दे रहे हैं जिस कारण उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है महिला ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है महिला सीईओ को कुल्हाड़ी व डंडे से मारपीट करने का आरोपियों का वीडियो भी दिखाया है। बस वही इस संबंध में थाना प्रभारी शिवदीन ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है और इस मामले की जानकारी करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### कलान से दो नाबालिग किशोरियां लापता परिजनों ने थाने पर दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज, कलान, शाहजहांपुर।** थाना कलान क्षेत्र में दो नाबालिग किशोरियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।परिजनों ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दोनों किशोरियां 3 जनवरी को घर से निकली थीं। जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लगा है। घटना के बाद से दोनों परिवार परेशान है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री 3 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने पर पता चला कि उसके साथ एक अन्य व्यक्ति की 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री भी थी।उसने पुलिस को बताया कि दोनों लड़कियों को कलान कस्बे तक साथ आते देखा गया था लेकिन उसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आ रहा है। पिता का आरोप है कि जब वह उस नंबर पर बात करते हैं तो फोन करने वाला व्यक्ति अपनी पहचान छिपा रहा है और सही नाम-पता नहीं बता रहा है।इस संदिग्ध कॉल के बाद अनहोनी की आशंका और गहरा गई है। गौरतलब है कि कलान थाने की कमान संभालते ही नवागत थाना प्रभारी शिवदीन के सामने यह गंभीर चुनौती आ खड़ी हुई है। उन्होंने कल ही कार्यभार ग्रहण किया था और आज लापता दो नाबालिगों की बरामद करने की बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। पीड़ित पिताओं ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बेटियों की सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### बार संघ चुनाव की अधिसूचना जारी, 14 जनवरी को मतदान

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहाँपुर।** बार संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता परिषद ने शुक्रवार को चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही बार संघ चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के बाद अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद चंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची का शुक्रवार को प्रकाशन करा दिया गया है। नई मतदाता सूची में कुल 192 अधिवक्ताओं के नाम शामिल किए गए हैं, जिन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस बार अध्यक्ष और महासचिव सहित कुल आठ पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार छह और सात जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। आठ जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच कर आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद नौ जनवरी को नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होगी। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 14 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। मतदान का समय सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर तीन बजे तक निर्धारित किया गया है। भाग लेने की अपील की है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन शाम तक मतों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। पूरी चुनावी प्रक्रिया वरिष्ठ अधिवक्ता परिषद की देखरेख में तथा बार काउंसिल के बाइलाज के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की।

### ई-बसें बड़ी मुसीबतें, इनकम नाममात्र, ऊपर से लगा रहीं जाम

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** शासनादेश आने के बाद ई-बसों का संचालन पुवायां, कांट, निगोही व जलालाबाद रुटों पर आनन फानन में बंद किए जाने के बाद दो माह से ई-बसों का संचालन महानगर की सड़कों पर ठीक से न हो पा रहा है। न सवारियां मिल पा रही है और न ही इनकम 8-10 हजार रुपए ऊपर आ पा रही है। ऊपर से सड़कों पर ई-बसों के जाम लगने से व्यापारियों, स्कूली बच्चों व आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यूं कहे कि ई-बसें पांच रुटों पर महागनर में चलाई तो जरूर जा रही है, लेकिन रोजाना जाम के सिवा कुछ भी नहीं हो पा रहा है। वही दूसरी ओर जिन लोगों के स्मार्ट कार्ड बने थे, उनके रुपये हजारों की संख्या में फंसे हुए हैं। जिस कारण यात्रियों में काफी रोष व्याप्त है। इस बाबत जब सिटी बस प्रबंधक मोहम्मद हुमायूं लारी से वार्ता की गई, तो उनका कहना है कि 10 दस बसें अगर पुवायां रुट टर चलने की आरएम हरदोई से परमीशन मिल जाए, तो इनकम भी बढ़ेगी और जाम की समस्या भी दूर होगी। सिटी बस प्रबंधन इसके लिए परिवहन विभाग को एडिशनल टैक्स भी भरने को तैयार है, दस बसों का एक माह में 1.50 लाख एडशिनल टैक्स होगा। जोकि एआरटीओ को सिटी बस प्रबन्धन देगा। इसके लिए आरएम हरदोई से वार्ता की जाए, तो विकल्प निकल सकता है। अभी मात्र 8-10 हजार रुपए इनकम ही हो पा रही है। जब से ई-बसें बंद है, ग्रामीण क्षेत्रों में। शहर में पांच रुटों पर ई-बसें चल रही हैं।

# शाह शमशुद्दीन मियां के कुल शरीफ में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स शरीफ के मौके पर तीसरे दिन कुल शरीफ की रूहानियत से भरपूर महफिल का आयोजन किया गया। और अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां की सरपरस्ती में चल रहे उर्स के कुल शरीफ की इस महफिल में शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने प्रभावशाली तकरीर पेश की। उन्होंने अपने बयान में हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के जीवन, उनकी सादगी, इंसानियत, भाईचारे और अल्लाह की इबादत में डूबे रहने की शिक्षाओं पर रोशनी डाली। मौलाना मंजरी ने कहा कि औलिया-ए-किराम का पैगाम मोहब्बत, सब्र और इंसानियत का होता है, जिस पर अमल कर समाज में अमन व भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है।

महफिल के दौरान, नात-ओ-मनकबत का सिलसिला जारी रहा, जिससे पूरा माहौल रूहानी हो गया। अंत में कुल शरीफ की रस्म अदा की गई और मुल्क व कौम की तरक्की, आपसी सौहार्द और शांति के लिए सामूहिक दुआ कराई गई। उर्स के तीसरे दिन दरगाह परिसर में खासा उत्साह देखने को मिला। कुल शरीफ में देवा से तशरीफ़ लाए सैयद सोहेल मियां वारसी, किछौछा से तशरीफ़ लाए सैयद अबूजर अशरफी सैयद अबुल हसन अशरफी, सैयद इफ्तिखार अली, मोहम्मद सुअलेह, सगीर अहमद, शहर काजी मोहम्मद अकरम, कारी मखदूम अशरफ बनारसी, कारी मोहम्मद इदरीश रजा, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे उसके बाद महफिले रंग हुआ जिसमें शमीम वारसी कव्वाल वसीम वारसी कव्वाल ने रंग पढ़ा आयोजन को सफल बनाने में सज्जादा नशीन, सभी का शुक्रिया अदा किया।

### शहीद उद्यान में हर शनिवार सजेगी संगीत संध्या, 10 जनवरी से शुरुआत



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** महानगरवासियों और संगीत प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। शहर के शहीद उद्यान में अब हर शनिवार को संगीतमय शाम सजेगी। सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह साप्ताहिक संगीत संध्या 10 जनवरी से नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने उक्त पहल की है। उन्होंने बताया कि शहर की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम है। संगीत संध्या के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा, वहीं नगरवासियों को परिवार सहित मनोरंजन और सुकून भरे सांस्कृतिक माहौल का आनंद लेने का अवसर प्राप्त होगा।इस आयोजन में शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, भजन, ग़ज़ल और हल्के सुरीले कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी, जिससे हर आयु वर्ग के लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। शहीद उद्यान का शांत और हरित वातावरण संगीत के सुरों के साथ शहरवासियों के लिए एक नया अनुभव लेकर आएगा।प्रशासन का मानना है कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल शहर की पहचान मजबूत होगी, बल्कि युवाओं में कला और संगीत के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। महानगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शहर के लिए एक सराहनीय और सकारात्मक कदम बताया है।

# घास मंडी में नगर पालिका की जमीन पर अवैध कब्जा

- अधिशासी अधिकारी ने जांच के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**



नगर पालिका परिषद की जमीन पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। नगर की पुरानी घासमंडी में सरकारी भूमि पर पक्की दुकानें बना ली गई हैं। यह जमीन व्यापारियों को अस्थायी व्यापार के लिए आवंटित की गई थी। कब्जेदार दीपू गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने नगर पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत से रातोंरात पक्की दुकानें खड़ी कर दीं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस निर्माण को नगर पालिका कर्मचारियों व तहसील प्रशासन का खुला संरक्षण प्राप्त है। सूत्रों की माने तो बताया गया है कि शिकायत करने पर मौके पर पहुंचे तहसील के आला अधिकारी ने खाना पूर्ति करते हुए कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई उसके उपरांत दुकानों पर लेटर डालकर अवैध कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया। स्थानीय लोगों ने कई बार आपत्ति जताई और शिकायतें भी कीं, लेकिन नियमों की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य जारी रहा। आरोप है कि कर्मचारियों से सांठगांठ कर प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए यह निर्माण कार्य पूरा किया गया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील स्तरीय अधिकारियों को सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त न करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद यह निर्माण कार्य पूरा हो गया। इस संबंध में शनिवार दोपहर 12 बजे नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) एच.एन. उपाध्याय से बात की गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय अब निर्माण नहीं हो रहा है और कर्मचारियों को भेज कर दिखा लिया जाएगा।

### कोतवाल राकेश कुमार सिंह को दी गई भव्य विदाई



**नवागत कोतवाल जुगल किशोर पाल का हुआ स्वागत**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** कोतवाली में बीते 21 सालों में तैनात रहे 47 प्रभारी निरीक्षकों में सर्वाधिक 15 महीने रहे कोतवाल राकेश कुमार सिंह को शनिवार को नागरिकों व पुलिस स्टाफ ने फूल मालाएं पहनाकर व। अंग वस्त्र ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी। बता दें कि एसपी राजेश द्विवेदी ने बीते दिन दस निरीक्षकों का जनपद स्तर पर स्थानांतरण किया था। जिसमें तिलहर कोतवाल राकेश कुमार सिंह को प्रभारी जांच प्रकोष्ठ बनाया गया। वहीं कटरा में तैनात रहे जुगल किशोर पाल को तिलहर की कमान सौंपी गई। इसी क्रम में शनिवार को अपरान्ह चार बजे कोतवाली में आयोजित विदाई समारोह में राकेश कुमार सिंह को भव्य विदाई दी गई । इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, हितेश गुप्ता रिंकू, इंद्रभान सिंह वीनू, प्रधान अनुरुद्ध यादव पहलवान ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के युवराज सिंह ने राकेश कुमार सिंह से केक कटवा कर उन्हें विदाई दी। इस मौके पर नवागत कोतवाल जुगल किशोर पाल ने भी उन्हें मिठाई खिलाकर विदा किया।

समारोह में इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव, एसआई प्रमोद कुमार, नितिन कुमार, प्रदीप राजौरिया, नैपाल सिंह, अनुज चौधरी, हेड कांस्टेबिल नवीन, अनूप कुमार,अमित वालियान, अक्षय खोकर, लोकेश कुमार, अनिल कल्यान, तुशांत , शिवा अत्री, महिला कांस्टेबिल प्रीती, विनीता राघव, आरती, काजल, प्रीती चौहान, ऋषि शर्मा के अलावा पत्रकार बंधु भी शामिल रहे। उधर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ की मंडल अध्यक्ष रीना सक्सेना व अन्य लोगों ने नवागत कोतवाल का बुके व देव चित्र देकर स्वगत किया।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विशेश्वरगंज, बहराइच

पत्रांक- 635/आंकिक/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक- 01.01.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पन्द्रहवें वित्त आयोग / पंचम वित्त आयोग योजनान्तर्गत राज्यपाल महोदय उप्र की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड विशेश्वरगंज जनपद बहराइच के अन्तर्गत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागो में ए.बी.सी. श्रेणी में पंजीकृत निविदा दाताओं को मैन्यूअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | विड सिक्योरटी लाख रू. में | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उप केन्द्र विशेश्वरगंज पर पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 2. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत बड़ागांव के प्रा.वि. बडागांव द्वितीय मे पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 3. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत कन्छर के राजकीय कन्या उ.मा. विद्यालय में पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 4. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत रमनगरा के उच्च प्रथमिक विद्यालय में पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 5. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत राजापुर गिरन्ट के मजरा बद्रीपुरवा में मुन्ना माली के घर के सामने ब्रम्हदेव बाबा व शनिदेव मन्दिर स्थान पर पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 6. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत लक्खारामपुर के उच्च प्रथमिक विद्यालय में पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 7. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत सरकाही के मजरा जैतापुर मे मुलुक राज के घर के पास से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 9.919 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 8. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत लक्खारामपुर के मजरा मुन्ना सिंह पुरया में बदलू यादव के घर से चकरोड तक नाली मरम्मत कार्य | 9.997 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 9. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत बाला नगर कोडरी के मजरा मिट्टी पुरवा में राजू पाण्डेय के घर के सामने से जीवन लाल पाण्डेय के खेत तक सी.सी. नाला निर्माण कार्य | 9.979 | 0.498 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 10. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत चन्द्रावा खास में राम करन नाई के घर से हिकैता तालाब तक नाला/नाली निर्माण कार्य | 9.98 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 11. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत पुरैना मे रामजी गुप्ता के घर से शकती साहू के घर तक नाला निर्माण | 9.987 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 12. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत सुनगा के मजरा धौली मे निरंकार तिवारी के घर से गिट्टीर तिवारी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 9.976 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 13. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत ककरा मो.पुर मन्नीटाड चौराहे पर पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 14. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत दिगितपुरवा मे रणवरिया चौराहे पर पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 15. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत प्रतापपुर तरहर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 16. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत गगा जमुनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेय जल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.985 | 0.199 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 17. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत सेमरौना में सेमरौना चौखड़िया सम्पर्क मार्ग पर राजपति यादव के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.58 | 0.279 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 18. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत सेमरौना में सेमरौना चौखड़िया सम्पर्क मार्ग पर कृष्ण मोहन तिवारी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.58 | 0.279 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 19. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत प्रतापपुर तरहर के मजरा मुरावन तिखड़िया में बाबादीन के घर से मनीराम के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य | 9.98 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 20. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत गंगवल में लक्ष्मी नरायन यज्ञसैनी के घर के पीछे से खुन्नी की नाली तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 21. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत कन्छर मे अन्त्येष्ठि स्थल का मरम्मत व बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 9.988 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 22. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत कन्छर में शवदाह केन्द्र पर बैठक व स्नानागार आदि का निर्माण कार्य | 9.126 | 0.456 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 23. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राग पंचायत नेठिया के मजरा बभनपुरवा में दीनानाथ के घर से शिवनान्द शुक्ल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 9.98 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 24. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत राजापुर गिरन्ट के गजरा दंदवलिया में बुधई सिंह व भरत सिंह के व्यायाम शाला पर हाई मास्क लाईट की स्थापना का कार्य | 5.592 | 0.279 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 25. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत अमराई में बजरंगी विश्वकर्मा के घर से स्वामी गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.97 | 0.498 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 26. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत शिवपुर बैरागी के मजरा मिश्रनपुरवा में बाल मुकुन्द मिश्रा के घर से लल्लू तिवारी के खेत तक खण्डजा कार्य | 9.95 | 0.497 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 27. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत पुरैना के मजरा पुरैना में गुडतवा तालाब से अलताफ के खेत होते हुए नहर तक नाला कार्य | 9.983 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 28. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अमकोलवा के मजरा सोसापुरवा में अधैबर के घर से मन्नी के घर तक खण्डजा निर्माण कार्य | 9.95 | 0.497 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 29. | पांचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड परिसर में स्थिति शहीद स्मारक का सौन्दर्यकरण कार्य | 8.544 | 0.427 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 30. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत नेवलापुर के मजरा दुर्गादीन पुरवा मे काली मन्दिर से राम दत्त के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.98 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 31. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अमकोलवा के मजरा सोसापुरवा में दुबहुआ के घर से मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.99 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 32. | पांचवां वित्त आयोग | क्षेत्र पंचायत विशेश्वरगंज के अन्तर्गत वार्ड संख्या 1 से 35 तक निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यो के घर के पास सोलर/स्ट्रीट लाईट का स्थापना कार्य | 9.118 | 0.455 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 33. | पांचवां वित्त आयोग | क्षेत्र पंचायत विशेश्वरगंज के अन्तर्गत वार्ड संख्या 36 से 70 तक निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यो के घर के पास सोलर / स्ट्रीट लाईट का स्थापना कार्य | 9.118 | 0.455 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 34. | पांचवां वित्त आयोग | क्षेत्र पंचायत विशेश्वरगंज के अन्तर्गत वार्ड संख्या 71 से 104 तक निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यो के घर के पास सोलर / स्ट्रीट लाईट का स्थापना कार्य | 8.857 | 0.442 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 35. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत दिगितपुरवा में काली नाथ गांव में काली सड़क से काली नाथ मन्दिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 9.98 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 36. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भवानीपुर बनकट के मजरा बेहननपुरवा से असरफगंज तक खण्डजा निर्माण कार्य | 9.99 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 37. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अभकोलवा के मजरा डफाली पुरवा के देवतादीन के घर से लाला बाबा के घर तक खण्डजा कार्य | 9.99 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 38. | पांचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड कार्यालय के मेन गेट पर ग्लो साईन बोर्ड का कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 39. | पांचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड कार्यालय के मेन गेट पर ग्रेनाईट पत्थर का कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 40. | पांचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड कार्यालय मे मरम्मत/साज सज्जा कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |

**नियम व शर्ते-**

1-कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विशेश्वरगंज के कार्यालय में जैसा कि निविदा नोटिस कालम 8 में इंगित पते से दिनांक 03.01.2026 से 19.01.2026 तक प्रातः 11.00 बजे से 4.00 बजे के मध्य श्री मो. जमील, वरिष्ठ लिपिक से प्राप्त कर सकते है।

2- निविदायें खण्ड कार्यालय में दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक निविदा पेटिका में डाली जायेगी, जो उसी दिन अपराहन 2:00 बजे से निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

3- प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर जमा करना अनिवार्य होगा जो एन.एस.सी. अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में कार्यकारी खण्ड विकास अधिकारी, वि.ख. विशेश्वरगंज, बहराइच के पक्ष में बंधक होगी।

4- कार्य से सम्बन्धित अन्य विवरण/जानकारी खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

5- उपर्युक्त निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विशेश्वरगंज, जनपद-बहराइच**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत, विशेश्वरगंज**


# बस चालक ने ट्रक चालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट, तलाश शुरू

- शुक्रवार सुबह एक डबल डेकर बस व ट्रक की टक्कर में परिचालक की हुई थी मौत

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार सुबह एक डबल डेकर बस और ट्रक की टक्कर हो गई थी। यह हादसा तब हुआ जब ट्रक ने बस से आगे निकलकर अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बस ट्रक में जा घुसी। इस घटना में बस के परिचालक की राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई थी, जबकि दो श्रद्धालु घायल हो गए थे। बस चालक ने ट्रक चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है। गुजरात प्रांत के अमरेली जिले के बगसरहा गांव निवासी रजक चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह डबल डेकर बस लेकर हरिद्वार से अयोध्या जा रहे थे। बस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सवार थे। शुक्रवार की तड़के सुबह रोजा थाना क्षेत्र के अटसलिया ओवरब्रिज के पास एक ट्रक ने उनकी बस को ओवरटेक किया और फिर अचानक तेज ब्रेक लगा दिये। इस कारण बस ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। हादसे में बस के कैबिन परिचालक मुकेश भाई जो गुजरात के राजकोट जिले के जैतपुर के रहने वाले थे, और दो श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान कैबिन परिचालक मुकेश भाई को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल श्रद्धालुओं का इलाज जारी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गुजरात के तीन अलग-अलग जिलों से आए 45 से 50 श्रद्धालु दर्शन के लिए यह बस बुक करके निकले थे। उनका 17 दिवसीय टूर था, जिसमें कई मंदिरों के दर्शन के बाद वे हरिद्वार से अयोध्या जा रहे थे और उसके बाद काशी जाने का कार्यक्रम था। सभी श्रद्धालु 22 दिसंबर को गुजरात से निकले थे। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक अचानक तेजी से आगे निकला और उसने ब्रेक लगा दिया। जिससे वह कुछ समझ ही नही पाए थे और बस पीछे से टकरा गई थी।

## जानलेवा पेयजल

यह शर्मनाक है कि जिस शहर को पिछले सात सालों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा दिया जा रहा था, वहां पेयजल में सीवर का पानी मिल जाने से एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाए। बताया जाता है कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर के पानी के रिसाव से हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। घटनाक्रम के बाद सौ के करीब लोग अस्पताल में भर्ती हुए और सैकड़ों लोग दूषित पेयजल के उपयोग से बीमार हैं। वैसे भी किसी सभ्य समाज में व्यक्ति आत्मग्लानि से यह सुनकर बीमार हो जाएगा कि जिस पानी को उसने उपयोग किया, उसमें सीवर का गंदा पानी मिला था। निस्संदेह, यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही ही है, जिसके चलते हजारों लोगों का जीवन संकट में पड़ गया। नगर निगम ही नहीं, इस महकमे से जुड़े सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल, इंदौर लगातार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा हासिल करता रहा है तो इस दुर्घटना ने पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खी बना दिया। इस दुखद स्थिति के चलते मानवाधिकार आयोग और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने के लिये बाध्य होना पड़ा। विडंबना यह है कि नागरिकों ने पहले ही दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत की थी, लेकिन नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये जवाबदेह अधिकारी तब हरकत में आए, जब कई लोगों की जान जा चुकी थी। यहां तक कि इस निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का महकमा आता है, उनकी संवेदनहीन बयानबाजी ने लोगों का आक्रोश बढ़ाया है। हालांकि, तल्ख आलोचना के बाद मंत्री ने खेद जताया है। यहां तक कि इस घटना के बाद मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती ने भी दोषियों से प्रायश्चित करने व दंड देने की मांग की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कुछ छोटे स्तर के अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण से इन मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों का प्रायश्चित हो पाएगा? लेकिन विडंबना है कि यह समस्या केवल इंदौर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश के छोटे–बड़े शहरों में गाहे–बगाहे दूषित जल आपूर्ति के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। दुर्घटना के बाद जांच समितियों का गठन, मुआवजे की घोषणा और कनिष्ठ अधिकारियों का निलंबन मामले में लीपापोती का उपक्रम बन चुका है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण' के मंत्र पर जोर दिया था। तब उन्होंने प्रक्रियाओं को सरल बनाने और जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। सवाल है कि जब नागरिकों को स्वच्छ हवा और जल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रखा जाएगा तो जीवनयापन को सुगम कैसे बनाया जा सकता है? मध्य प्रदेश की दोहरे इंजन वाली सरकार इस मोर्चे पर पूरी तरह से विफल रही है। कोई भी बड़ी योजना व नारा तब तक अर्थहीन है जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का समर्थन प्राप्त न हो। सर्वोच्च न्यायालय ने बार–बार इस बात पर जोर दिया है कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार अनुच्छेद–21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इंदौर की त्रासदी दर्शाती है कि शहरी बुनियादी ढांचे के खराब रखरखाव के कारण इस अधिकार का उल्लंघन कितनी आसानी से हो सकता है।

# अलग-अलग आर्थिक सेक्टरों का कैसा रहेगा अनुमानित विकास

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**



**एआई, क्लाइमेट इनोवेशन, हेल्थकेयर और वर्कप्लेस में प्रगति से भारतीयों के पढ़ने, काम करने, बातचीत करने और समृद्ध होने का तरीका पहले ही बदल रहा है। सभी की नज़र इस बात पर होगी कि 2026 में ये बदलाव कितने तेज होते हैं और भारत अपनी महत्वाकांक्षा, विविधता और आविष्कारशीलता को ऐसे कॉन्सेप्ट्स में कैसे बदलता है जिनका अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव हो। साल 2026 में भारतीय सिनेमा में कुछ ऐसा होगा जो पहले सोचा भी नहीं जा सकता था, इसके सबसे मशहूर स्क्रीन लेजेंड्स का डिजिटल पुनरुद्धार। फिल्म निर्माता जल्द ही पब्लिक एंटरटेनमेंट के लिए मूवी आइकन्स को वापस ला सकते हैं क्योंकि एआई पहले से ही ऐसे काम कर सकता है जिनके लिए पहले कंप्यूटर जेनरेटेड इमेजरी की ज़रूरत होती थी, और वह भी बहुत कम समय, मेहनत और लागत में।**

भारत 2026 में दृढ़ संकल्प और स्पष्टता के साथ बढ़ रहा है। देश एक क्लीनर एनर्जी बेस बना रहा है। ज़्यादा मज़बूत औद्योगिक माहौल। प्रतिभा की एक बेहतर पाइपलाइन। एक ज़्यादा नवोन्वेषी सेवा उद्योग। इन सभी बदलावों से अवसर पैदा होते हैं। जब इन्हें एक साथ देखा जाता है, तो भारत हाल के समय में दुनिया के विकास की सबसे आकर्षक कहानियों में से एक पेश करता है। आज, जब विदेशी कंपनियाँ भारत में आती हैं, तो उन्हें एक रणनीतिक फ़ायदा होता है। माहौल लगातार बदल रहा है। संभावनाएँ वास्तविक हैं। विकास सच्चा है। अनुमानों से पता चलता है कि इस साल भारत की जीडीपी दुनिया में सबसे तेज़ दर से बढ़ेगी।

एनालिटिक्स फर्म क्रिसिल के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में 6.5त्र बढ़ने की उम्मीद है, जो सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और विकसित देशों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ देगी। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। श्वङ्घ के विश्लेषण के अनुसार, तेज़ विकास को कई संरचनात्मक फायदों से मदद मिल सकती है, जैसे कि बड़ी, युवा आबादी और तुलनात्मक रूप से कम कर्ज का बोझ। नॉमिनल जीडीपी के मामले में भारत ने पिछले साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। आगे चलकर, यह उम्मीद है कि भारत सालाना 1 ट्रिलियन यूएसडी की जिडीपी बढ़ाएगा। मार्केट्स एंड मार्केट्स के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2032 तक 10 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगी। इसी तरह, आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउट्लुक का अनुमान है कि वर्ष 2026 में भारत की वृद्धि लगभग 6.6 प्रतिशत होगी, जिसमें कहा गया है कि यह शायद अन्य प्रमुख देशों को पीछे छोड़ देगा और 2025-2026 में दुनिया में सबसे अधिक विकास दर दर्ज करेगा। यहां तक कि OECD ने भी अगले दो वर्षों के लिए भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक कहा, और वर्ष 26 में लगभग 6.3त्र की मजबूत और मोटे तौर पर स्थिर वृद्धि का अनुमान लगाया। इस विस्तार को स्ट्रक्चरल बातों का भी सपोर्ट मिल रहा है। बढ़ती दौलत और शहरीकरण वाली एक बड़ी, युवा आबादी जनसांख्यिकीय शक्ती बना रही है, जबकि डिजिटाइजेशन, मूलभूत सेवा विकास और जिएसटी सरलीकरण जैसे लगातार बदलाव उत्पादकता बढ़ा रहे हैं। विश्लेषको के अनुसार, विनिर्माण और सर्विसेज़ बढ़ रहे हैं; फिस्कल 2026 के लिए एस अँड पी ग्लोबल का पीएमआय डेटा दोनों सेक्टरों में लगातार विस्तार का संकेत देता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्राहक बाजार बनने के लिए तैयार है। बढ़ता मध्यम वर्ग और मजबूत शहरी खर्च से आंतरिक मांग बनी हुई है। ग्रामीण इलाकों में भी इनकम बढ़ रही है। यह अर्थव्यवस्था को दुनिया भर के उतार-चढ़ाव से बचाता है। भारत के उद्योग, रिन्यूएबल एनर्जी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को दुनिया भर से निवेश मिल रहा है। बाजार समृद्ध हैं। नियम अधिक स्पष्ट हैं। निवेशक तेजी से भारत पर रणनीतिक लॉन्ग-टर्म दांव लगा रहे हैं। दस साल पहले, सर्विसेज़ भारत के कुल एक्सपोर्ट का 30 प्रतिशत से भी कम था; आज, यह 46 प्रतिशत है। इस ट्रेंड को बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी सर्विसेज़ और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स में भारत के नेतृत्व से गति मिल रही है।

एआई, क्लाइमेट इनोवेशन, हेल्थकेयर और वर्कप्लेस में प्रगति से भारतीयों के पढ़ने, काम करने, बातचीत करने और समृद्ध होने का तरीका पहले ही बदल रहा है। सभी की नज़र इस बात पर होगी कि 2026 में ये बदलाव कितने तेज होते हैं और भारत अपनी महत्वाकांक्षा, विविधता और आविष्कारशीलता को ऐसे कॉन्सेप्ट्स में कैसे बदलता है जिनका अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव हो। साल 2026 में भारतीय सिनेमा में कुछ ऐसा होगा जो पहले सोचा भी नहीं जा सकता था, इसके सबसे मशहूर स्क्रीन लेजेंड्स का डिजिटल पुनरुद्धार। फिल्म निर्माता जल्द ही पब्लिक एंटरटेनमेंट के लिए मूवी आइकन्स को वापस ला सकते हैं क्योंकि एआई पहले से ही ऐसे काम कर सकता है जिनके लिए पहले कंप्यूटर जेनरेटेड इमेजरी की ज़रूरत होती थी, और वह भी बहुत कम समय, मेहनत और लागत में। क्रिएटिव केयर मॉडल और रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग के साथ जेंडर हेल्थ गैप पहले की तुलना में तेज़ी से खत्म हो सकता है। 2026 तक, महिलाओं के स्वास्थ्य को अब एक खास समस्या के रूप में नहीं, बल्कि मानव प्रगति की नींव के रूप में देखा जाएगा। भारत में उच्च शिक्षा का भविष्य वैश्विक स्तर पर स्थानीय और वैश्विक दोनों है। अगर कोरोना महामारी ने आभासी क्लासरूम को आम बना दिया है, तो डिग्री के लिए विदेश जाना जल्द ही पुराना हो सकता है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय अभी भारत आने के लिए अपना सामान पैक कर रहे हैं। इसके अलावा, यह बदलाव सिर्फ मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है। भारत की शिक्षा नीति बहुत स्पष्ट है, बड़े शहरों के बाहर भी बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, विश्वविद्यालयों को विशेष शिक्षा क्षेत्रों - ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में कैंपस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच की आवश्यकता है। भारत के मुख्य निर्यात क्या हैं? ज्वेलरी और हिरे, इंजीनियरिंग सेवाएं, और दवाएं। लेकिन 2026 में, रिमोट टैलेंट आगे निकल जाएगा। MENA और दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के अलावा, तेज़ी से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अपना रहे हैं, जिससे टेक वर्कर्स की ज़रूरत बढ़ रही है। और भारत के लिए, सब कुछ सही समय पर हो रहा है! डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा, क्लाउड इंजीनियरिंग, ऑटोमेशन और क्लाउड कंप्यूटिंग, एआई विशेषज्ञ और डेवलपर्स, और मशीन लर्निंग सबसे ज़्यादा मांग वाले क्षेत्र हैं। असल में, हेल्थकेयर और फाइनेंस सहित कई क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है। जनवरी 2026 तक, गैर-जीवाश्म स्रोतों से क्षमता 2030 के लक्ष्य से पांच साल आगे थी। हालांकि, 2026 में निवेश का फोकस सिर्फ सोलर पार्क बनाने के बजाय ट्रांसमिशन और स्टोरेज पर होगा। ग्रिड को काम करने के लिए, महत्वपूर्ण बदलावों की ज़रूरत है। रुक-रुक कर मिलने वाली नवीकरणीय ऊर्जा के लिए पावर ट्रांसमिशन उद्योग में व्यवसायों के लिए ऑर्डर प्रवाह रक्षा उद्योग के समान हैं। अगली सीमा ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ हैं।

## विचार

# दृष्टिहीनों की शिक्षा में ब्रेल लिपि की भूमिका

**योगेश कुमार गोयल**



**संयुक्त राष्ट्र के 'विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेन्शन' में ब्रेल लिपि को संचार के एक साधन के रूप में उद्धृत किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' ने वर्ष 1949 में ब्रेल लिपि में एकरूपता लाने के उद्देश्य से समस्याओं पर ध्यान देने वाला एक सर्वेक्षण आगे बढ़ाने की पहल की थी। लुई ब्रेल ने केवल तीन साल की उम्र में ही एक दुर्घटना के कारण अपनी दोनों आंखों की रोशनी खो दी थी। आंखें संक्रमित होने के कारण उनकी आंखों की दृष्टि पूरी तरह चली गई थी लेकिन दृष्टिहीनता के बावजूद उन्होंने न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि छात्रवृत्ति पर 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ' चले गए। 1821 में फ्रांसीसी सेना के एक कैप्टन चार्ल्स बार्बियर लुई ब्रेल के स्कूल के दौरे पर आए थे, जिन्होंने सेना के लिए एक विशेष क्रिप्टोग्राफी लिपि का विकास किया था, जिसकी मदद से सैनिक रात के अंधेरे में भी संदेशों को पढ़ सकते हैं।**

ब्रेल लिपि नेत्र विकारों वाले व्यक्तियों और दृष्टि विकलांग लोगों के लिए पढ़ने और लिखने की स्पर्शनीय प्रणाली है, जिसकी खोज 4 जनवरी 1809 को फ्रांस के कूपवरे में जन्मे लुई ब्रेल ने महज 15 वर्ष की आयु में की थी। संचार के साधन के रूप में ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में विश्वभर में जागरूकता फैलाने, दृष्टि-बाधित लोगों को उनके अधिकार प्रदान करने और ब्रेल लिपि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 जनवरी को ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल के जन्मदिवस को 'विश्व ब्रेल दिवस' मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र के 'विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेन्शन' में ब्रेल लिपि को संचार के एक साधन के रूप में उद्धृत किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' ने वर्ष 1949 में ब्रेल लिपि में एकरूपता लाने के उद्देश्य से समस्याओं पर ध्यान देने वाला एक सर्वेक्षण आगे बढ़ाने की पहल की थी। लुई ब्रेल ने केवल तीन साल की उम्र में ही एक दुर्घटना के कारण अपनी दोनों आंखों की रोशनी खो दी थी। आंखें संक्रमित होने के कारण उनकी आंखों की दृष्टि पूरी तरह चली गई थी लेकिन दृष्टिहीनता के बावजूद उन्होंने न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि छात्रवृत्ति पर 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ' चले गए। 1821 में फ्रांसीसी सेना के एक कैप्टन चार्ल्स बार्बियर लुई ब्रेल के स्कूल के दौरे पर आए थे, जिन्होंने सेना के लिए एक विशेष क्रिप्टोग्राफी लिपि का विकास किया था, जिसकी मदद से सैनिक रात के अंधेरे में भी संदेशों को पढ़ सकते हैं। चार्ल्स ने स्कूल में बच्चों के साथ 'नाइट राइटिंग' नामक यही तकनीक साझा की, जिसका उपयोग सैनिक दुश्मनों से बचने के लिए किया करते थे। इसके तहत वे उभरे हुए बिन्दुओं में गुप्त संदेशों का आदान-प्रदान करते थे किन्तु उनका यह कोड बहुत जटिल था। ब्रेल ने इसी आइडिया के आधार पर अपनी लिपि पर कार्य शुरू किया और 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ' में अध्ययन के दौरान ही उन्होंने 1824 में अपनी लिपि को तैयार कर लिया, जो काफी सरल थी। इसी लिपि को ब्रेल लिपि के नाम से जाना गया और सरल लिपि की खोज के बाद दुनियाभर में नेत्रहीन या आंशिक रूप से नेत्रहीन लोगों की जिंदगी काफी हद तक आसान हो गई। अपने इसी आविष्कार के कारण लुई ब्रेल दुनियाभर में दृष्टिबाधित लोगों के लिए मसीहा बन गए। ब्रेल लिपि कोई भाषा नहीं है बल्कि एक तरह का कोड है। यह ऐसी लिपि है, जिसे एक विशेष प्रकार के उभरे कागज पर लिखा जाता है और इसमें उभरे हुए बिन्दुओं की श्रृंखला पर उंगलियां रखकर या उन्हें उंगलियों से छूकर पढ़ा जाता है। ब्रेल लिपि को टाइपराइटर जैसी दिखने वाली एक मशीन 'ब्रेलराइटर' के जरिये लिखा जा सकता है या पेंसिल जैसी नुकीली चीज 'स्टायलस' और ब्रेल स्लेट 'पट्ट' का इस्तेमाल करके कागज पर बिन्दु उकेरकर लिखा जा सकता है। ब्रेल में उभरे हुए बिन्दुओं को 'सेल' के नाम से जाना जाता है। 1 से 6 बिन्दुओं की यह एक व्यवस्था या प्रणाली होती है, जिसमें बिन्दु अक्षर, संख्या और संगीत व गणितीय चिन्हों के संकेतकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्रेल लिपि के अंतर्गत उभरे हुए बिन्दुओं से एक कोड बनाया जाता है, जिसमें 6 बिन्दुओं की तीन पंक्तियां होती हैं और इन्हीं में इस पूरे सिस्टम का कोड छिपा होता है।

चार्ल्स बार्बियर की शुरुआती कूट लिपि 12 बिन्दुओं पर आधारित थी, जिन्हें 66 की पंक्तियों में रखा जाता था। तब इसमें विराम, संख्या और गणितीय चिन्ह मौजूद नहीं थे। लुई ब्रेल ने इसमें सुधार करते हुए 12 की जगह 6 बिन्दुओं का उपयोग कर 64 अक्षर और चिह्न का आविष्कार किया, जिसमें उन्होंने विराम चिन्ह, संख्या और संगीत के नोटेशन लिखने के लिए भी जरूरी चिह्न उपलब्ध कराए। ब्रेल ने हालांकि 1824 में पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने कार्य को प्रस्तुत किया था लेकिन ब्रेल लिपि प्रणाली को 1829 में पहली बार प्रकाशित कराया। उन्होंने एक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दी और अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय ब्रेल लिपि प्रणाली का विस्तार करने में बिताया। हालांकि जीते जी उनके काम को उचित सम्मान नहीं मिला और उनके निधन के 16 वर्ष बाद 1868 में ब्रेल लिपि को प्रामाणिक रूप से मान्यता मिली, जो आज दुनियाभर में मान्य है।

## 2026 में हमें बहुत सारी चीजें अलग तरह से करनी होंगी

**पवन के. वर्मा**

बीते वर्ष को देखने के दो तरीके होते हैं। पहला, उसके प्रमुख घटनाक्रमों को यंत्रवत रूप से रेखांकित भर करनाय और दूसरा, उनका मूल्यांकन करना, उनके प्रासंगिक पहलुओं को चिह्नित करना और यह देखना कि आने वाले वर्ष में क्या किए जाने की आवश्यकता है। मेरे विचार से, 2025 को चार केंद्रीय मुद्दों के लिए याद किया जाएगा रू चुनाव प्रक्रिया की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को लेकर उठते सवालय दिल्ली तथा उससे सटे क्षेत्रों में साफ हवा का संकटय हमारे पड़ोस में जारी उथल-पुथल और ट्रम्प की अप्रत्याशित हरकतों के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में पैदा हुई अस्थिरता।

बिहार में एसआईआर को जिस तरह से अंजाम दिया गया, और अब जिस तरीके से इसे पूरे देश में किया जा रहा है, वह बहुत सारे प्रश्न अनुत्तरित छोड़ देता है। यहां मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के चुनाव आयोग के अधिकार पर सवाल नहीं हैं। लेकिन जिस अंदाज में वो अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करता है, वह जरूर चिंताओं के दायरे में है। यह धारणा लगातार मजबूत हो रही है कि इस प्रक्रिया में पर्याप्त पारदर्शिता का अभाव है। और यह इस अन्य धारणा का परिणाम है कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार चुनाव आयोग की स्वायत्तता अपेक्षित स्तर की नहीं रह गई है। वास्तविक लोकतंत्र यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रतिस्पर्धी दलों के बीच होने वाले चुनाव निष्पक्ष हों और उनके नियम सभी पर समान रूप से लागू हों। इसके लिए स्वतंत्र चुनाव आयोग अनिवार्य है। और इसके लिए यह जरूरी है कि उसके आयुक्त तटस्थ हों। वे किसी दल के प्रति झुके न हों। यदि यह विश्वास खंडित होता है तो चुनावों की वैधता सवालों के घेरे में आ जाती है।

2025 ने इस संदर्भ में एक चेतावनी दी है। 2026 को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने होंगे। 2025 में जारी वायु संकट- जिसने उत्तर भारत को हांफने पर मजबूर कर दिया और दिल्ली के निवासियों का दम घोंट दिया- ने भी नागरिकों को यह पूछने पर विवश किया कि यह समस्या हर साल क्यों दोहराई जाती है? इससे भी अधिक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब इसके भयावह नतीजे अच्छी तरह से मालूम हैं, तब भी सरकार इसे ठीक करने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाती? सरकार को इस आपदा के सामने असहाय देखना इस धारणा को जन्म देता है कि सत्ता में बैठे लोग केवल वहीं पर सक्रिय होते हैं, जहां वोट दांव पर हों। नागरिकों की ओर से यदि कोई संगठित पहल नहीं हो तो सरकारें बस इंतजार करती रहती हैं कि सालाना संकट अपने आप टल जाए। लेकिन 2025 ने संकेत दिया है कि लोग अब कह रहे हैं रू बहुत हुआ। 2026 वह वर्ष हो सकता है, जब नागरिक जवाबदेही की मांग करें। और तब सरकार को कार्रवाई करनी ही होगी। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर, पहले नेपाल और फिर बांग्लादेश में उभरे जेन-जी विद्रोह ने भारत को अलग-थलग करने की चीन और पाकिस्तान की दुर्भावनापूर्ण मंशाओं को आगे बढ़ाने में मदद ही की। विशेष रूप से बांग्लादेश में शेख हसीना को उनके शासन के प्रति बढ़ती अलोकप्रियता के बारे में समय रहते सचेत न कर पाना हमारी कूटनीतिक विफलता रही। लगता है कि हमने वहां के विपक्ष के साथ संवाद के रास्ते खुले रखे बिना अपने सारे दांव उन्हीं पर लगा दिए। जमात-ए-इस्लामी जैसे अतिवादी दलों और भारत-विरोधी तत्वों को वित्तपोषित और प्रोत्साहित करने में पाकिस्तान की भूमिका का आकलन न कर पाना भी एक चूक रही। उधर पाकिस्तान में, कट्टरपंथी जनरल मुनीर का उभार चिंता का विषय है। मुनीर का ट्रम्प के साथ भोजन करना, सऊदी अरब को रिझाना और चीन के साथ तालमेल बैठाना भी इसी कड़ी में है। ट्रम्प पर हमारा भरोसा भी गलत साबित हुआ और उनके पक्षपातपूर्ण टैरिफों का हमने आक्रामक ढंग से प्रतिकार भी नहीं किया। जबकि चीन ने ट्रम्प की धमकियों का डटकर सामना किया और अब ट्रम्प अमेरिका और चीन से मिलकर बने 'जी-2' की बात कर रहे हैं। हम आशा ही कर सकते हैं कि 2026 में हालात बेहतर होंगे। नए साल की शुरुआत बीते साल पर आत्ममंथन का अवसर भी देती है।



## राशिफल

**मेषः**- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः**- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः**- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्याः**- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने।

**तुलाः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिकः**- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः**- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः**- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभः**- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# कांग्रेस का पतन केंद्रीकरण और छूटे अवसरों की कहानी

**संजय बारू**

**इंदिरा गांधी 'भारत' बन गईं। इसके बाद हुए पतन को राजनीतिक विश्लेषकों ने बखूबी दर्ज किया है। राव के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान, उन्होंने पार्टी संगठन को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया और कांग्रेस कार्य समिति के चुनाव कराए, लेकिन यह एक असफल प्रयोग साबित हुआ। हालांकि, अगर 1990 के दशक में देश भर में कांग्रेस का नेतृत्व एकजुट होकर पार्टी का जमीनी स्तर से पुनःनिर्माण करता, तो उसके पास एक सामान्य, मुख्यधारा की अखिल भारतीय राजनीतिक पार्टी के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने का अवसर था, जो किसी एक परिवार के करिश्मे पर निर्भर न हो। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसी शून्य का लाभ सोनिया गांधी और उनके आसपास के सत्ताधारी अभिजात वर्ग ने उठाया। भारतीय जनता पार्टी के उदय ने कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों और कम्युनिस्टों के साथ मिलकर 2004 में गठबंधन सरकार बनाने का अवसर दिया।**

बिहार विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार और शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में प्रियंका गांधी के शानदार प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए, कई राजनीतिक विश्लेषक और कांग्रेस पार्टी के सदस्य एक बार फिर राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं। श्री गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा से जो राजनीतिक प्रभाव हासिल किया था, वह अब लुप्त होता दिख रहा है। एक और यात्रा की चर्चा चल रही है, शायद उनकी छवि और राजनीतिक अपील को बनाए रखने के लिए। हालांकि, पार्टी की दयनीय स्थिति के लिए केवल श्री गांधी को दोष देना अनुचित होगा।

यूरोपीय उपनिवेशवाद से भारत की स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1969 में औपचारिक रूप से विभाजित हो गई। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने अपनी काल्पनिक आत्मकथा 'द इनसाइडर' में अपने एक पात्र के माध्यम से कहा है कि ''पार्टी एक स्वामित्व वाली संस्था बन गई थी''। पुस्तक में यह टिप्पणी आपातकाल के समय के आसपास की है। प्रधानमंत्री कार्यालय और परिवार के भीतर राजनीतिक सत्ता के केंद्रीकरण के कारण, जिसमें मुख्यमंत्रियों को केवल रबर स्टैंप बनकर रह जाने का दर्जा प्राप्त हो गया था, ने मिलकर पार्टी के संगठनात्मक पतन में योगदान दिया था। 1980 के दशक में पार्टी का थोड़े समय के लिए पुनरुत्थान हुआ, लेकिन यह केंद्रीकृत मॉडल पर आधारित था।

इंदिरा गांधी 'भारत' बन गईं। इसके बाद हुए पतन को राजनीतिक विश्लेषकों ने बखूबी दर्ज किया है। राव के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान, उन्होंने पार्टी संगठन को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया और कांग्रेस कार्य समिति के चुनाव कराए, लेकिन यह एक असफल प्रयोग साबित हुआ। हालांकि, अगर 1990 के दशक में देश भर में कांग्रेस का नेतृत्व एकजुट होकर पार्टी का जमीनी स्तर से पुनःनिर्माण करता, तो उसके पास एक सामान्य, मुख्यधारा की अखिल भारतीय राजनीतिक पार्टी के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने का अवसर था, जो किसी एक परिवार के करिश्मे पर निर्भर न हो। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसी शून्य का लाभ सोनिया गांधी और उनके आसपास के सत्ताधारी अभिजात वर्ग ने उठाया।

भारतीय जनता पार्टी के उदय ने कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों और कम्युनिस्टों के साथ मिलकर 2004 में गठबंधन सरकार बनाने का अवसर दिया। सत्ता में वापसी के बाद, कांग्रेस पार्टी क्षेत्रीय नेताओं को सशक्त बनाकर राज्य स्तर पर अपने संगठन को पुनर्जीवित कर सकती थी। केवल वाई.एस. राजशेखर रैड्डी ही ऐसा कर पाए और अंततरू आंध्र प्रदेश में उनके द्वारा निर्मित पार्टी संगठन को दिल्ली नेतृत्व ने धोखा देकर त्याग दिया। अन्य क्षेत्रों में, कांग्रेस शरद पवार, ममता बनर्जी, वाई.एस. जगनमोहन रैड्डी और अन्य लोगों को फिर से इसके खेमे में लाकर संगठनात्मक रूप से पुनर्जीवित हो सकती थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरी ओर, कार्यकाल का उपयोग नेहरू-गांधी परिवार के नेतृत्व को और मजबूत करने के लिए किया गया। यह सर्वविदित था कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी चाहती थीं कि उनका बेटा पार्टी की बागडोर संभाले।

जहां कुछ नेताओं, जिनमें मुखर्जी प्रमुख थे, ने इस वंशवादी उत्तराधिकार का विरोध किया, वहीं अन्य, जिनमें प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह प्रमुख थे, ने इसे स्वीकार कर लिया। सितम्बर 2013 में, राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से अस्वीकार करके प्रधानमंत्री पद के अधिकार को चुनौती दी थी। वाशिंगटन डी.सी. से घर लौटते समय सिंह ने इस्तीफा देने की बजाय मीडिया से कहा कि वह कांग्रेस पार्टी में कोई भी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं और राहुल गांधी के नेतृत्व में काम करने में उन्हें बहुत खुशी होगी। फैसला हो चुका था। इस सोच पर सवाल उठाने वालों को दरकिनार कर दिया गया। पार्टी के क्षेत्रीय नेतृत्व पर 1969 के बाद एक ही व्यक्ति में राजनीतिक और संगठनात्मक शक्ति के केंद्रीकरण का असर पड़ा।

1998 में उस मॉडल पर वापस लौटने से पार्टी के आधार में और अधिक गिरावट आई। राहुल गांधी को यही क्षीण आधार विरासत में मिला। भाजपा ने जब इस माहौल में एक संगठन और कार्यकर्त्ता-आधारित पार्टी के रूप में कदम रखा, तो एक दशक के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे एक व्यक्ति-आधारित पार्टी में बदल दिया। भाजपा के भीतर क्षेत्रीय नेताओं को कमजोर कर दिया गया है, जबकि राजनीतिक रूप से कमजोर लोगों को सत्ता के पदों पर बिठा दिया गया है। यदि भाजपा इसी राह पर चलती रही, तो आर.एस.एस. से वर्तमान में मिल रहे समर्थन के बावजूद, संगठनात्मक रूप से उसका भी पतन होगा। व्यक्तित्व-आधारित राजनीति में प्रत्येक राजनेता अपने व्यक्तित्व को प्रदर्शित करके अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रलोभित होता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# भारी पुलिस बल की मौजूदगी में युवक सुपुर्द-ए-खाक

- विगत दिनों युवक ने मारपीट के बाद इलजोपरांत ग्वालियर में तोड़ा था दम
- पुलिस ने मारपीट की धाराओं को हत्या में बदल पांचवे आरोपी का नाम भी जोड़ा

राठ, समृद्धि न्यूज।

युवक की मौत पर हुए हंगामा के बाद भारी पुलिस फोर्स के बीच रमजान के शव का दो डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम हुआ। शनिवार दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। एसडीएम अभिमन्यु कुमार,सीओ राजीव प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मारपीट के मुकदमे में एक आरोपी का नाम बढ़ाते हुए हत्या की धारा बढ़ा दी है।

बताते चलें कि विगत तीन दिन पहले नगर के सिकंदरपुरा मोहल्ला में मारपीट में घायल हुए 30 वर्षीय रमजान की बीते दिन शुक्रवार को ग्वालियर में इलाज दौरान मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा करवाई न होने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा था। आनन-फानन में पुलिस द्वारा चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था।



शनिवार को एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर राकेश कुमार, मझगवां के आशुतोष कुमार सिंह, जरिया के दिनेश पांडेय और मुस्कुरा के योगेश कुमार सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

सरीला सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश कुमार सिंह और गोहांड के डॉ0 अंजुम निरंजन के पैनल द्वारा रमजान के शव का पोस्टमार्टम किया गया और दोपहर बाद हजारों की भीड़ के साथ रमजान के शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक रमजान के पिता शमीम पुत्र यासीन ने बताया कि मृतक पुत्र रमजान अपनी पत्नी सायना के साथ 31 दिसंबर को घर आ रहे थे। तभी भरत मिलाप गेट के पास जुगयाना मोहल्ले के मुख्तार के कहने पर कृष्ण कुमार, निर्णय, शिवम और प्रदीप ने लोहे की राड और लाठी डंडों से मारपीट की थी। जिसकी दो दिन बाद ग्वालियर में इलाज दौरान मौत हो गई।

बहू सायना की की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था और पांचवे आरोपी को वह नहीं पहचानती। पुलिस ने पिता शमीम की तहरीर पर जुगयाना मोहल्ले के मुख्तार का नाम के साथ हत्या की धाराएं बढ़ा दी हैं।

# सूर्यदेव के दर्शन न होने से बढ़ी ठिठुरन, लोग परेशान

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

जिले में रविवार को दिन बेहद ठंडा रहा। सुबह के समय कोहरे से भले ही राहत मिली, लेकिन पूरे सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने के कारण ठिठुरन भरी ठंड से लोग कांपते रहे।मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक शीतलहर चलने का अनुमान है। बढ़ती ठिठुरन के चलते 5 जनवरी तक तक जिले के सभी विद्यालय बंद रहेंगे।

शुक्रवार की देर शाम बादलों से अचानक पानी का झरना शुरू हो गया जो लगभग एक घंटे तक चला। जिससे शनिवार की सुबह कोहरे से राहत रही। हालांकि दिनभर हल्की धुंध छाई रही और दिनभर सूर्य के दर्शन नहीं हो सके। गलन और ठिठुरन बढ़ जाने से लोग बेहाल हो गए। सुबह से ही लोग सर्दी से राहत पाने के लिए अलाव के सहारे बैठे रहे। शनिवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि हवा की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा रही। शनिवार को अवकाश होने से बच्चे और बुजुर्ग घरों में कैद होने को मजबूर हुए। शाम ढलते ही बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा छा गया।मौसम विभाग के अनुसार ने पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। बर्फीली हवा के चलते जिले में भी गलन का असर बढ़ा है। अगले चार से पांच दिन शीतलहर चलने का अनुमान है। ऐसे में ठिठुरन ओर बढ़ सकती है।



## सर्द हवाओं से ठिठुरे लोग

सुमेरपुर। सर्दी का सितम पूरे शबाब पर है शनिवार को पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। सर्द हवाएं चलने से लोग दिनभर सर्दी से जूझते नजर आए। शुक्रवार की शाम हल्की-फुल्की बूंदाबांदी से मौसम और भी ज्यादा सर्द हो गया है। सूर्य देव के दर्शन नहीं होने से पशु-पक्षी बेहाल हैं। फसले भी धूप नहीं खिलने से प्रभावित हो रहे हैं। इससे किसान परेशान है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अज्ञात की व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत झाँसी मिर्जापुर राजमार्ग स्थित ग्राम लाड़पुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है। बताया जाता है कि ग्राम लाड़पुर के पास शुक्रवार देर रात्रि को किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 56 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को कस्बा कुलपहाड़ ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान न होने के कारण पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने नीले रंग की जैकेट पहन रखी थी। कोई पहचानता हो तो कुलपहाड़ कोतवाली में सम्पर्क कर सकता है। यह घटना कल शुक्रवार रात्रि को लगभग 10 बजे की बताई जा रही है।

### कृषक गोष्ठी आयोजित कर किसानों को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** विकास खंड जैतपुर में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय रबी कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री महेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, श्री राजेश राजपूत, जिला महा मंत्री किसान मोर्चा भाजपा, और श्री जय हिन्द मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर मलार्यपण के साथ किया गया। कृषि विज्ञानं केंद्र बेलताल के डॉ रजनीश मिश्रा ने पादप सुरक्षा और फसलों को कीटों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खेती के साथ पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन, और मधुमक्खी पालन के बारे में भी किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से शुभम मिश्रा बी टी एम, दलपत सिंह ए टी एम,वीरेन्द्र सिंह ए टी एम सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### निराश्रित नाबालिग किशोरियों को पुलिस ने सुरक्षित कर वन स्टॉप सेंटर में कराया दाखिल

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार जनपद में महिला एवं बालकों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन सुनिश्चित करने तथा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के उद्देश्यों की प्रभावी प्राप्ति हेतु थाना एएचटीयू, जनपद महोबा द्वारा औचक ड्राइव अभियान संचालित किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना एएचटीयू महोबा प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में,मय हमराह उपनिरीक्षक फूलचन्द्र मिश्र, का0 आनन्द कुमार,महिला कांस्टेबल कविता देवी, थाना एएचटीयू सहित क्षमा (प्रभारी, वन स्टॉप सेंटर महोबा) अर्चना (केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर महोबा) एवं दीपक कुमार (कोऑर्डिनेटर, चाइल्ड लाइन महोबा) की संयुक्त टीम द्वारा रोडवेज बस स्टैण्ड पहुँचकर बस स्टेशन परिसर, कार्यालय प्रतीक्षालय तथा आसपास के क्षेत्र में सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान रोडवेज परिसर में 02 नाबालिग लड़कियाँ निराश्रित अवस्था में पाई गईं। पूछताछ के दौरान वे अपना स्थानीय पता संतोषजनक रूप से नहीं बता सकीं। बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें विधिसम्मत रूप से अपनी संरक्षा में लेकर थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस टीम के सहयोग से जिला चिकित्सालय महोबा में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त दोनों नाबालिग बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर महोबा में सुरक्षित रूप से दाखिल कराया गया। प्रकरण के संबंध में निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

### फर्जी मोबाइल बैंकिंग ऐप से साइबर ठग ने जनसेवा केंद्र संचालक को लगाया दस हजार का चूना

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** फर्जी मोबाइल बैंकिंग ऐप से साइबर ठग ने जनसेवा केंद्र संचालक को दस हजार का चूना लगा दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गौरा देवी मुहाल निवासी पीयूष सेन पुत्र राजेंद्र कुमार सेन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बीते 28 दिसम्बर को वह मुख्यालय के बस स्टेण्ड स्थित अपने जनसेवा केंद्र में बैठा था तभी हरिद्वार जिले के सिकंदरपुरा लंधौरा निवासी विशाल चौधरी नाम का युवक पैसे निकालने के लिए उसके जनसेवा केंद्र में आया था। फर्जी मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से उसने पियूष के खाते में दस हजार रूपये डाल दिए जो उसके खाते में शो कर गया था। जिस पर पियूष ने उसे दस हजार कैश रूपये दे दिए थे, बाद में अपने आप खाते से ट्रांजक्शन गायब हो गया। पीड़ित ने जब बैंक में पता किया तो कोई ट्रांजक्शन नहीं मिला। उसने शनिवार को सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र सौंप विशाल चौधरी के विरुद्ध धोखाधड़ी करने की रपट दर्ज कर पैसा वापिस दिलाने की मांग की है।

### अज्ञात चोर चार सौ केवीए के ट्रांसफार्मर से खोल ले गये ढाई लाख के उपकरण



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड दो के मुख्य मार्ग के किनारे लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर करीब ढाई लाख रुपए के वेशकीमती उपकरण चोरी करके फरार हो गए। अवर अभियंता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के इमिलिया थोक के मुख्य मार्ग में हाईवे से महज 100 मीटर आगे वार्ड संख्या 2 में लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर ढाई लाख रुपए कीमत के उपकरण चोरी करके फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि चोरों ने गत 18 दिसंबर की रात इस ट्रांसफार्मर में चोरी का प्रयास किया था लेकिन सफल नहीं हुए थे। इसका मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसके बाद चोरों के हौसले बुलंद रहे और उन्होंने मौका पाकर इस ट्रांसफार्मर से करीब ढाई लाख कीमत के उपकरण चोरी कर लिए और फरार हो गए।

# सावित्री बाई फुले ने महिलाओं, पिछड़ों व दलितों की शिक्षा व उत्थान के लिए किये काम : इदरीश



हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

शहर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्रांतिकारी शिक्षाविद सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सावित्री बाई फुले पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक तथा कवयित्री थीं।इन्होंने महिलाओं, पिछड़ों एवं दलितों की शिक्षा एवं उत्थान के लिए बहुत काम किए।समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने की पक्षधर थी। उन्होंने बाल विवाह तथा सती प्रथा जैसी कुरीतियों का घोर विरोध किया था। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर शुभकरण सिंह परिहार ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।अन्य वक्ताओं द्वारा भी फुले की जीवनी पर चर्चा की।इस मौके पर माया माया वाल्मीकि, हर नारायण निषाद,ओम प्रकाश सोनकर, लालता सिंह खंगार, राघवेन्द्र यादव लकी, वर्षा नामदेव,जगमोहन यादव, मानवेन्द्र सिंह भदौरिया सहित पार्टी के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## बसपा ने सावित्री बाई फुले को किया नमन



सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बे के त्रिवेणी मैदान में महिला सशक्तिकरण की स्तंभ माता सावित्री फुले की 196 जयंती पर बसपा जिला अध्यक्ष छोटेलाल वर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महिला सशक्तिकरण का स्तंभ बताया। इस मौके पर पूर्व मंडल प्रभारी जयप्रकाश, राकेश श्रीवास, बिहारी लाल वर्मा, नाथूराम, डॉक्टर जितेंद्र सागर, सीताराम, सुमित वर्मा, हबीब अहमद, उमेश वर्मा, गोपाल वर्मा, सम्राट सागर, संतोष, रामलाल वर्मा, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# गरीब व असहायों को वितरित किए गए कम्बल

- ठंड में कम्बल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिले

सरीला, समृद्धि न्यूज।

तहसील में शनिवार को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मनीषा अनुरागी ने 300 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। कम्बल लेने के लिए नगर व गांवों के काफी संख्या में जरूरतमंद बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए।

इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। शासन द्वारा गरीब, विधवा, विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरण कराए जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत व भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी है। एसडीएम बलराम गुप्ता ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद लगभग 300 लोगों को कंबल वितरित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का काउंटर लगाकर दवाएं भी वितरित की गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, एसडीएम बलराम गुप्ता, तहसीलदार राममोहन कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जीतू राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी सहित भाजपा पदाधिकारी व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।



## शिविर में 320 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के बिदोखर मेदनी गांव में जानकीकुण्ड नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र शिविर में आयोजन किया गया। 320 लोगो का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 37 लोग मोतियाबिंद से प्रभावित पाए गए। इन्हें लेंस प्रत्यारोपण के लिए जानकी कुण्ड चित्रकूट ले जाया गया। नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड चित्रकूट के डॉ. आशीष, डॉ. गौरव, डॉ. श्याम कुशवाहा ने सभी मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 170 लोगों को चश्मा वितरित किए गए है। परीक्षण में 37 लोग मोतियाबिंद से प्रभावित पाए गए और उन्हें लेंस प्रत्यारोपण के लिए चिकित्सालय के वाहन से चित्रकूट ले जाया गया। नेत्र शिविर को सफल बनाने में अलका द्विवेदी, मुन्ना द्विवेदी , बबलू पाल,अशोक पाल,देव सिंह, लल्लू सिंह, उमाशंकर पाल, सलमान,हरेराम बाबा,अनिल पाल, बबलू द्विवेदी इंगोहटा, किशोरीलाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन की ओर से बंदियों को बांटे गए कंबल



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार में कौमी एकता रक्त फाउंडेशन द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ.महेंद्र कुमार पाण्डेय एवं जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती एवं कौमी एकता रक्त फाउंडेशन के अध्यक्ष ज़िरगाम सिद्दीकी द्वारा बंदियों को कंबल वितरण किया गया। इसके साथ ही महिला बैरक में महिला बंदियों को मोजे वितरित किए गए। कंबल एवं मोजे वितरण के दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विभा भारती, कौमी एकता के फाउंडर के सदस्य, तबस्सुम परवीन, ऊषा गुप्ता, मनोज कुमार, अल्ताफ मंसूरी, अभितेज सक्सेना एडवोकेट, मो.तौसीफ एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज खरेला/महोबा।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्हेलाल द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक अवनीश कुमार यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार व कांस्टेबल विशाल जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना खरेला में आत्महत्या के लिए उकसाने के प्रकरण में पंजीकृत अभियोग मुकदमा धारा 108 बीएनएस से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त राम नरेश लोधी पुत्र रमेश लोधी निवासी ग्राम दबका (जरौली) को थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम दबका को जाने वाली नहर पुलिया के पास ग्राम जरौली के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।



# संदिग्ध परिस्तिथियों में खेतों में पड़े मिले दर्जनों पक्षी

समृद्धि न्यूज, महोबा।

संदिग्ध परिस्तिथियों में खेतों में पक्षियों के शव पड़े मिलने से हड़कम्प मच गया । आशंका जताई जा रही है कि शिकारियों द्वारा पक्षियों का शिकार करने के लिए दवा डाली गई थी जिसके कारण बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत हो गई जिसमें विलुप्त होते जा रहे बाज की भी मौत हो गई है ।

स्थानीय ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करके जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। दरअसल सर्दियों के मौसम महोबा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में विदेशी मेहमान प्रवासी पक्षी बड़ी संख्या में आते हैं और उनके शिकार के लिए शिकारी तरह-तरह के दांव अपनाते हैं। पनवाडी थाना क्षेत्र के भुजपुरा गांव के खेतों में आज दर्जनों पक्षियों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो जाने का मामला जब ग्रामीणों को पता चला तो उन्होंने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया ।



इन मृत पक्षियों में विलुप्त होती जा रही प्रजाति बाज भी शामिल है जिसे देखकर ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया और जिलाधिकारी से दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है । ग्रामीणों का कहना है कि शिकारियों द्वारा चिड़ियों को मारने वाली दवा डाली जाती है और शिकार करने के बाद जो खाने लायक पक्षी हैं शिकारी उन्हें खा लेते हैं और जो नही खाने लायक होती है वह पड़ी रहती हैं। यह शिकारी बहुत ही शातिर किस्म के हैं रात में आकर दवा डाल देते हैं जिनका पता ही नही चलता इसलिए हम लोग आज जिलाधिकारी को पत्र देकर आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग कर रहे है।




## अकीदत-ओ-ऐहतेराम से मनाई गई हजरत अली शेरे खुदा की पैदाइश

**समृद्धि न्यूज महोबा, समृद्धि न्यूज।** शहर के अलग-अलग स्थानों में हजरत अली शेरे खुद की यौमे पैदाइश के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के ऊदल चौक,सुभाष पुलिस चौकी के पास,रोडवेज बस स्टैंड सहित हवेली दरवाजा एवं भटीपुरा में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में समाजसेवियों सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता कर हजरत अली शेरे खुदा के जीवन पर प्रकाश डाल उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। इस दौरान खादिमाने हुसैन कमेटी के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन,एसडीएम सदर शिवध्यान पांडे,शहर कोतवाल मनीष कुमार पांडे,समाजसेवी राम जी गुप्ता, न्याज मुहम्मद, शिवकुमार गोस्वामी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जो बोले सो निहाल की सदाओं से गूंज उठी वीर भूमि

- गुरुद्वारा में गुरुवाणी पाठ के बाद निकाली गई शोभा यात्रा
- गतका पार्टी के द्वारा दिखाएं गए हैरत अंगेज करतब




समृद्धि न्यूज महोबा।

सिख समुदाय के दसवें गुरु गोविंद्र सिंह के 359वें प्रकाशोत्सव वीर भूमि में उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा में गुरुवाणी पाठ के बाद नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गतका पार्टी के द्वारा हैरत अंगेज कारनामा दिखाएं गए।

शनिवार को गुरु गोविंद्र सिंह के प्रकाश उत्सव को लेकर मुख्यालय स्थित गुरुद्वारा में सुबह से भजन कीर्तन और गुरुवाणी पाठ काआयोजन किया गया। प्रकाशउत्सव पर आपसी भाईचारा की परंपरा देखने को मिली। सभी धर्मो के लोगों ने हिस्सा लिया। सुबह आठ बजे से पाठ साहिब के बाद कीर्तन भजन और अरदास और हुकुमनामा के साथ लंगर में लोगों ने प्रसाद छका। कीर्तन में अमरीक सिंह कानपुरी और लखनऊ के जगजीत सिंह और पंजाब के दलेर भाई की गतका पार्टी ने हैरत अंगेज कारनामा दिखाएं जिन्हें देखकर लोगों ने दांतों तले ऊंगली दबा ली। शोभा यात्रा के आगे घोड़ा चल रहे थे जबकि बैंड बाजा के साथ महिलाएं शामिल हुई। सदर विधायक पंडित राकेश गोस्वामी के आवास के बाहर, आल्हा चौक सहित जगह-जगह स्टाल लगाए गए। लोगों ने शोभा यात्रा में चल रहे लोगों को चाय, मिठाई वितरित की। शोभा यात्रा में महिलाएं झाड़ू लेकर पंचप्यारे के चलने के लिए सफाई कर फूल बिछा रहीं थी। शोभा यात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ, प्रीतपाल सिंह, सरदार जसपाल सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार हरजीत सिंह, सरदार जसपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, आदि मौजूद रहे। सदर विधायक राकेश गोस्वामी के प्रतिनिधि रोहित शर्मा, दीपाली तिवारी, बी के तिवारी, सिराज खान, सहित जगह-जगह स्टाल लगाकर पंच प्यारों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। सुरक्षा को लेकर कोतवली प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडेय, एसआई भूपेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# नहाने के दौरान पानी पड़ जाने को लेकर जेल में भिड़े दो कैदी

- एक कैदी ने दांतों से काटा दूसरे का जबड़ा
- गंभीर रूप से घायल कैदी का जिला अस्पताल में कराया गया इलाज

समृद्धि न्यूज महोबा।

जिला उपकारागार में नहाने के दौरान पानी पड़ जाने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद जिला उपकारागार में बंद दो कैदियों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक कैदी ने दांतों से हमलाकर दूसरे कैदी का जबड़ा काट लिया। हमले में कैदी लहूलुहान हो गया।

आनन-फानन में घायल कैदी को जेल प्रशासन द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया। जेल परिसर के अन्दर हुई मारपीट की इस घटना ने जेल प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। बताते चलें कि जिला उपकारागार में नहाने के दौरान पानी पड़ जाने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद दो कैदियों में जमकर मारपीट हो गई। परिसर के अन्दर हुई मारपीट से जेल में हड़कम्प मच गया। मारपीट में 27 वर्षीय कैदी कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में जेल प्रशासन द्वारा घायल कैदी कमलेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहाँ तैनात डॉक्टर की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि घायल कैदी कमलेश गैंगस्टर एक्ट का आरोपी है जो जून 2021 से जेल में निरुद्ध चल रहा है जबकि आरोपी हरिओम तिवारी फरवरी 2023 से जेल में निरुद्ध है जो जानलेवा हमले का आरोपी बताया जा रहा है। फिलहाल जेल प्रशासन द्वारा घायल कैदी का इलाज जिला अस्पताल में कराया गया है जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर जेल भेज दिया गया है। जेल के अन्दर हुई मारपीट में कैदियों में हड़कम्प मच गया। जेल परिसर के अन्दर हुई मारपीट की इस घटना ने जेल प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि जेल में निरुद्ध जानलेवा हमले का आरोपी कैदी हरिओम बाथरूम में नहा रहा था तभी पास में नहा रहे गेंगस्टर एक्ट के आरोपी कमलेश का पानी हरिओम के ऊपर चला गया जिसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि हरिओम ने कमलेश पर हमला कर उसके जबडे को दांतों से काटकर लहूलुहान कर दिया। मारपीट का मामला सामने आने के बाद जेलर पी के मिश्रा का कहना है कि दो कैदियों में हुए विवाद में कमलेश नाम का एक कैदी घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




# हर्षोल्लास से मनाई गई सावित्री बाई फुले जयंती

समृद्धि न्यूज चरखारी/महोबा।

अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में निरंतर संचालित निःशुल्क अम्बेडकर पाठशाला चरखारी नगर के मोहल्ला रूपनगर,खंदिया चरखारी एवं अम्बेडकर पाठशाला ग्राम रिछा में देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर अम्बेडकर पाठशाला फाउंडेशन के निदेशक इन्द्र कुमार ने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक थी उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ था। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर स्त्रियों के अधिकारों के लिए काम किया 9 वर्ष की आयु में सावित्रीबाई जी की शादी सन 1940 में ज्योतिबा फुले के साथ हुई द्य सावित्रीबाई,ज्योतिबा फुले दोनों ने मिलकर 01 जनवरी 1848 को पुणे में पहला लड़कियों का स्कूल खोला था कुल 18 स्कूलों की स्थापना की,उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी द्य सावित्रीबाई फुले ने प्लेग महामारी के दौरान मरीजों की सेवा की और 10 मार्च 1897 को उनकी मृत्यु हो गई और वहीं पवन कुशवाहा ने बताया कि सन 1848 को भारत में लड़कियों के लिए पहली पाठशाला पुणे महाराष्ट्र के भिड़ेवाड़ा में पहली पाठशाला स्थापित की और माता सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका बनीं। फिर अनेकों स्कूलों, अस्पताल, विधवा आश्रय स्थलों की स्थापना की द्य इस मौके पर मनीष (पाठशाला संचालक चरखारी), अमित कुमार,पवन कुशवाहा, आनंद पाल, खुशबू, इच्छा, रागनी, एवं, मनीष अहिरवार, रूपेंद्र पाल, कार्तिक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# एसआईआर में लगे कार्यकर्ताओं को सपा जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

▸ सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें दी गई श्रद्धांजलि

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मे बूथ स्तर पर मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज करने और मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने में पार्टी के बूथ लेवल एजेंट पार्टी पदाधिकारियों पीडीए बूथ प्रहरियों ने सहभागिता करते हुए हर बार की तरह इस बार भी सभी ने एकजुट होकर इस काम को जिस प्रकार पूरा किया है इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह काम है। उक्त बात सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने जिला पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के कुशल संचालन में आयोजित जिला बैठक एवं नारियों के उत्थान के लिए उनकी शिक्षा दीक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर आयोजित बैठक एवं विचार गोष्ठी में सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत व्यक्त किये। सदर विधायक ने आगे कहा कि हमारी पार्टी के पदाधिकारियों ने जिस तरह एसआईआर प्रक्रिया में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित बीएलओ के साथ तालमेल मिलकर मतदाताओं के फॉर्म भरना सुनिश्चित किया है। जिला अध्यक्ष ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा सावित्रीबाई फुले बालिकाओं की शिक्षा और सशक्त बनाने के लिए



तमाम काम किया उनके कार्य और विचार समय निरंतर शिक्षा लेते हुए अपने आसपास के जो कमजोर और शिक्षा से वंचित लोग हैं उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करने का काम हम सबको करना होगा तभी उनके कार्यों विचारों का सही मायने में अनुसरण कहलायेगा। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सरवर अली खाँ, पूर्व विधायक रतनलाल राव, राष्ट्रीय प्रवक्ता फैजान किदवई, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, विशेष आमंत्रित सदस्य सुरेश चंद्र गौतम, जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला महासचिव हिमांशु यादव, हसमत अली गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, डॉक्टर एमएल साहू, रिजवान संजय, कामता प्रसाद यादव, विजय यादव चक्खन यादव, यशवंत यादव, प्रदुमन यादव, युवजन सभा अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष शाफे जुबेरी, महिला सभा जिला अध्यक्ष पूनम यादव, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कैप्टन रमेश चंद यादव, मोहम्मद आफाक, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति रुपेश रावत, जिला सचिव पवन वर्मा, दिनेश शर्मा, सिराज उस्मानी, गुलरेज अहमद, मोहम्मद साजिद, धीरज यादव, ज्ञान सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष सदर विनय यादव, विधानसभा अध्यक्ष कुर्सी सुरेश यादव, जिला पंचायत सदस्य राम बक्श पुचकारी, राम सजीवन रावत, सुमन यादव अर्पित यादव शकीला बानो अंकित वर्मा मुलायम सिंह यादव निजामुद्दीन चांद सिद्दीकी मोहम्मद मेराज मोहम्मद आजम इशांत वर्मा नितिन वर्मा, सहित अन्य पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित का श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

# हजरत अली इब्ने अबुतालिब का मनाया गया जश्न

सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



सैय्यदवाड़ा क्षेत्र के संगौरा मोड़ चौराहा पर हर साल की तरह इस साल भी विलायती ब्रदर्स संगौरा की जानिब से जश्ने आमदे मौलाए कायनात हज़रत अली इब्ने अबुतालिब अ.स. मनाया गया व लोगों में शीरनी (मिठाई) तकसीम की गई।

प्रोग्राम में सबसे पहले नज़्रे मौला अली अ.स. हुई जिसको मौलाना ज़ायर आबिद साहब आलमपुरी ने अंजाम दिया।मौलाना ने हज़रत अली अ.स. के किरदार पर रौशनी डालते हुए लोगों बताया कि मौला का किरदार हम सभी के लिए नमूनाए अमल है।जश्न का संचालन अली जव्वाद संगौरवी ने की।शोराए एकराम में शुजा आलमपुरी,आमिर, ज़ामिन आलमपुरी,सालिम संगौरवी, काशिफ़ संगौरवी,रेहान अब्बास संगौरवी, अली सादिक सल्लमहू ने नज़राने अक़ीदत पेश किया।जश्न के बाद लोगो ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की।इस मौके पर मो अकील ज़ैदी साबिक प्रधान असरेंडा,सफ़ीर हैदर प्रधान आलमपुर,मास्टर मो आबिस,मास्टर असद अब्बास,शोज़ब ज़ैदी,अली अम्मार ज़ैदी, मो ज़रार,बुरैर हसन,एडवोकेट अब्बास हुसैन, शिफाउल हसन, वसी ज़ैदी,मो जाफ़र,मो शहीर,खादिम हसन,हिलाल हसन, मुजाहिद हुसैन,अज़ीज़ुल हसन, ज़कीउल हसन के अलावा इलाके के तमाम लोगों ने शिरकत की। वही दूसरी तरफ नई सड़क तिराहा स्थित पत्रकार एस एम रज़ी ज़ैदी,एसएम वसी ज़ैदी,कामिल हुसैन व इक़बाल हुसैन के मकान पर भी मौला अली का जन्म दिन मनाया गया।नज़र के बाद सभी आने जाने वालो को मिठाइया वितरित की गयी।

# प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक थी सावित्रीबाई फुले : पुनिया

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सांसद आवास ओबरी में सावित्री बाई फूले जी की जयन्ती पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित एवं नमन करते हुये कहा कि, सावित्री बाई फूले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारिका और मराठी कवियित्री थी।

उन्होने छुआछूत और जातिवाद के खिलॉफ मजबूती से आवाज उठाई एवं विधवाओं के साथ होने वाले शोषण के खिलॉफ उन्होने इस ग्रह की स्थापना की।

श्री पुनिया ने कहा कि, सावित्री बाई फूले जी आज भी करोंड़ों महिओं के लिये प्रेरणा की स्त्रोत हैं



उनके जीवन और योगदान से जुड़ी बहुत सी घटनाऐं एवं कहानियां हैं। जयन्ती के मुख्य अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ज्ञानेश शुक्ला, एड0 केसी श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, रामहरख रावत, विजयपाल गौतम, लल्लन शाह वारसी, सन्तराम गौतम, एड. कमलेश गौतम, जयन्त गौतम, अरविन्द सिंह, मोहम्मद सैय्यद अरशद, अलाउद्दीन, असलम राईन, आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पिकप ने घर के सामने अलाव ताप रहे बालक को कुचला, मौत



▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में घर के सामने अलाव ताप रहे बालक को तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत विशुनपुर गांव निवासी संजय कुमार का 13 वर्षीय पुत्र सत्यम शनिवार दोपहर घर के सामने अलाव ताप रहा था। इसी दौरान लकड़ी लादकर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित हो गई और वाहन चालक नियंत्रण न कर पाते हुए सत्यम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर दौड़े परिजन जब तक उसे इलाज के लिए कहीं ले जाते तब तक उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भगाने लगा। शोर सुनकर ग्रामीणों ने पिकअप का पीछा किया और बसारी गांव के पास उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान पिकअप में लकड़ी लदी हुई पाई गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,वाहन समेत चालक को हिरासत में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

# अति कुपोषित बालक को आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने अस्पताल में कराया भर्ती

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के ठाकुरपुर गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने एक अति कुपोषित बच्चे को उपचार के लिए सिरौलीगौसपुर अस्पताल पहुंचाया। अवकाश का दिन होने के बावजूद, अस्पताल पहुंचे डॉ. देव प्रताप सिंह ने बच्चे की जांच की। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्होंने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला मुख्यालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) रेफर कर दिया। यह घटना शनिवार को हुई।शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चे को उसके परिजनों के साथ पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची थीं। डॉ.



देव प्रताप सिंह ने बच्चे की जांच के बाद उसे अति कुपोषित पाया और तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से एनआरसी भेजने की व्यवस्था की। डॉक्टर ने अवकाश के दिन भी अपने कर्तव्य का पालन किया।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर अति कुपोषित बच्चों को जिला मुख्यालय पर बने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती किया जाता है। यहां चिकित्सक और डाइटीशियन की देखरेख में बच्चों को विशेष पोषाहार दिया जाता है।आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की पहचान की जाती है।

## खबरें एक नजर में

### पानी से भरे गड्ढे में बालक की डूबकर मौत



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील परिसर में शनिवार दोपहर एक दुखद घटना में 12 वर्षीय बालक अथर्व मौर्या की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ। अथर्व, विक्रम मौर्या का पुत्र था। जानकारी के अनुसार, अथर्व खेलते समय फिसल गया और परिसर में मौजूद एक पानी से भरे गड्ढे में जा गिरा। पानी में डूबने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। हादसे के तुरंत बाद, परिजन अथर्व को सिरौली गौसपुर स्थित 100 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय ले गए। हालांकि, अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस घटना के बाद से मृतक अथर्व के माता-पिता गहरे सदमे में हैं और परिवार में शोक व्याप्त है।कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### व्यापार मंडल के भंडारे में हजारो भक्तों ने चखा प्रसाद

**लालगंज, रायबरेली।** नववर्ष के अवसर पर निकाली गई विशाल पदयात्रा में शामिल हजारों भक्तो की सेवा के लिये उद्योग व्यापार मंडल सहित अन्य ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारो भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। यह यात्रा लगातार 18वर्षों से निकाली जा रही हैं जिसमें कई लोगों का सहयोग रहता हैं ।व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया कि नए वर्ष में लालगंज से निकाली गई भक्तो की यात्रा का ऐहार के पूर्व एमसीएफ के सामने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तो को हलवा, सब्जी, पूडी व मैक्रोनी रूपी प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण एवं भंडारे के आयोजन में प्रभारी राकेश पटवा, सचिन सिंह, मनोज प्रताप सिंह, संजय कौशल, विनोद गुप्ता, पवन गुप्ता, विपिन वर्मा, संदीप गुप्ता, अभिषेक सोनी ,रानू गुप्ता, ओमी तिवारी, सौरभ सिंह, अभिनय सोनी, अंकित गुप्ता, अखिलेश सिंह, सुरेश सागर, लाला पटवा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### अनाया इंस्टिट्यूट में विद्यार्थियों ने सीखीं डिजिटल युग की बारीकियां



**सलोन रायबरेली।** आज के डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा की अनिवार्य आवश्यकता को देखते हुए पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज के छात्रों के लिए एक विशेष आईटी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह कक्षाएं अनाया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विशेष रूप से उपलब्ध कराई गईं। प्रशिक्षण के दौरान अनाया इंस्टीट्यूट के तकनीकी विशेषज्ञों ने छात्रों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी दिया। कोडिंग,इंटरनेट सुरक्षा और भविष्य में आईटी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।कक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छात्रों के बीच डिजिटल अंतर को कम करना था। इंस्टीट्यूट के प्रशिक्षकों ने थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज पर जोर दिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए कहा शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि कौशल विकास भी है। अनाया इंस्टीट्यूट द्वारा दी गई इन आईटी क्लासेज से हमारे छात्र भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होंगे। कक्षाओं में पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और आधुनिक सॉफ्टवेयर के उपयोग से जुड़े कई सवाल भी पूछे जिनका समाधान किया गया।

# मुरैनी प्रधान ने गरीबों को बांटे कंबल

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

इस समय कड़कड़ाती हुई ठंड पड रही है जो की गरीबों के ऊपर आफत बनकर बरस रही है।गरीबों के लिए सर्द रातें बहुत ही ज्यादा कठिनाई से भरी होती है क्योंकि उनके पास न तो ढंग का ओढ़ने वाला होता है न ही बिछाने वाला। और इस समय गरीबों के हमदर्द बने हैं मुरैनी ग्राम पंचायत के प्रधान दीपू प्रतिनिधि रणविजय सिंह एडवोकेट वह उनके बड़े भाई करन सिंह (मोनू) द्वारा मुरैनी ग्राम पंचायत के गांवों में जाकर गरीब बेबस असहाय एवं बुजुर्ग महिलाओं सहित मजदूरों को कंबल दे रहे हैं वहीं उनके इस कार्य की प्रशंसा ग्रामीण सहित क्षेत्रवासी जमकर कर रहे हैं कि ग्राम प्रधान द्वारा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। करन सिंह ने



बताया कि लगभग 500 कंबल ग्राम पंचायत में बांटे गए हैं मुरैनी ग्राम पंचायत के समस्त गांव में जाकर घर-घर कंबल बांटने का कार्य हो रहा है और एक भी घर छूटने नहीं पाएगा जिसको भी जरूरत हर उस जरूरतमंद को कंबल प्रदान किए जा रहे हैं। जिससे कि उनकी ठंड आसानी से कट सके। इस मौके पर आश बहादुर सिंह राजकुमार सिंह मुकेश सिंह बबलू सिंह जीत बहादुर सिंह रोहित शुक्ला राहुल मिश्रा अमित मिश्रा सत्यम सिंह आदित्य सिंह लालता गौतम कमलेश पासी रामसेवक श्यामलाल राजू पासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महानिदेशक परिवार कल्याण ने सीएचसी का किया निरीक्षण

बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज।

शनिवार दोपहर महानिदेशक परिवार कल्याण डॉक्टर पवन कुमार अरुण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षिका डॉक्टर अर्पिता श्रीवास्तव को निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ एवं मजबूत बनाने के लिए कहा। साथ ही साथ साफ सफाई की व्यवस्था में और अधिक सुधार करने की बात कही। साथ ही साथ उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए उनमें निरंतर सुधार करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की अधीक्षिका डॉ अर्पिता श्रीवास्तव ने बताया कि महानिदेशक के द्वारा पूरे अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को देखा गया तथा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली डॉक्टर नवीन चंद्रा, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली डॉक्टर राकेश यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी एस अस्थाना सहित अस्पताल से डॉक्टर प्रभात मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, एआरओ छत्रशाल मिश्र, बृजेश सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्व प्रधान ने धरौली गांव में बांटा कंबल, किया भंडारा

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। विकास खण्ड मुसाफिरखाना की आदर्श ग्राम पंचायत धरौली के पूर्व प्रधान विनोद कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपनी मां की पुण्यतिथि पर आस पास की कई ग्राम पंचायतों की गरीब व असहाय जनता को अपने आवास पर हजारों लोगों को बिना भेद भाव के सर्दी से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शेमफोर्ड विद्यालय के निदेशक रंजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। पूर्व प्रधान विनोद कुमार सिंह ने आने वालों को प्रसाद स्वरूप भोजन भी कराया। पूर्व प्रधान के अनुज रंजीत सिंह पूरी लगन व निष्ठा से कार्यक्रम में जुटे रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग व पत्रकार बंधुओं के अलावा पूर्व प्रधानाचार्य जय बहादुर तिवारी, पत्रकार प्रेस परिषद अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह, पूर्व शाखा डाक पाल कीर्ति पाल सिंह, गिरीश चंद्र गुप्त, मनजीत सिंह, पूर्व इंजीनियर ।ारुओम प्रकाश सिंह, वीएन तिवारी, सुधाकर तिवारी व समाज सेवी उदय पाल सिंह व विपुल सिंह दादरा व साधु राम गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जल निगम की लापरवाही बनी हादसे का कारण, दो घायल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

▸ विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से अब तक कई राहगीर हो चुके हैं दुर्घटना का शिकार

थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के निकट बछरावां महाराजगंज मार्ग पर इन दिनों जल निगम विभाग की लापरवाही का नतीजा राहगीरो को दुर्घटना का शिकार होकर चुकाना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग के किनारे जल निगम की पाइप डाली जा रही है और जहां-जहां पर पाइप डालने के लिए नालियाँ खोदी जा रही है, उन नालियाँ की मिट्टी सड़क मार्ग पर फैला दी जा रही है। जिससे कोहरा गिरने से मिट्टी गीली हो रही है और राहगीर इस मिट्टी में फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। ऐसी ही दुर्घटनाओं का नजारा कुछ दिनों से लगातार चल रहा है। जिसमें एक दर्जन से अधिक राहगीर घायल हो चुके हैं। हद तो तब हो गई जब उक्त अधिकारियों एवं विभाग की लापरवाही के कारण बीते शुक्रवार की देर रात लगभग 9:00 बजे के आसपास उक्त मार्ग पर दो राहगीर दुर्घटना का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में एक मोटरसाइकिल सवार शिवा पुत्र कमलेश उम्र 17 वर्ष निवासी तौली जो अपने परिजन के साथ बछरावां से महाराजगंज की तरफ जा रहा था, जैसे ही वह उक्त मार्ग पर कस्बे के निकट हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तभी सड़क पर फैली उक्त मिट्टी में उसकी बाइक फिसल गई और वह बाइक समेत सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। वहीं गंभीर स्थिति में परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गए हैं। वहीं दूसरी घटना भी उसी स्थान के निकट घटी, जहां एक ऑटो रिक्शा चालक वीरपाल पुत्र ओरीलाल उम्र 38 वर्ष निवासी जलालपुर, जो बछरावां से अपना ऑटो रिक्शा लेकर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह उक्त स्थान पर पहुंचा, तभी उसका ऑटो रिक्शा मिट्टी में फिसल गया और सामने से आ रही तेज रफ्तार बस से बचने के चक्कर में वह अपने की ऑटो रिक्शा को संभाल नहीं सका, जो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात गंभीर स्थिति में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जल निगम के इन अधिकारियों की लापरवाही के को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है, लोग प्रतिदिन सड़क पर फेंकी गई मिट्टी के कारण हो रही दुर्घटनाओं को उक्त विभाग की घोर लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं और विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर मार्ग पर फैली उक्त मिट्टी पर संकेतक एवं अन्य सूचना चिन्ह न लगाने का भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि अगर विभागीय अधिकारी उक्त स्थान पर कुछ संकेतक लगा दे तो, शायद प्रतिदिन हो रहे इन हादसों को रोका जा सकता है।

# रहस्यमयी ढंग से किसान के खेत में हुआ गहरा गड्ढा

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली क्षेत्र अमेठी के गोपालपुर गांव में रहस्यमयी घटना से सनसनी फैल गई। जब एक महिला किसान के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक गहरा गड्ढा बन गया। सुबह ग्रामीणों ने खेत में बने इस गड्ढे को देखा और महिला किसान को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही महिला किसान मौके पर पहुंचीं और जिसके बाद खेत में लोगों की भीड़ जुट गई। अचानक बने इस गड्ढे को देखकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और मामला रहस्य का विषय बन गया है। ग्रामीणों के



अनुसार गड्ढे की गहराई करीब 10 फीट से अधिक और चौड़ाई लगभग 8 फीट बताई जा रही है। इस घटना को लेकर लोगों में डर और उत्सुकता दोनों देखने को मिल रही है। फिलहाल ग्रामीणों ने मामले की जानकारी प्रशासन को देने की बात कही है। खेत में अचानक इतना बड़ा गड्ढा बनने की असली वजह क्या है यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# डीएम ने किया न.प. परिषद लहरपुर का निरीक्षण

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने नगर पालिका परिषद लहरपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लेखा अनुभाग, निर्माण अधिष्ठान कक्ष, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, आई.जी.आर.एस. कक्ष, जल कल विभाग आदि को देखा। उन्होंने लेखा अनुभाग में कैशबुक का अवलोकन करते हुये वार्डों एवं वार्डों में करायी जा रही साफ-सफाई के बारे में जानकारी ली। अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लहरपुर को दिये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप संचालित सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस



को दिया जाये। निर्माण अधिष्ठान कक्ष में नाली निर्माण के कार्यों एवं अन्य निर्माण पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये कमियां मिलनें पर अधिशासी अधिकारी लहरपुर का स्पष्टीकरण एवं जल निकासी योजना की पत्रावलियों को देखते हुये कमियां होने तथा कार्य पूर्ण न होने पर अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं पटल बाबू मुशीर अहमद को चेतावनी पत्र जारी किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने नगरीय झील एवं तालाब आदि की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया, जिसमें कमियां मिलने पर कार्य ससमय पूर्ण न होने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश संबंधित को दिये।

## लेखपालों की विदाई में हुआ था तहसील परिसर में नाच-गाना

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील परिसर में आरगन बाजे पर नाच-गाने का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसकी सच्चाई सामने आ गई है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। बताया जाता है कि प्राप्त वायरल वीडियो का तहसील प्रशासन से कोई भी संबंध नहीं है। यह वीडियो 31 दिसंबर का बताया जा रहा है, जो कि दो रिटायर्ड लेखपालों के विदाई समारोह के दौरान का है। मिली जानकारी के मुताबिक विदाई समारोह लेखपाल संघ द्वारा अपने सभागार के पास आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान खुशी का माहौल देखकर रिटायर्ड लेखपालों के परिजन आरगन बाजा बजाने वाले कलाकारों को साथ ले आए थे।

# केवीके कटिया में आयोजित किया गया सरपंच सम्मेलन

▸ आर्टीफीसियल इटींलीजेंस तकनीक का जी राम जी में उपयोग

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया (सीतापुर) में एक वृहद सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के बिसवां विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों से ग्राम प्रधान, सहायक कार्यक्रम अधिकारी एवं ग्राम सेवक सहित कुल 74 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर



श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मनरेगा से विकसित भारत जी राम जी योजना तक हुए महत्वपूर्ण बदलावों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन समय की आवश्यकता है और इसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर कृषिगत विकास, रोजगार सृजन तथा बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने योजनांतर्गत कृषि विकास की रूपरेखा पर अपने दृष्टिकोण को प्रतिभागियों के समक्ष रखा।

केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने विकसित भारत जी राम जी योजना में हुए मूलभूत प्रावधानों, संरचना तथा क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने चरणबद्ध तरीके से बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर इस योजना को किस प्रकार प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। साथ ही प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी किया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी नितिन गुप्ता ने योजना के अद्यतन प्रावधानों, नियमानुसार कार्ययोजना निर्माण, ग्राम स्तर पर सहभागिता, जल संरक्षण तथा ग्रामीण अवसंरचना विकास के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुव्यवस्थित कार्ययोजना एवं पारदर्शी क्रियान्वयन से ही योजना के वास्तविक लाभ ग्रामीण समुदाय तक पहुँच सकते हैं। केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने कोर ग्रामीण अवसंरचना के अंतर्गत स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन एवं प्राथमिकता निर्धारण विषय पर अपनी प्रस्तुति दी।

# भाकियू (भानु) ने सौ शैया अस्पताल के खिलाफ खोला मोर्चा

**वायरल वीडियो को लेकर स्टाफ नर्स को धमकी देने का आरोप**

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने सौ शैया संयुक्त राजकीय अस्पताल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने चेतावनी जारी की है कि यदि व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने बताया कि हाल ही में अस्पताल में एक घिनौने कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने जांच समिति गठित करने और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लेकिन, वीडियो बनाने वाली स्टाफ नर्स को अस्पताल प्रशासन (सीएमएस) और अन्य लोगों द्वारा डराया-धमकाया जा रहा है। उसकी ड्यूटी हटा दी गई है और नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है। इस अन्याय के विरोध में भाकियू का प्रतिनिधि मंडल अस्पताल पहुंचा और स्टाफ नर्स को संरक्षण, पुरस्कार व सम्मान प्रदान करने की मांग की। यदि उसके साथ कोई गलत कार्रवाई हुई, तो यूनियन अधिकारियों की निष्पक्ष जांच तक आंदोलन जारी रखेगी। भाकियू ने अस्पताल व्यवस्था में सुधार, निष्पक्ष जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और महिला कर्मचारी को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। मांगें पूरी न होने पर विशाल आंदोलन की चेतावनी दी गई।

इस अवसर पर कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष अयूब खान, जिला मीडिया प्रभारी आकाश कश्यप, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैजान खान, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शिवम मिश्रा, तहसील उपाध्यक्ष परमजीत सिंह व मीडिया प्रभारी आलोक यादव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**अस्पताल के बाहर से मंगाई जाती है दवाइयां**

छिबरामऊ। प्रतिनिधिमंडल ने मरीजों से बातचीत में पाया कि कई मरीजों को दवाइयां बाहर की दुकानों से 500-900 रुपये में खरीदनी पड़ रही हैं, जबकि उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी दवाइयां व जांच सुविधाएं उपलब्ध होने का दावा किया था। गरीब किसान मजदूर वर्ग को नि:शुल्क उपचार की उम्मीद है, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है।

**डॉक्टर निजी अस्पतालों का कर रहे संचालन**

छिबरामऊ। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि अस्पताल से जुड़े कुछ डॉक्टर अपने निजी अस्पतालों को संचालित करने में संलग्न हैं, जिससे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है। अगर ऐसा है तो उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# भगवान बुद्ध का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक: प्रिया शाक्य

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगला महुअन, खोजीपुर गांव में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय बुद्ध कथा का शुभारंभ फीता काटकर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने किया।

उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। बुद्ध ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध पूरे जीवन संघर्ष किया। वास्तव में, अंत्योदय की राह उन्हें से मिली, क्योंकि उन्होंने जात-पात और ऊंच-नीच में कभी भेदभाव नहीं किया।

उन्होंने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया और अंतिम सांस तक संघर्ष जारी रखा। कथावाचक शाक्य रजनी बौद्ध शास्त्री और प्रज्ञा (नन्दनी) बौद्ध ने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जन्म की कथा का विस्तार से बखान किया। एक जनवरी से प्रारंभ हो रही यह कथा प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। इसका समापन सात जनवरी को होगा, जबकि आठ जनवरी को भंडारा आयोजित होगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं सहित विकास शाक्य, अजय शाक्य, हरिराम शाक्य, सुधर सिंह शाक्य, दीपक शाक्य, राहुल उर्फ टिंकू शाक्य, संदीप शाक्य, सिद्ध प्रकाश, जितेंद्र शाक्य, कुलदीप, राम बहादुर और हरीशंकर शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# मौला अली की यौमे विलादत पर किया तबर्रुक का वितरण

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



हजरत अली इब्ने अबी तालिब अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत (जन्मदिन) के अवसर पर नगर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में बड़ी अकीदत के साथ फातिहा ख्वानी करके तबर्रुक (प्रसाद) का वितरण किया गया। मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार इस्लामिक कैलेंडर की तारीख 13 रजब का यह मुबारक दिन बेहद खास माना जाता है, क्योंकि इसी दिन खाना-ए-काबा के अंदर हजरत अली की विलादत (पैदाइस ) हुई थी। वह ऐसी इकलौती शख्सियत हैं जिनकी पैदाइश अल्लाह के घर में हुई। उनकी वालिदा (मां) फातिमा बिन्ते असद काबा का तवाफ कर रही थीं, तभी काबे की दीवार फट गई और वह अंदर तशरीफ ले गईं।

तीन दिन बाद हजरत अली का जन्म हुआ और दीवार फिर जुड़ गई। यह अल्लाह की बड़ी निशानी मानी जाती है। हजरत अली मौला-ए-कायनात, जानशीन-ए-सर्वरे कायनात, पैगंबर सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम की बेटी के शौहर, इमाम हसन और इमाम हुसैन के वालिद, खैबर का किला फतेह करने बाले, अमीरुल मोमिनीन, शेरे खुदा और हैदरे कर्रार के नाम से मशहूर हैं। उनकी बहादुरी का आलम यह था कि उन्होंने खैबर के भारी दरवाजे को उखाड़ फेंका। उनकी इल्म की गहराई नहजुल बलागा में देखी जा सकती है, जबकि अदालत और इंसाफ की मिसालें आज भी दी जाती हैं। वह गरीबों के मददगार, यतीमों के सरपरस्त और इस्लाम के सच्चे खादिम थे। इस मौके पर लोगों ने उनकी शान में दुरूद-ओ-सलाम पढ़ा और तबर्रुक बांटकर खुशियां मनाईं। नगर के मोहल्ला बिरतिया में लंगर का इंतजाम किया गया। वहीं जामा मस्जिद के पास अंजुमन मुस्लिम कमेटी की तरफ से हुए तबर्रुक (प्रसाद) वितरण के दौरान हाफिज मुजीब, जाहिद चिश्ती, नसीम, सानू मंसूरी, नदीम, शाहिद, लहिक, जीशान, अकरम, एहसान, शरीफ मुंशी, जावेद, जिलानी, तालिब, बबलू आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान पंचायत के लिए आज दादरी रवाना होंगे भाकियू के पदाधिकारी



छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की दादरी में 4 जनवरी को होने वाली महापंचायत के लिए सुबह 9 बजे 20 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से पदाधिकारी रवाना होंगे। राष्ट्रीय महासचिव बबलू मिश्रा की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि संतोष पाठक की मौजूदगी यह महापंचायत जिलाध्यक्ष राहुल कुमार, जिला संगठन मंत्री अमित गूजर व तहसील अध्यक्ष राजीव के सोजन्य से कोट पुलिस चौकी दादरी के पास 4 जनवरी को 1 बजे प्रस्तावित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक इस महापंचायत में भाग लेने हेतु छिबरामऊ से 20 गाड़ियों के साथ करीब 100 पदाधिकारी 4 जनवरी को सुबह 9ः बजे प्रस्थान करेंगे। इस किसान महापंचायत में पश्चिम क्षेत्र के किसानों व पदाधिकारियों की समस्याओं का निराकरण कराने के साथ संगठन का विस्तार किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि समय से प्रस्थान करेंगे।

# फिल्मी स्टाइल में पैर छूकर रिटायर्ड डाककर्मी से उड़ाए 44 हजार

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर पालिका रोड तिराहे पर एक रिटायर्ड डाककर्मी के साथ फिल्मी अंदाज में जेबकटी की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। दो बाइक सवार युवकों ने बुजुर्ग के पैर छुए, रास्ता पूछा और फिर अवसर का फायदा उठाकर उनकी जेब से 44 हजार रुपये की नगदी उड़ा ली। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है, जो अब सीसीटीवी फुटेज खंगालकर अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

मोहल्ला चौधरियान निवासी बांकेबिहारी शाक्य स्थानीय डाकघर में माली व वाटरमैन के पद पर कार्यरत रहे। वर्ष 2020 में सेवानिवृत्त होने के बाद वे शांतिपूर्ण जीवन जी रहे थे। शनिवार को वह घर से 44 हजार रुपये लेकर बैंक जमा करने निकले। बैंक पहुंचने पर पता चला कि छुट्टी के कारण वह बंद है। निराश होकर वे पैदल ही लौट रहे थे। तभी नगर पालिका रोड तिराहे के आगे एक बाइक रुकी। पीछे बैठे युवक ने उतरकर शाक्य के पैर छुए और सौरिख जाने का रास्ता पूछा। बुजुर्ग ने सहानुभूति में उनकी बाइक पर बैठने की बात मान ली।

रास्ते में बाइक सवारों ने चतुराई से उनकी पैंट की जेब काट दी। कुछ दूर बाद उन्हें उतारकर फरार हो गए। जब शाक्य ने जेब चेक की तो नगदी गायब थी। हताश होकर उन्होंने अपने बेटों और पुलिस को सूचना दी। कस्बा चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी ने मौके का मुआयना किया और मुख्य मार्गों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि अपराधी इलाके के परिचित हो सकते हैं। नकदी ले जाते समय सावधानी बरतें और संदिग्धों से दूरी बनाए रखें।

## खबरें एक नजर में

### बिजली खम्बा से नीचे गिरा, संविदा लाइनमैन घायल

समधन, समृद्धि न्यूज। बिजली खम्बा पर चढ़कर तार सही कर रहा संविदा लाइनमैन अचानक पैर फिसलकर जमीन पर गिरने से घायल हो गया क्षेत्र के रामाश्रम विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात ग्राम पुराभोज निवासी संविदा लाइनमैन विमलेश कुमार 32 वर्ष पुत्र रामदास शनिवार शाम साढ़े पांच बजे ग्राम नवादा में बिजली खम्बा पर चढ़कर तार सही कर रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे वह जमीन पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया साथी लाइनमैनो ने घायलवस्था में उसे उठाकर सराय प्रयाग स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाइक व साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर स्थित 7 नंबर नलकूप के पास हुई बाइक और साइकिल की जोरदार भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। सिकंदरपुर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी जावेद खान का 18 वर्षीय पुत्र फैज बाइक से कहीं जा रहा था, तभी एन एच 34 हाइवे पर 7 नंबर नलकूप के सामने साइकिल सवार ग्राम हसनपुर निवासी कलेक्टर सिंह पुत्र राम सरन से भिडंत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस द्वारा सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर देख दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### घर से गया बालक नही लौटा घर, परिजन परेशान



समधन, समृद्धि न्यूज। कस्बा समधन के मोहल्ला कादर खान नगर निवासी मोहम्मद शमसाद क़ासमी का बालक मोहम्मद सादिस उम्र लगभग 15 वर्ष दो जनवरी 2026 की दोपहर बाद करीब 4 बजें घर से निकला था वह देर रात तक अपने घर वापस नही लौटा जिससे परिजनों को चिंता हुई आसपास मोहल्लों व रिस्तेदारी में फोन से सम्पर्क किया गया लेकिन पता नहीं चला तीन जनवरी 2026 शनिवार को गुमशुदा हुआ बालक की सूचना मोहम्मद शमसाद क़ासमी ने गुरसहायगंज कोतवाली में दी गई है।

### ठंड से बचाव हेतु निराश्रतों को एसडीएम ने ओढ़ाए कंबल



माधौगढ (जालौन)। तहसील की ग्राम पंचायत गड़ेरना में उप जिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी पुलिस क्षेत्राधिकारी अम्बुज सिंह ने समाजसेवी शिक्षाविद स्व. पं. श्रवण कुमार द्विवेदी की पुण्य तिथि पर भतीजे धीरज द्विवेदी के संयोजन में निराश्रतों असहायों बेसहारों गरीबों बुजुर्गों को कंबल वितरित किए मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा कि निराश्रतों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है। इसमें सभी लोगो को बढ चढकर कर हिस्सेदारी करना चाहिए। वहीं समाजसेवी धीरज को नेक कार्य करने के लिए बधाई ज्ञापित की है सीओ ने कहा कि भीषण सर्दी में सभी बचाव करें वहीं असहायों की मदद अवश्य करें श्री द्विवेदी ने असहायों की मदद कर एक पुनीत कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि प्रिंस द्विवेदी एडवोकेट अखिलेश सविता और सभासद अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति ने संयुक्त रूप से कहा कि सर्दी के मौसम में सभी बचाव करें वहीं निर्बलों का सहयोग करें उनकी सेवा करना सच्ची सेवा है। करीब तीन सैकडा निराश्रतों को कंबल वितरित किए गये हैं। इस मौके पर बृम्ह प्रकाश द्विवेदी, विनोद द्विवेदी प्रदुम्न द्विवेदी, कपिल रावत सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही है।

# सड़क हादसे में जिले के ट्रक हेल्पर की ओडिशा में मौत



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



ओड़िसा में सड़क हादसे में क्षेत्र के निवासी ट्रक हेल्पर की मौत होने के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय गोपाल निवासी बृजमोहन पुत्र राजू ने बताया कि उनका भाई दीपक (23) पुत्र राजू 26 नवंबर को ट्रक पर हेल्पर के रूप में भुवनेश्वर (ओडिशा) गया था। वहां 29 दिसंबर को ट्रक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे भुवनेश्वर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 31 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई बृजकिशोर ने बताया कि वे पोस्टमार्टम कराना चाहते हैं ताकि मौत के सही कारण का पता चल सके। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। परिजनों का कहना है कि दीपक परिवार की आर्थिक मदद के लिए बाहर काम करने गया था। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस जांच कर रही है।

### दुर्घटना में युवक की मौत मामले में एफआईआर

जालौन,उरई। मजदूरी करने जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका भाई योगेंद्र कुमार 24 दिसंबर 2025 को करीब 11 बजे नहर के कार्य से गए थे। खनुवां गांव के पास, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन के चालक ने अनियंत्रित होकर उसके भाई को टक्कर मार दी थी। राहगीरों ने डायल 112 पर काल किया और भाई को सीएचसी पहुंचाया। जहां उसके भाई को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद अज्ञात वाहन भी वहां से भाग निकला।

# पिछैती, झुलसा रोग से आलू की फसल पर खतरा, समय से करें बचाव

**पाले से मिर्च, टमाटर, मटर आदि फसलों को नुकसान की आशंका**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिला उद्यान अधिकारी सी.पी. अवस्थी ने बताया कि तापमान में गिरावट, घना कोहरा व बूंदाबांदी के कारण जनपद में आलू की फसल पिछैती झुलसा रोग के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो गई है। बदलीयुक्त व नम मौसम में यह रोग तेजी से फैलता है और 80 प्रतिशत से अधिक आर्द्रता तथा 10 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान में 2 से 4 दिन में फसल को भारी नुकसान पहुँचा सकता है।

रोग में पत्तियों के सिरे झुलसने लगते हैं और भूरे-काले धब्बे दिखाई देते हैं। बचाव के लिए मैन्कोजेब या प्रोपीनेब 2 से 2.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर 800-1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। माहू कीट की स्थिति में इमिडाक्लोप्रिड मिलाकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है। रोग के प्रकोप वाले खेतों में डाईमेथोमार्फ व मैन्कोजेब या सायनोक्सानिल प्लस मैन्कोजेब का छिड़काव 7-10 दिन के अंतराल पर करें। उन्होंने बताया कि पाले के कारण मिर्च, टमाटर, मटर जैसी सब्जी फसलों को भी नुकसान की आशंका है, इसलिए समय-समय पर सिंचाई करें। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि कीटनाशकों का प्रयोग पूरी सावधानी व सुरक्षा उपकरणों के साथ करें।

### बजरिया में बड़ा हादसा टला, जर्जर बिजली का पोल गिरने से हड़कंप

उरई (जालौन)। नगर के बजरिया इलाके में शनिवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते बच गया। जर्जर लोहे का बिजली का पोल नीचे से गलकर गिर गया, गनीमत रही कि पोल सड़क पर गिरने की बजाय एक मकान पर टिक गया, जिससे किसी की जान नहीं गई। घटना सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफनाराजगी जाहिर की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में बिना उपयोग के करीब 15 से ज्यादा जर्जर बिजली के खंभे लगे हुए हैं, जिनकी लगातार दो साल से शिकायत की जा रही है। करीब 15 दिन पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और आज यह हादसा हो गया। लोगों ने बताया कि कई पोल इस कदर झुके हुए हैं कि कभी भी सड़क पर गिर सकते हैं।

# समाजसेवी शैलेंद्र ने बुजुर्गों को कम्बल भेंटकर लिया आशीर्वाद

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।



ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना में नववर्ष पर सामाजिक सौहार्द और सेवा भाव का प्रमाण देते हुए शैलेंद्र भदौरिया ने अपने पिता मथुरा सिंह भदौरिया के साथ गांव के बुजुर्गों को कंबल भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। लौना गांव में नववर्ष को देखते हुए गांव के बुजुर्ग और बेसहाराजनों को सर्दी से बचाव के लिए शैलेंद्र भदौरिया ने पिता मथुरा सिंह भदौरिया के साथ गांव के लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में इन बुजुर्गों को कंबल से राहत मिलेगी। वह किसी के लिए कुछ कर पा रहे हैं यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। गांव लोगों ने उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर देवराज सिंह भदौरिया, अभिषेक सेंगर, गोल्डी सेंगर, रवि अवस्थी, अंशु सेंगर, राहुल सेंगर, मगन सेंगर, शीलू तिवारी, श्यामू तिवारी, अभिषेक भदौरिया, मोहित गौर, निखिल गौर, धर्मेंद्र, संजीत, संजू, बुद्ध सिंह, सोनू, पानसिंह, सुदेश आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की परखी हकीकत

**सीएचसी जलालाबाद का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का गहन जायजा लिया और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता परखीं। निरीक्षण के समय एसडीएम ने मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण, दवाओं की उपलब्धता, अस्पताल परिसर की साफ- सफाई तथा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों का समयबद्ध और बेहतर ढंग से स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी को अनावश्यक परेशानी न हो। उप जिलाधिकारी सदर ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही आवश्यक दवाओं और संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों को हर संभव सुविधा देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्पष्ट किया कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

## मारपीट मामले में दो पर पुलिस ने की कार्रवाई

जालौन,उरई। पड़ोसी के साथ विवाद और पत्नी के साथ विवाद के मामलों में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढार सालाबाद निवासी किरन देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पति देवेंद्र आये दिन उसके साथ विवाद और पिटाई करते है। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन कुछ समझने को तैयार नहं है। आरोप लगाया कि शुक्रवार को पति घर आए और गाली, गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। उधर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरी निवासी गौरीशंकर ने पुलिस को बताया कि गांव के ही हंसराज ने बेवजह उसके साथ विवाद शुरू कर दिया।

# स्वीकृत परियोजना के टेंडर होने के बाद भी कार्य नहीं हुआ शुरू

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

जनप्रतिनिधियों के तमाम प्रयासों तथा नागरिकों की मांगों के बावजूद कालपी में स्वीकृत बड़ी परियोजनाओं का कार्य शुरू होने से जनता को वर्ष 2025 में मलाल बना रहा।

34 वर्ष पहले से संचालित अग्निशमन केंद्र के भवन के लिए 19 करोड़ की लागत से जोल्हूपुर मोड़ में जगह आवंटित होने के बावजूद भी सन 2025 में निर्माणाधीन कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र का गंदा पानी जो यमुना में गिरता है। जल संस्थान के लिए स्वीकृत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य भी टेंडर होने के बावजूद भी कार्य शुरू नहीं हो सका। नगरीय क्षेत्र कालपी के सदर बाजार मोहल्ले में स्वीकृत नलकूप का निर्माण कार्य भी इस वर्ष शुरू नहीं हुआ। विदित हो कि बस स्टॉप के निर्माण के लिए कई दशकों से मांग उठाई जा रही थी।

जमीन का प्रस्ताव तथा सर्वे भी हो चुका था। लेकिन बस अड्डे का भी निर्माण नहीं हो सका। दरअसल उक्त मुद्दे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं। परियोजनाओं में निर्माण कार्य शुरू न होने से नागरिकों को दिक्कत उठानी पड़ रही हैं।

# वाहन चालकों के साथ आम लोगों को बतायें, यातायात के नियम

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यदायी संस्था उरई-बारा परियोजना द्वारा जागरूकता कार्यक्रम प्रबंधक इंगलेश शर्मा के नेतृत्व में 37 वां सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया गया। शनिवार को तीसरे दिन उरई-बारा परियोजना की टीम द्वारा जोल्हूपुर मोड़ से आटा टोल प्लाजा के बीच हाइवे रोड से गुजरने वाले वाहनों पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंगलेश शर्मा ने सभी प्रकार के वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच की गई। साथ ही वाहन चालकों को निःशुल्क हवा भरने एवं ग्रीसिंग की सुविधा प्रदान की गई, जिससे वाहन चालक समय-समय पर अपने वाहनों की जांच एवं रखरखाव के प्रति जागरूक रहें। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा सुरक्षित यातायात के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उरई-बारा परियोजना प्रमुख उत्तम सिंह एवं उनकी टीम द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, वाहन की नियमित जांच कराने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदाराना ड्राइविंग करने की अपील की। मुहम्मद इरफान, अंकेश श्रीवास्तव समेत परियोजना के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# सर्दी से निजात हेतु ग्रामीणांचल में अलाव लगाये जाने की मांग

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

हाड़कंपाऊ सर्दी से बच्चे, बूढ़ों के साथ ही पशु, पक्षी भी बेहाल हैं। सर्दी के चलते ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी सार्वजनिक स्थलों व चौराहों पर अलाव नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांवों में अलाव जलवाने की मांग की है। इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। बर्फीली हवाओं के चलते आम जनमानस के साथ ही पशु, पक्षी तक बेहाल हैं। हालत यह है कि दोपहर तक लोग रजाई में ही दुबकने को मजबूर हैं। सर्दी के मौसम में एकमात्र सहारा आग ही बचा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा अलाव न लगाए जाने से लोग मायूस हैं। घरों में भी लकडी के अभाव में अलाव नहीं जल पा रहे है। अलाव न लगने से अधिकांश बच्चे और बूढ़े सभी परेशान नजर आ रहे हैं। अकोढ़ी दुबे निवासी रामकुमार बाथम, नैनपुरा निवासी आदित्य, खनुआं निवासी बृजेश कुमार, अरविंद, राजकुमार, सुरेंद्र कैंथ निवासी रामप्रकाश, राजेश कुमार, सुढार निवासी प्रदीप कुमार आदि बताते हैं कि इस बार जो सर्दी पड़ रही है वह कुछ अलग ही ढंग से अपना असर दिखा रही है। सर्दी लगने से कई लोग घरों में बीमार पड़े हुए हैं।

# हवन पूजन के बीच मिनी कुंभ का डीएम व विधायक ने किया शुभारंभ

- साधु संतों व श्रद्धालुओं का लगा जमघट, महाआरती ने सभी का मन मोहा
- पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर 30 हज़ार से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



हवन पूजन करते जिलाधिकारी, मौजूद संतगण व श्रद्धालु



पौष पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गंगा नदी के पंचाल घाट पर शनिवार को श्री रामनगरिया मेला 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व उनकी पत्नी डॉ0 वंदना द्विवेदी, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, मेला सचिव एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, एसडीएम रजनीकांत, सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार, मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ मेले की शुरुआत की। मेले में देश-प्रदेश से हजारों साधु-संत और कल्पवासी गंगा किनारे कुटिया बनाकर एक माह तक रहेंगे और नियमित स्नानए पूजा-पाठ करेंगे।

मेले में धर्म, साधना, भक्ति और पारंपरिक रीतिरिवाज़ों का संगम देखा जा रहा है। मेले के पहले ही दिन से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंचाल घाट पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भक्ति, पूजा, जप-तप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। मेले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा स्थापित प्रदर्शनी का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में भी श्रद्धालुओं और आगंतुकों की अच्छी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला-बाल विकास, स्वरोज़गार और कृषि योजनाओं के बारे में रुककर जानकारी ली। कई परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों के साथ प्रदर्शनी को देखा और योजनाओं का लाभ समझा। इस तरह मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभव के साथ-साथ सरकारी योजनाओं और सामाजिक जागरूकता का भी अच्छा समन्वय देखने को मिला। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि श्री रामनगरिया मेला इस बार भी बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुआ है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सभी सुविधाओं और सुरक्षा के इंतज़ाम कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा के लिए एक कोतवाली और 11 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। सात वॉच टावर पर आधुनिक यंत्र और शस्त्रों से लैस पुलिसकर्मी तैनात हैं। पूरे क्षेत्र को सुरक्षा दृष्टि से छावनी में तब्दील किया गया है। मेला श्री रामनगरिया के शुभारम्भ अवसर पर आचार्य शिव शास्त्री, आचार्य प्रदीप नारायन शुक्ला सहित शशांक मिश्रा शास्त्री, अभय नारायण, ऋषभ कृष्ण, रामजी पाठक, विक्रांत त्रिवेदी, सौरव बाजपेयी, राघव शुक्ला, राघव तिवारी, अभिनेन्द्र तिवारी, राकेश अवस्थी, रामेन्द्र अवस्थी आदि वैदिक मंत्रों के उच्चारण किया। इस दौरान दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास आदि संत मौजूद रहे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता ठा0 वीरेन्द्र सिंह, डीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, शिवांग रस्तोगी, अश्नील दिवाकर, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, भारती मिश्रा, रमला राठौर, अन्नू उर्फ दिनेश प्रताप सोमवंशी आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### कल्पवास का विशेष महत्व

मेला श्रीरामनगरिया में कल्पवास का विशेष धार्मिक महत्व है। दूरदराज से आए साधु-संत और श्रद्धालु पूरे एक माह तक गंगा तट पर कल्पवास करते हैं। मान्यता है कि कल्पवास से आत्मशुद्धि होती है और पुण्य की प्राप्ति होती है। कल्पवासी गंगा स्नान, जप-तप, यज्ञ, दान और संयमित जीवन का पालन करते हैं। इस दौरान पूरा क्षेत्र धार्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहता है।

### मेले का ऐतिहासिक महत्व

रामनगरिया मेले का इतिहास वर्षों पुराना है। पांचाल क्षेत्र में गंगा तट पर लगने वाला यह मेला समय के साथ जनपद का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बन गया।

### सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतज़ाम

मेला क्षेत्र में पुलिस बल व पीएसी की तैनाती की गयी है। निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और मेडिकल कैंप की व्यवस्था भी की गयी है। इसके साथ ही साथ खोया-पाया केंद्र की स्थापना की गयी है। महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। साफ-सफाई और पेयजल की पर्याप्त सुविधा है। मेला सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार ने बताया कि मेला श्रीरामनगरिया हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस बार मेले को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। कल्पवासियों और श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। विकास प्रदर्शनी के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को भी जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस वर्ष माघ मेला रामनगरिया मेले की एक वेबसाइट बनाई गई है। इसके जरिए लोग मेले की जानकारी आसानी से ले सकते हैं। मेले में कल्पवासियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा आज किया गया।

**भव्य स्वरूप में सजा मेला क्षेत्र, महाआरती रही आकर्षण का केंद्र**



महाआरती करते आचार्यगण

इस वर्ष मेला परिसर को विशेष रूप से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाती गंगा तट, आकर्षक प्रवेश द्वार, भव्य मंच और सुसज्जित कल्पवास क्षेत्र मेले की भव्यता को और बढ़ा रहे हैं। रात्रि में गंगा तट का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आस्था और सौंदर्य का अद्भुत अनुभव प्रदान कर रहा है। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, लोकगीत, रामकथा, भजन-कीर्तन और विकास प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं। वहीं इस अवसर पर गंगा तट पर गंगा आरती का आयोजन बनारस से आये आचार्यो द्वारा किया गया। आरती के उपरांत आये हुये श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

# प्रशासन की उपेक्षा के चलते संतों ने किया मेले के उद्घाटन का बहिष्कार

- सत्यगिरि महाराज के नेतृत्व में संतों ने दूसरे स्थान पर किया हवन पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मेले के उद्घाटन अवसर पर हवन पूजन करते संतगण

प्रशासन द्वारा की जा रही उपेक्षा के चलते साधु संतों का आक्रोश रामनगरिया मेले के शुभारंभ पर साफ दिखायी दिया। साधु संतों ने प्रशासन द्वारा रामनगरिया मेले के शुभारंभ पर किये जा रहे हवन पूजन का बहिष्कार कर स्वयं हवन पूजन कर रामनगरिया मेले का शुभारंभ किया।

बताते चलें कि 03 जनवरी 2026 को प्रशासन द्वारा रामनगरिया मेले का शुभारंभ निश्चित किया गया था। तय समय सीमा पर प्रशासन द्वारा मेले के शुभारंभ पर हवन पूजन किया गया। जिसका बहिष्कार करते हुए जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज ने कहा कि प्रशासन द्वारा उन्हें मेले के उद्घाटन पर अवसर पर आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह तीसरी बार है, जब मेले के उद्घाटन अवसर पर संत समाज को नजरंदाज किया गया। उन्होंने का कि जबकि मेले को यहां तक पहुंचाने में संत समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने संतों के बिना मेले का कोई अस्तित्व नहीं है, जबकि प्रशासन सिर्फ माध्यम है। प्रशासन के इस कार्य से संत समाज को काफी आघात पहुंचा है। संत समाज इसका पुरजोर विरोध करता है और आगे भी करता रहेगा। हवन पूजन में जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज, बाबा मनमोहनदास, बच्चा बाबा, कन्हैया बाबा, श्यामपुरी महाराज, रामगिरि महाराज सहित सैकड़ों की संख्या में संतगण व श्रद्धालु आदि मौजूद रहे।

**एडीएम बोले:** उन्हें ससम्मान आमंत्रित किया गया था अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/मेला सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि मेला श्रीराम नगरिया के उद्घाटन के संदर्भ में मैं स्वयं जूना अखाड़े के अध्यक्ष सत्यगिरी महाराज को ससम्मान निमंत्रण देने गया था और उन्होंने निमंत्रण को स्वीकार किया था, लेकिन अब वह जो उद्घाटन अवसर पर कह रहे है वह उनका निजी वक्तव्य है।

# पत्नी से विवाद में पति तालाब में कूदा, पत्नी ने भी पूछे से लगायी छलांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



तालाब के पास मौजूद ग्रामीण

पति-पत्नी के विवाद के बाद पति ने तालाब में कूदने का प्रयास किया। उसे बचाने के लिए पत्नी भी तालाब में कूद गई। दोनों दलदल में फंस गए। जिन्हें ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के कुआंखेड़ा हमजा उर्फ अमजद मुजाबर उम्र 32 वर्षीय पुत्र हलीम का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व खुशबू निवासी गंगापार के साथ हुआ था। जिससे एक 6 माह की बच्ची है। शनिवार की सुबह खुशबू ने अपने मायके गंगापार जाने के लिए पति अमजद से कहा कि आप हमें मायके घुमाने ले चलो। पति ने पत्नी से मना कर दिया। इसी बात पर पति-पत्नी में विवाद होने लगा। जिससे गुस्साया पति घर से निकल कर आया। पीछे से उसकी पत्नी भी दौड़ती हुई आई और देखते ही देखते पुलिस चौकी के निकट तालाब में पति कूद गया। पीछे से उसकी पत्नी भी कूद गयी। यह देख वहाँ पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों को पानी से बाहर निकाला। सूचना पर पहुँचे चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह दंपति को चौकी ले जाकर पूछताछ की। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पति ने आपसी विवाद में तालाब में कूदकर जान देने का नाटक किया था। उसे कूदते देख पत्नी भी कूद गई थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तालाब में पानी नहीं था और दोनों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

# आरोपी के न मिलने पर पुलिस ने की 82/83 की कार्यवाही

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



कुर्की की कार्यवाही करती पुलिस

थाना क्षेत्र के ग्राम दनियापुर में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके घर की कुर्की की कार्रवाई की। धारा 82 व 83 के तहत वांछित आरोपी को नोटिस तामील कराने पहुंची पुलिस टीम को जब आरोपी नहीं मिला तो पुलिस ने गांव के लोगों के सामने उसके घर का सामान कुर्क कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दनियापुर निवासी शैलेश पुत्र रामदास लोधी के खिलाफन्यायालय के आदेश पर धारा 82 एवं 83 की कार्रवाई की गई थी। कई बार प्रयास के बावजूद आरोपी को नोटिस तामील नहीं हो सका। जिसके बाद पुलिस को कुर्की के आदेश प्राप्त हुए। नोटिस तामील न होने पर की गई कुर्की न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उपनिरीक्षक सत्यनारायण एवं उपनिरीक्षक राजेश कुमार पुलिस बल के साथ आरोपी के घर पहुंचे। गांव में काफी खोजबीन के बावजूद शैलेश मौके पर नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने विधिक प्रक्रिया के तहत गांववासियों की मौजूदगी में कुर्की की कार्रवाई शुरू की। कुर्की के दौरान आरोपी के घर में मौजूद समस्त घरेलू सामान को सूचीबद्ध कर ट्रैक्टर में भरकर थाने ले जाया गया। पुलिस द्वारा पूरी कार्रवाई नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। यदि आरोपी शीघ्र न्यायालय या पुलिस के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है तो उसके खिलाफ और कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून से भागने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

# पशु चोर पचास हजार की भैंस ले उड़े

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



घटना की जानकारी देता पीड़ित

पशु चोर कीमती भैंस लोडर में लादकर फरार हो गये। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के अताईपुर जदीद गांव में शुक्रवार देर रात 50 हजार रुपए कीमत की एक भैंस चोरी हो गई। पशुपालक ब्रजकिशोर शाक्य पुत्र तोताराम शाक्य ने सुबह अपने बाड़े में भैंस गायब देखी। जिसके बाद उन्होंने परिजनों को इसकी सूचना दी। चोरों ने घने कोहरे और भीषण सर्दी का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया। भैंस को बाड़े से कुछ दूरी तक पैदल ले जाया गया और फिर लोडर वाहन में लादकर फरार हो गए। घटनास्थल पर लोडर के निशान भी मिले हैं। जिससे इस बात की पुष्टि होती है। ब्रजकिशोर शाक्य ने बताया कि कुछ समय पहले भी उनके भाई की दो भैंसें इसी तरह चोरी हुई थीं। जिनका आज तक कोई पता नहीं चल सका है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बृज किशोर ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह जब जानवरों के पास सानी लगाने पहुंचा तो वहां भैंस गायब थी। भैंस के पैरों के निशाने के साथ-साथ चलते हुए वह कुछ दूरी पर पड़े कुड़े के पास पहुंचे तो वहां गाड़ी के निशान देखकर समझ गए की कर लोडर में लात कर भैंस ले गए हैं।

# भगवान भरोसे प्रसूताएं, लेबर रूम में कुत्तों का डेरा और मोबाइल में व्यस्त स्टाफ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



सीएचसी में विचरण करता कुत्ता

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और नवजातों की सुरक्षा राम भरोसे है। शनिवार को अस्पताल प्रशासन की संवेदनहीनता और बड़ी लापरवाही उस वक्त उजागर हुई जब अस्पताल के अति.संवेदनशील क्षेत्र यानी लेबर रूम के भीतर आवारा कुत्ते घूमते पाए गए। हैरानी की बात यह रही कि जहां एक ओर लेबर रूम में संक्रमण का खतरा बढ़ाते हुए आवारा पशु घूम रहे थे। वहीं दूसरी ओर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स अपनी जिम्मेदारी से बेखबर दिखीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए स्टाफ नर्स रूम हीटर जलाकर कुर्सी पर आराम से बैठी मोबाइल चलाने में व्यस्त थी। उन्हें इस बात की भनक तक नहीं थी कि वार्ड के भीतर क्या हो रहा है। नियमतः लेबर रूम में संक्रमण रोकने के लिए सख्त साफ-सफाई और बाहरी प्रवेश वर्जित होता है। जच्चा और बच्चा दोनों ही प्रसव के समय संक्रमण के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। ऐसे में कुत्तों का वहां पहुंचना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और सफाई पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ0 गौरव राजपूत द्वारा पूर्व में कई बार स्टाफको लापरवाही बरतने पर चेतावनी दी जा चुकी है। बावजूद स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार और अस्पताल की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों का जमावड़ा रोज की बात हो गई है। जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों में हमेशा भय बना रहता है। अस्पताल जैसे सुरक्षित स्थान पर इस तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती है। अब देखना यह है कि बार-बार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन इन लापरवाह कर्मियों पर क्या ठोस कार्रवाई करता।

# जानलेवा हमले के मामले में ई-रिक्शा चालक पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-8 दीपेंद्र कुमार सिंह ने धीरज चौहान पुत्र देवेंद्र निवासी बजरिया थाना मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 6 जनवरी की तिथि नियत है। जानकारी के अनुसार बीते 2 वर्षों पूर्व जनपद कन्नौज की कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के ग्राम हनुमंदखेड़ा निवासी रामनिवास पुत्र लालाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा भांजा 15 अप्रैल 2024 को शाम सात बजे अपने निजी काम से फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन परिसर पर ई-रिक्शा चालक धीरज द्वारा किराए को लेकर झगड़ने लगा व गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक ने ई-रिक्शा में रखे हंसिया को लेकर मेरे भांजे गोविंद के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे उसके गंभीर चोट आई। उसका उपचार डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में कराया गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने धीरज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 6 जनवरी की तिथि नियत है।

# मोर के अंडों को सेया और अब परिवरिश कर रही मुर्गी

- ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना उक्त वाकया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



मुर्गी के साथ घूम रहे मोर के बच्चे

मोर व स्वयं के अंडों को मुर्गी ने सेया और जब बच्चे निकले, तो दोनों की परिवरिश भी मुर्गी कर रही है। यह दृश्य लोगों के लिए कोतूहल का विषय बन गया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जाफर नगर में एक अजब करिश्मा देखने को मिला। जहां मोर के अंडों को एक परिवार ने मुर्गी के अंडों के साथ रख दिया। मुर्गी ने दोनों अंडों को सेया। अड्डों से मोर व मुर्गी के बच्चे निकले। अब दोनों बच्चों की परिवरिश भी मुर्गी कर रही है। यह वाकया पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चलें कि ग्रामीण अजीम खान की पत्नी फरजाना के बच्चों को खेत में काम करते समय मोर के अंडे मिल गए थे। जो उन्होंने मुर्गी के अंडों के साथ रख दिये। कुछ दिन बाद मोर के अंडों से मोर के बच्चे और मुर्गी के अंडों से मुर्गी के बच्चे निकले, लेकिन इसकी परवरिश मुर्गी ही कर रही है। इस दृश्य को देखने गांव के काफी लोग आते हैं। फिलहाल यह दृश्य लोगों के कौतूहल का विषय बना हुआ है। ग्रामीण कहते हैं कि यह मां की ममता का जीता जागता उदाहरण है।

# गलन ने बढ़ायी लोगों की दुश्वारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सर्दी से बचाव के लिए अलाव ताप रहे लोग

सर्दी से जनमानस का हाल बेहाल है। अलाव के सहारे लोगों का पूरा दिन गुजर रहा है। वहीं सर्दी के चलते लकड़ी व कोयले के दामों में इजाफा हो गया है।

शनिवार को सुबह मौसम खुला और धूप निकली। जिससे लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन एक दो घंटे बाद पुनः मौसम गड़बड़ा गया और शाम होते-होते सर्दी सुर्ख होती चली गयी। जिससे बाजार हाट के लिए घरों से कम निकले। सराकारी दफ्तरों व कचहरी आदि में सन्नाटा पसरा रहा। लोग पूरे दिन अलाव के आगे तापते नजर आये। सबसे ज्यादा बुजुर्गों व बच्चों को परेशानी हो रही है। चिकित्सक बच्चों व बुजुर्गों को घरों से न निकलने की नसीहत दे रहे हैं। ऐसे में जरा सी सावधानी भारी पड़ सकती है। आवागमन करने में भी लोगों को परेशानी हो रही है। यात्राएं करने से लोग बच रहे हैं। रोडवेज बसें दो चार सवारी लेकर अपने गंतव्य को रवाना हो रही हैं। सर्दी के चलते बच्चों के स्कूल 14 जनवरी तक बंद कर दिये गये हैं। वहीं इंटर के स्कूल भी सर्दी के चलते बंद कर दिये हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रोज कमाकर खाने वालों को हो रही हैं। सर्दी के चलते रेहड़ी व खोंचे वालों के चूल्हे ठंडे पड़े हुए हैं। उनको रोटी जुटाने के लाले पड़ रहे हैं।

# दिन के उजाले में जारी है मिट्टी का अवैध खनन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



अवैध खनन करके ले जाता ट्रैक्टर चालक

प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी मिट्टी के अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया धड़ल्ले से दिन के उजाले में खनन कर प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉव अमलैया मुकैरी के पुल के पास धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध जारी है। सुबह होते ही खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं और दिन के उजाले में धड़ल्ले से खनन कर पूरे दिन ट्रैक्टर में भरकर मिट्टी ले जाते दिखायी देते हैं। कुछ लोगों का दबी जुबान से कहना है कि इसमें खनन अधिकारी की मिलीभगत है। जिसके चलते खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। बताते चलें कि कुछ साल पूर्व खनन माफियाओं ने ट्रैक्टर से चढ़ाकर एक सिपाही की हत्या कर दी थी। इसके बाद प्रशासन द्वारा की गयी सख्ती के चलते कुछ दिन खनन माफिया शांत रहे, लेकिन इसक बाद वह पुनः सक्रिय हो गये।

# उपनिरीक्षक सहित नौ पुलिस कर्मियों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के जे.एन.वी. रोड निवासी अंशुमान शाक्य पुत्र रामसनेही ने न्यायालय में अपने अधिवक्ता के माध्यम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका दायर की। जिसमें बताया कि मेरी पत्नी के नाम पर जे.एन.वी. रोड फतेहगढ़ में एक कंपोजिट दुकान है। जिसका संचालन सेल्समैन के द्वारा किया जाता है। 21 दिसम्बर 2025 को सात साढ़े दस बजे शराब ठेके पर उपनिरीक्षक अमित गंगवार आए तब ठेका बंद हो चुका था। अमित गंगवार शराब की मांग करने लगे। जिस पर मैं अपने जरनल स्टोर से बाहर निकला। मेरे कर्मचारी देवराज पाल, नवनीत, कुनाल ठेका बंद कर घर जाने से पहले मेरे जरनल स्टोर पर बैठकर शराब पी रहे थे।

अमित गंगवार से हम लोगों ने कहा कि दुकान बंद हो चुकी है। अब शराब नहीं मिल पाएगी। जिस पर वह हम लोगों के पैग पीने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों के सामने मुझे अपमानित करने लगे। फोन करके अपने साथियों को बुला लिया। मेरे घर के सामने पहले लात-घूसों से मारापीटा। फिर बंधक बनाकर गाड़ी में डाल लिया और कमालगंज की ओर ले जाने लगे। जब मैंने पूछा कि फतेहगढ़ कोतवाली पीछे है, तो मुझसे कहा आज तेरा एनकाउंटर कर दूंगा। किसी का फोन आ जाने के बाद मुझे कोतवाली फतेहगढ़ में ले जाकर बंद कर दिया और मुझे मारापीटा और जबरदस्ती एक माफीनामा लिखवा लिया और मेरे हस्ताक्षर करवा लिए और मुझे छोड़ दिया। अमित गंगवार ने विधि विरुद्ध अपहरण करके मुझे जान से मारने का प्रयास किया है। मारपीट की उक्त घटना के सीसीटीवी फुटेज हैं। पीड़ित ने कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा। कार्यवाही न होने पर न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की।

# महिलाओं के लिए विद्या की देवी साबित हुईं माता सावित्रीबाई फुले

- माता सावित्रीबाई फुले का जीवन आज भी हमें देती है प्रेरणा अजीत यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा/गोष्ठी का आयोजन हुआ। सभी ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र एवं इस मातृभूमि और समाज के लिए किए गए संघर्ष को याद किया।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा पौराणिक व्यवस्था में महिलाओं के पास शिक्षा का अधिकार नहीं था ,महिलाएं पठन-पाठन का कार्य नहीं कर सकती थी, उस दौरान माता सावित्रीबाई फुले ने न सिर्फ खुद पढ़ी, बल्कि समाज की अन्य महिलाओं में उन्होंने शिक्षा के प्रति जागृति पैदा की और दूसरी महिलाओं को भी पढ़ाया।

जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जीवन आज भी हमें प्रेरणा देता है और ये बताता है कि कोई व्यक्ति जब समाज की लिए जीना प्रारंभ कर देता है फिर उसकी जीवन ज्योति सदा-सर्वदा ऐतिहासिक धरोहर बनकर अमर हो जाती है, इसलिए हम सबको अपने साथ-दूसरों की जिंदगी भी बदले ऐसे प्रयास करने चाहिए, संपूर्ण परिवर्तन एक साथ नहीं हो सकता, लेकिन एक दिन बदलाव जरूर होता है, सावित्रीबाई फुले ने पहली बार सिर्फ 9 बालिकाओं को पढ़ाने की शुरुआत की थी और आज उस बदलाव की नींव पर खड़ी इमारत हम सब के सामने है। इस दौरान अरविंद यादव, अमन सूर्यवंशी, नरेंद्र सिंह यादव, अजब सिंह शाक्य, रामपाल सिंह यादव, राजपाल यादव, शिवम पटेल, सुधीर शाक्य, मुलायम सिंह, शिवकुमार बाथम, अतुल बाथम, डॉ0 संजय यादव, जयराम यादव, विनोद यादव, अनुराग यादव, संजीव कुमार, अर्चित शर्मा, सुधीर यादव, सत्येंद्र प्रताप सिंह, कौशलेंद्र यादव, बलराम सिंह यादव, सलमान अहमद, विवेक भारद्वाज, स0 प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता मौजूद रहे।

# भगवा भारत रक्षा दल ने अभिनेता शाहरुख खान का फूंका पोस्टर

- बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान का किया विरोध

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**



विरोध प्रदर्शन करते हिंदूवादी नेता

भगवा भारत रक्षा दल के कार्यकर्ता प्रदेश कार्यालय नगर के सब्जी मंडी जवाहरगंज में एकत्रित हुए फिल्म अभिनेता शाहरुख खान का पुतला फूंका। शाहरुख खान की टीम केकेआर ने 9 करोड़ 20 लाख में खरीदे गए बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को आइपीएल में खेलने के विरोध में भगवा भारत रक्षा दल ने अभिनेता शाहरुख खान का पोस्टर जलाकर विरोध प्रकट किया। भगवा भारत रक्षा दल ने केंद्र सरकार से मांग की कि जिस बांग्लादेश में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है, उस देश का खिलाड़ी भारत में नहीं खेल सकता। इसे भारत की पवित्र भूमि पर ना लाया जाए। इसके बावजूद भी खेल मंत्रालय ने अगर इसे खिलाया तो देश में उग्र आंदोलन होने से से रोका नहीं जा सकता। इस मौके पर भगवा भारत रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, अनूप चौबे, रिंकू, कौशल, शिवमंगल कौशल, राजेश शर्मा, पप्पू गुप्ता, सत्यनाथ मिश्रा, शनी शर्मा, अमित वर्मा, शानू, जय कुमार, भूरे यादव आदि मौजूद रहे।



कम्बल वितरित करते नदीम फारुखी

# नदीम फारुखी ने गरीबों को बांटे कम्बल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत शमशाबाद में सर्दी का प्रकोप झेल रहे असहाय लोगों की मदद के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन नदीम अहमद फारुखी ने जरुरतमंदों को कपड़े बाटे। सर्दी व शीतलहर के चलते शमशाबाद क्षेत्र में लोग ठिठुर रहे थे। चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुखी ने जरुरतमंदों को बुलाकर अपने आवास पर कम्बल वितरित किये। उन्होंने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी ठंड से बचने के लिए, गरीब लोगों को कम्बल बांटे गये है। कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने बताया कि हम सबका कर्तव्य है कि सर्दी में लोगों की मदद करें, जिससे तहत कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। गरीब व असहाय लोगों ने चेयरमैन के निवास पर पहुंचकर कम्बल प्राप्त किये। इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव आदि लोगों ने  सहयोग किया।

# युवा महोत्सव में निबन्ध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- देश में आनलाइन शापिंग का व्यापारियों के व्यापार पर प्रभाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



प्रतियोगिता में भाग लेती प्रतिभागी

22वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति सभागार में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने देश में आनलाइन शापिंग का व्यापारियों के व्यापार पर प्रभाव विषय पर अपने विचारों को व्यक्त किया। प्रतियोगियों का मानना है कि आनलाइन शापिंग से व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। प्रतिभागी प्रिया ने बताया कि आनलाइन शापिंग से ग्राहक खुश है। सामान आसानी से बदल जाता है। ज्योति ने लिखा कि आनलाइन शापिंग से सभी सन्तुष्ट हैं। खराब सामान आसानी से बदल जाता है। दुकान से सामान लेकर वापस करो तो व्यवहार खराब होते हैं। सुहानी का कहना है कि आनलाइन शापिंग से दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन ग्राहकों को सामान दरवाजे पर ही मिल जाता है, आसानी से बदल जाता है। कोई झिकझिक नहीं होती है। प्रगति का मानना है कि आनलाइन शापिंग से अधिकांश दुकानदारों के व्यापार पर सीधा प्रभाव पड़ा है। कुछ की तो कई दिन तक बिक्री नहीं होती है। प्रतिभागी अंशिका, प्रगति, ज्योति, प्रिया, सुहानी, पूर्वी, राधिका, मान्सी, प्राची, शिवा यादव, श्वेता, कशिश, प्रभा, जाहनवी, संजना, सहजल, आरती, पायल, कृष्णा, पूजा, प्रियांशी, प्रीती, सोनम, दुर्गा, ऐश्वर्या ने भाग लिया। प्रतियोगिता सच्चिदानंद मिश्रा, कृष्णकांत अक्षर एवं हर्ष दुबे के संयोजन में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का परिणाम 13 जनवरी को घोषित किया जायेगा। इस मौके पर डा0 संदीप शर्मा अध्यक्ष, कुशाग्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# मां गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाने का लिया संकल्प



आरती करते समिति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

मां गंगा सेवा समिति माघ पूर्णिमा पर स्वच्छता अभियान के साथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। देर शाम गंगा तट पर समिति के पदाधिकारियों ने दीपदान कर महाआरती का आयोजन किया।

मां गंगा के पवित्र बनाये रखने के लिए दीपदान में बढ़-चढ़कर लोगों ने भाग लिया। आरती कर मां गंगा से सुख समृद्धि की कामना की। सभी ने संकल्प लिया कि मां गंगा को निर्मल, अविरल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आये हुए लोगों से अपील की गई कि मां गंगा को साफ और स्वच्छ बनाये रखें, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। मां गंगा मोक्षदायिनी है। सभी ने दीपदान कर महाआरती में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# धूमधाम से मनाया गया शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का 195वां जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




छात्रा को सम्मानित करते नीरज प्रताप सिंह

माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अजमतपुर स्थित सिद्धार्थ कान्वेंट स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाज व सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर आम पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य ने कहा कि 200 साल पहले देश में बहन-बेटियों को पढ़ने का अधिकार नहीं था।

प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र में हुआ था। वह भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवयित्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्रियों के अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किए। सावित्रीबाई भारत के प्रथम कन्या विद्यालय में प्रथम महिला शिक्षिका थीं। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य की अग्रदूत माना जाता है। कर्मठ समाजसेवी जिन्होंने महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी काम किये, उन्हें उनकी मराठी कविताओं के लिए भी जाना जाता है। सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव नामक स्थान पर 3 जनवरी सन् 1831 को हुआ। उनके पिता का नाम खण्डोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। सन् 1840 में मात्र नौ वर्ष की आयु में ही उनका विवाह बारह वर्ष के ज्योतिबा फुले से हुआ। 28 नवम्बर 1890 को महात्मा ज्योतिबा फुले की मृत्यु के बाद उनके अनुयायियों के साथ ही सावित्रीबाई फुले ने भी सत्य शोधक समाज को दूर-दूर तक पहुँचाने, अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के अधूरे कार्यों को पूरा करने व समाज सेवा का कार्य जारी रखा। इस अवसर पर अशोक मौर्य, मुकेश शाक्य, सुभाष, भोजराज सिंह, डॉ0 महावीर सिंह, डॉ0 विजय कुमार शाक्य, कुलदीप सिंह कठेरिया, जहांगीर मंसूरी, रवीश कुमार गौतम, प्रताप सिंह यादव, सोनू कुशवाह, जगदीश सिंह शाक्य, जगतपाल शाक्य, अंकित शाक्य, वैभव प्रताप, विशाल, रौनक शाक्य, शिवम कुमार शाक्य, मनोज कुमार, नवीन कुमार, प्रताप सिंह, शिवांशु आदि मौजूद रहे। संचालन महेंद्र सिंह शाक्य ने किया।

# 16 जनवरी को रैम्प पर कैटवॉक कर जलवा बिखेरेंगी युवतियां

- ब्यूटी विद् ब्रेन प्रतियोगिता में होगी क्राउन सरेमनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



प्रतियोगिता में भाग लेनी वाली सुंदरियां

22वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव में आयोजित होने वाली मिस मिस्टर एवं मिसेज इण्डिया, मिस मिस्टर एवं मिसेज उत्तर प्रदेश, मिस एवं मिस्टर कानपुर रीजन, मिस एवं मिस्टर फर्रुखाबाद के ताज के लिए रैम्प पर आकर्षक आउ ड्रेसों में प्रतिभागी कैटवाक करेंगे। कार्यक्रम में 16 जनवरी को आयोजित होने वाली ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों का आडीशन समाप्त हो गये है। कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, नोएडा, आगरा, मथुरा, झांसी, दिल्ली, गोरखपुर से प्रतियोगियों ने आवेदन किये है। ऑन लाइन और वेन्यू ऑडीशन दोनों की सुविधा दी गई थी। ऑन लाइन और वेन्यू ऑडीशन दोनों के आधार पर प्रतियोगियों का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में इन्जीनियर, एम.बी.ए., और स्नातक, स्नातकोत्तर प्रतियोगियों ने आवेदन किये है। ये सभी मॉडलिंग में अपना भविष्य बनाना चाहते। समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि इन सभी ब्यूटी विद् ब्रेन प्रतियोगिता के सभी प्रतियोगी रैम्प पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये तैयारी कर रहे हैं। रैम्प पर सुन्दरियां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी और ताज के लिए दावेदारी करेंगी। 16 जनवरी को सुबह 11 बजे से क्राउन सरेमनी होगी। रैम्प पर कैटवॉक कर जलवा बिखेरेंगी। कार्यक्रम की व्यवस्था अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा की देखरेख में होगी।

# शहर में शानो शौकत से निकाला गया मौला अली का जुलूस

- मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद ने फरमाया खिताब
- जगह-जगह हुआ स्वागत, लगाये गये हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



चौक पर स्वागत के दौरान मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद व अन्य



जुलूस में मौजूद लोग

शहर में मौला अली का जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला गया। हजरत अली का 40वां जुलूस शहर के लालगेट स्थित वारसिया मस्जिद से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होते हुए रकाबगंज कला स्थित दरगाह हजरत अब्बास पर समाप्त हुआ। दरगाह पर शायर अपने कलाम प्रस्तुत किये गये। मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद ने खिताब फरमाते हुए कहा कि मौला अली का जन्म पर सभी संकल्प लें कि हम असहायों की मदद करेंगे और हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गये। संचालन कर रहे सैयद फरहत अली जैदी ने सभी का शब्दों से स्वागत किया। जुलूस में जगह-जगह लोगों का स्वागत किया गया। लालगेट से शुरु होकर घुमना, चौक, पक्कापुल होते हुए रकाबगंज स्थित हजरत अब्बास की दरगाह पर समापन हुआ। जुलूस में घोड़े व रथ के साथ-साथ हाथों में तिरंगा लिये हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर चल रहे थे। घुमना पर व्यापार मण्डल की ओर से जुलूस का स्वागत किया गया। नेहरु रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आफताब हुसैन ने संजय गर्ग को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सिंधी समाज की ओर से ईश्वरदास शिवानी का स्वागत हुआ। चौक पर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, ठा0 सर्वेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, आशीष मिश्रा भईयन, मुजफ्फर हुसैन रहमानी, रामकिशन राजपूत, शिवाशीष तिवारी, अंकुर मिश्रा, वसीमुजमा खां, अनुपम रस्तोगी का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। चौक पर भी मौलानाओं ने तकरीर पेश की। इस मौके पर आफताब हुसैन, जावेद हुसैन, सैफ हुसैन, अम्मार अली, इकलाख खां, बिलाल सफीकी, सभासद असलम अंसारी, शादाब हुसैन, इस्लाम चौधरी, सौरव शुक्ला, अंकुर श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, पप्पन मियां वारसी, मुमताज हुसैन, मुनव्वर हुसैन, अंकुर मिश्रा सहित बड़ संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मेला श्रीराम नगरिया में गिरा पर्स, सीओ ने महिला को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



महिला को पर्स सौंपते सीओ

मेला श्रीराम नगरिया में एक महिला का पर्स गिर गया था, जो वहां तैनात पुलिस कर्मी को मिला। जिसके बाद घोषणा करवाने के बाद महिला की पहचान कर पर्स पूर्ण सामग्री सहित महिला को सौंप दिया गया। पुलिस की त्वरित व ईमानदारी की मेला परिसर में चचार्ये होने लगी।

थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत पांचाल घाट श्रीरामनगरिया मेले में एक महिला का पर्स गिर गया। मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिस उपाधीक्षक अभय वर्मा ने सूचना प्राप्त होने पर मेले में घोषणा करवाने के साथ-साथ महिला की पहचान करने का प्रयास किया। शीघ्र ही पीड़ित महिला की पहचान कर पुलिस उपाधीक्षक ने व्यक्तिगत रूप से पर्स पूर्ण सामग्री सहित महिला को वापस सौंपा गया। महिला ने पुलिस की त्वरित एवं ईमानदार कार्यवाही के लिए पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस टीम का धन्यवाद व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया जागरुक



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

इस समय भीषण सर्दी पड़ रही है। वहीं मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। थाना अमृतपुर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों  व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी।  थाना जहानगंज पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया। वहीं महिला थाना पुलिस, कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस, थाना शमशाबाद पुलिस, थाना कादरीगेट पुलिस,  थाना कमालगंज पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। वहीं कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया।

# पुनीत अग्निहोत्री की पुण्यतिथि पर भण्डारा आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



भण्डारे में भोज कराते विनीत अग्निहोत्री आदि

स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज, गीता रस्तोगी हर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय पुनीत कुमार अग्निहोत्री की चौदहवीं पुण्य तिथि  पर वार्षिक भंडारे का आयोजन स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज के मुख्य द्वार पर किया गया। स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री ने कहा कि 14 वर्ष पूर्व हमारे बड़े भाई पुनीत कुमार अग्निहोत्री का निधन हो गया था। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रतिवर्ष भण्डारे का आयोजन करते है। जिसके तहत 14वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भण्डारा चखा। भण्डारे से पूर्व सभी ने स्व0 पुनीत कुमार अग्निहोत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर  प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रबंधिका शिखा अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य रीता दुबे, प्रधानाचार्य दुष्यंत पाल, प्रधानाचार्य बाल गोबिंद सिंह, शैलेश शुक्ला, आशुतोष दीक्षित, पुरुषोत्तम शुक्ला, अरुण ओझा, विश्वास अवस्था, ज्ञानेंद्र अवस्थी, जतिन दुबे, नरेन्द्र सिंह यादव आदि ने सहयोग किया।

# संडे बाजार हटाया तो होगा आन्दोलनः अंकुर श्रीवास्तव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



अंकुर श्रीवास्तव

चौक पर लगने वाले संडे बाजार को लेकर व्यापार मंडल और प्रशासन में टकराव के असर तेज होते जा रहे हैं। पिछले दिनों संडे बाजार न लगे देने का प्रशासन ने अल्टीमेटम दिया था, उसके जवाब में युवा व्यापार मंडल के प्रांतीय नेता अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि अचानक बरसों से लगता आ रहा संडे बाजार नहीं बंद कर देना चाहिए, क्योंकि व्यापारी उसमें पैसा लगा चुका है और ऐसे में यदि सर्दी में उसका माल नहीं बिका तो मझोले और छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। जो व्यापार मंडल किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अगर संडे बाजार नहीं लगने दिया गया तो युवा व्यापार मंडल टकराव के लिए तैयार बैठा हुआ है, इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस व्यापारियों को डिस्टर्ब ना करें, यदि ऐसा हुआ तो धरना प्रदर्शन कर जिला अधिकारी का घेराव युवा व्यापार मंडल व्यापार मंडल करेगा। व्यापारियों से अपील की कि वे अपने हक की लड़ाई के लिए आंदोलन करने को तैयार रहें।

**कार्यालय ग्रा0पं0 भगौरा वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः  ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त  योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 03/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत भगौरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 04/01/2026 से 10/01/2026 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 10/01/2026 को अपरान्ह 04 बजे  प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रक्षपाल के घर से बरमदेव के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 2.28 लाख | 9720 | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(संजीव कुमार)    ग्रा0पं0 भगौरा, वि0ख0 नवाबगंज    सचिव-(आकांक्षा सक्सेना)

# खनन पट्टा निरस्त करने की मांग पर अड़े किसान

**जोराहा नाले पर दूसरे दिन भी धरना जारी**

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सिंगाही थाना क्षेत्र अंतर्गत जोराहा नाले पर आवंटित खनन पट्टा निरस्त कराने की मांग को लेकर किसानों और सिख संगठनों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान नाले के किनारे टेंट लगाकर डटे हुए हैं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

यह धरना मांझा गांव के पास जोराहा नाले के किनारे दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर खनन पट्टा निरस्त नहीं किया गया, तो वे खनन ठेकेदार द्वारा बनाए गए अस्थायी पुल को हटाने के लिए बाध्य होंगे।

किसानों का कहना है कि जोराहा नदी, जिसे सरकारी अभिलेखों में नाला दर्ज किया गया है, उस पर खनन विभाग द्वारा कुछ माह पूर्व ठेकेदारों को बालू खनन का पट्टा जारी कर दिया गया। ठेकेदारों ने रेत निकालने के लिए लंबा रास्ता तय करने से बचने के उद्देश्य से नाले के भीतर होम पाइप डालकर एक अस्थायी पुल का निर्माण कर दिया, जिसका स्थानीय किसान और सिख संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं। मांझा पंचायत के पूर्व प्रधान संतोष कुमार राज, किसान नेता परमजीत सिंह पम्मी और जसवीर सिंह बाजवा ने बताया कि क्षेत्र के किसान हर वर्ष बेमौसम बारिश, बाढ़ और कटान की समस्या से जूझते हैं। यदि जोराहा नाले में बालू खनन किया गया तो नाले का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा, जिससे भविष्य में कटान और बाढ़ का खतरा और बढ़ जाएगा। किसानों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे दो बार जिलाधिकारी से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। प्रशासनिक अनदेखी से नाराज किसान शुक्रवार से अपने छोटे बच्चों के साथ धरना स्थल पर बैठ गए हैं। धरना स्थल पर लंगर की व्यवस्था भी की गई है। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक खनन पट्टा रद्द नहीं किया जाता, तब तक उनका धरना अनवरत जारी रहेगा। वहीं अब तक जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस पहल न होने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## गांव में निकला अजगर वन विभाग ने पकड़ा



**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज।** अमानलाला गांव में शनिवार को विद्यालय के पास स्थिति तालाब के किनारे सड़क पर एक अजगर दिखने से हड़कंप मच गया। सूचना वन विभाग को दी गई। डिप्टी रेंजर अमित मिश्रा, सदर बीट प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, इरशाद, सुरेंद्र कुमार वन कर्मी मौके पर पहुंचे। अजगर को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है। डिप्टी रेंजर अमित मिश्र ने बताया अमानलाला गांव के पास तालाब किनारे सड़क पर से अजगर को पकड़ लिया गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने करीब दोपहर बाद करीब तीन बाजे सूचना दी थी। टीम सहित मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है। आज दोपहर बाद धूप निकली थी। अनुमान है कि अजगर तालाब की झाड़ियों से निकलकर धुप में बैठा होगा। उसी समय ग्रामीणों ने देख लिया होगा।अजगर को देखने के लिए सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

# सप्तम श्री विष्णु महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन का भव्य आयोजन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा मितौली के बीचों-बीच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पानी की टंकी तथा राजकुमार मिश्र उर्फ गुड्डू के आवास के निकट सप्तम श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का भव्य आयोजन 26 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक श्रद्धा व आस्था के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के समापन के अगले दिन कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

महायज्ञ के प्रथम दिन कलश शोभा यात्रा के साथ विधिवत यज्ञ का शुभारंभ किया गया। आयोजन के दौरान बाहर से पधारे अनेक विद्वान संतों व कथावाचकों ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया। प्रमुख वक्ताओं में कथा व्यास मार्गदर्शक हरि बोल जी महाराज, अतुल मिश्रा, रामानुजाचार्य,



**कन्या भोज व विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब**

हरि ओम मिश्र, संतोष कुमार मिश्रा, त्यागी जी महाराज, महाभारत के महारथी शिखर बड़ागांव, पुरुषोत्तम कृष्ण शास्त्री, कौशल शुक्ला (बावन हरदोई) तथा ईश्वर दीन चंचल (लखनऊ) शामिल रहे। भंडारे का शुभारंभ पूर्व ग्राम प्रधान मितौली मास्टर दिनेश द्वारा विधिवत कन्या पूजन कर कन्याओं को दक्षिणा देकर किया गया। इसके उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालु, माताएं-बहनें एवं क्षेत्रवासी भंडारे में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में विशेष रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद, राष्ट्रीय परिषद सदस्य जुगल किशोर, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, भाजपा नेता मास्टर दिनेश कुमार, मुख्य यजमान योगेंद्र कुमार मिश्र, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, डॉ. आशीष गुप्त, डॉ. प्रशांत शुक्ला, शिव कुमार कटियार, ब्रजमोहन लाल मिश्र, विजय कुमार तिवारी, प्रमोद तिवारी, रामकुमार गुप्त, बृजेश कुमार मिश्रा (एडवोकेट), भाजपा नेता समसाद अली, रामशंकर दीक्षित, बृजभूषण लाल मिश्रा, राम जी पांडेय, कृष्ण दत्त तिवारी, सचिन शुक्ल, मुकुल कुमार मिश्र, ठाकुर महिपाल सिंह सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण, भक्ति संगीत और संतों के सान्निध्य ने मितौली क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### सपा की मासिक बैठक सम्पन्न



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा बांदा में मासिक बैठक सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने की और बैठक में देश की प्रथम शिक्षिका जगत जननी सावित्री बाई फुले की जन्म जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई,तथा सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया सभी वरिष्ठ जनो ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला बैठक में राष्ट्रीय सचिव हसन सिद्दकी,लोक सभा प्रभारी उमेश यादव,ईशान सिंह लवी,जिला मीडिया प्रभारी/ प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा,विजय करण यादव,प्रमोद निषाद,दिलीप पटवा,राम लाल प्रजापति, अशोक गौर,विवेक बिंद् तिवारी,वृंदावन वैश्य, मईया दीन यादव, जगनायक यादव,ब्रजेश पटेल,करण सिंह,पुष्पेंद्र चुनपले,कुदरत उल्ला,सुनील कुशवाहा,नासिर खान,लालमन यादव,किरण यादव,सुमन दिवाकर,मौसमी कोटर,प्रिंसू पटेल,नीलम यादव,श्याम बाबू खंगार,वीरेंद्र गुप्ता बाबू, आमिर खान,दिनेश अनुरागी,हरिशंकर राजपूत,सत्य नारायण सोनकर,दिवाकर खंगार,नेतराम वर्मा,संतोष यादव मुल्ला,अंकित खेंगर, बबलू श्रीवास,शिवाकांत प्रजापति,नौशाद भाई, अनिल यादव, विजयपाल यादव,दुर्गा यादव,संचालन एजाज खान ने किया।

### 500 जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत फरधान में नववर्ष के अवसर पर शीतलहर से बचाव हेतु जरूरतमंद लोगों को 500 कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम फरधान गांव स्थित माता रानी मंदिर परिसर में भंडारे के आयोजन के साथ संपन्न हुआ। कंबल वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीनगर विधानसभा की विधायिका मंजू त्यागी रहीं, जिन्होंने महिला व पुरुष मिलाकर कुल पांच सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर कंबल लेने आए लोगों को भंडारे में भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में गन्ना सोसाइटी चेयरमैन अतुल त्यागी, ग्राम प्रधान रामेन्द्र वर्मा, अनुज वर्मा, डॉ. बिरला वर्मा, ब्रजेश वर्मा, राम शरण, शरद सिंह, दीपक दीक्षित, विजय वर्मा, वीरेंद्र शर्मा, अमित कुमार मिश्रा, डॉ. अंकुर बाजपेई सहित कई प्रधान व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए आयोजकों और विधायिका का आभार व्यक्त किया।

### सिद्ध बाबा मंदिर के पास भीषण सड़क हादसा, साइकिल सवार घायल



**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** सिंगाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंगहा कला स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के पास शनिवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। यह हादसा मोटरसाइकिल और साइकिल की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ, जिसमें साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल और सामने से आ रही साइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में साइकिल सवार अवध राम पुत्र निवासी सिंगहा कला, गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मोटरसाइकिल सवार की पहचान सावन निवासी बेलापरसुवा के रूप में की गई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल सिंगाही पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से घायल को एंबुलेंस/निजी वाहन द्वारा उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद कुछ समय तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सिद्ध बाबा मंदिर के पास यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने, गति नियंत्रक लगाने तथा तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### मैगलगंज टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर मैगलगंज टोल प्लाजा पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले सभी यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की गई। अभियान के तहत वाहन चालकों और यात्रियों को पंपलेट वितरित किए गए, जिनमें सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियम, सावधानियां और दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। टोल प्लाजा कर्मियों ने यात्रियों को समझाया कि थोड़ी सी सावधानी से जान-माल की बड़ी क्षति को रोका जा सकता है। इस अवसर पर टोल प्लाजा मैनेजर बृजेश कुमार, रामू सिंह एवं सेफ्टी ऑफिसर मोहम्मद मासूम राजा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। कार्यक्रम में टोल प्लाजा के समस्त स्टाफ ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। यात्रियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती शिशु वाटिका में श्रद्धापूर्वक मनाई गई



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** विद्या भारती विद्यालय, सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका लखीमपुर खीरी में शनिवार को वंदना सभा के दौरान भारत की प्रथम महिला शिक्षिका आदरणीया सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका अंशिका तिवारी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। उनके पिता का नाम खंडोजी नैवेसे तथा माता का नाम लक्ष्मीबाई था। वर्ष 1841 में उनका विवाह महात्मा ज्योतिराव फुले से हुआ, जिन्होंने जीवन भर उनके संरक्षक, गुरु और समर्थक के रूप में साथ दिया। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की प्रथम प्रधानाचार्या, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका तथा पहले किसान स्कूल की संस्थापक रहीं। उन्होंने महिलाओं, अनाथों, गरीबों और वंचित वर्गों को शिक्षित करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। विधवा विवाह, छुआछूत उन्मूलन और नारी शिक्षा उनके जीवन के प्रमुख उद्देश्य रहे। विद्यालय की संचालिका हीरा सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले को शिक्षा कार्य के दौरान अनेक सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्कूल जाते समय उन पर कीचड़ और पत्थर फेंके गए, घर से निकाला गया, लेकिन उन्होंने स्त्री शिक्षा की ज्योत को कभी बुझने नहीं दिया। वे मराठी साहित्य की आदिकवयित्री भी थीं। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर 1848 को पुणे में सावित्रीबाई फुले ने अपने पति के साथ मिलकर नौ छात्राओं के साथ बालिका विद्यालय की स्थापना की। मात्र एक वर्ष में दोनों ने पाँच नए विद्यालय खोले। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखकर तत्कालीन सरकार ने उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि वर्ष 1897 में प्लेग महामारी के दौरान पीड़ित बच्चों और रोगियों की सेवा करते हुए वे स्वयं संक्रमित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उनका निधन हो गया। उनका जीवन समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं, कर्मचारी भाई-बहन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 13 रजब को मनाया गया मौला अली का जन्मदिन, जगह-जगह सजी नूरी महफिलें

**खीरी टाउन, समृद्धि न्यूज।**

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 13 रजब को हजरत मौला अली की विलादत के अवसर पर कस्बा खीरी में श्रद्धा और उल्लास के साथ जश्न मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह नूरानी महफिलों का आयोजन किया गया, जहां अकीदतमंदों ने नियाज़ पेश की और लंगर तकसीम किया।

कस्बा खीरी के मोहल्ला मुलगी टोला स्थित शिया वक्फ इमामबाड़ा में मौला अली के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर भव्य नूरानी महफिल का आयोजन हुआ। महफिल की शुरुआत तिलावते पाक से हुई, जिसे मोहम्मद कोसैन ने पेश किया। इसके बाद मोहम्मद असकारी हैदर, वली रज़ा, मोहम्मद कैफ, अरीब, तुरआब, शैज़र, मोहम्मद अफसर हुसैन, अबरार मिर्ज़ा बाबर एवं शोएब हुसैन सहित कई अकीदतमंदों ने मौला अली की शान में कसीदे और



मनकबत पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। महफिल के अंत में मौलाना आरिज जैदी करबलाई ने हजरत अली की पैदाइश पर विस्तार से रोशनी डालते हुए उनके किरदार, इंसाफ, बहादुरी और इंसानियत के संदेश को जीवन में अपनाने की अपील की। वहीं मोहल्ला बाजार स्थित झंडे वाली मस्जिद में भी देर रात जश्ने मौला अली का आयोजन किया गया। कारी अख्तर रज़ा ने अपने कलाम में बताया कि हजरत अली की पैदाइश खाने-काबा में 13 रजब को हुई थी, जिसे इस्लाम में एक विशेष और मुकद्दस दिन माना जाता है। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर विलादते मौला अली की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआएं मांगी।

# परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग से सात महिला उत्पीड़न मामलों का सुलह से निस्तारण

**पति-पत्नी साथ रहने को हुए सहमत, महिला हेल्पलाइन व योजनाओं की दी गई जानकारी**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद खीरी में पारिवारिक विवादों का समाधान सुलह-समझौते के माध्यम से कराया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।



परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी, क्षमा टंडन, महिला आरक्षी निकिता राठौर एवं मेहा सिंह के सहयोग से दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साझा गृहस्थी में निवास एवं पारिवारिक कलह से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। काउंसलिंग के माध्यम से परिवारों के विघटन को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 14 प्रार्थना पत्रों पर काउंसलिंग की गई, जिनमें से 07 मामलों में पति-पत्नी आपसी सुलह के बाद साथ रहने के लिए सहमत हुए। वहीं 03 मामलों में पति-पत्नी के बीच अत्यधिक मतभेद होने के कारण उन्हें विचार हेतु समय दिया गया, जबकि 04 प्रकरण न्यायालय में लंबित होने के कारण सुलह संभव नहीं हो सकी।

इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं एवं उनके परिजनों को महिला हेल्पलाइन नंबरों तथा महिलाओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## निस्वार्थ सेवा की मिसाल बने समाजसेवक, स्वामी विवेकानंद शिक्षा सेवा संघर्ष संघ ने बांटे कंबल



**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज।** अधिकारी और जनप्रतिनिधि यदि समाज के लिए कुछ करें तो वह उनका दायित्व माना जाता है, क्योंकि उनके पास संसाधन और साधन उपलब्ध होते हैं। लेकिन जब समाजसेवक बिना किसी पद, मद या लोभ के जरूरतमंदों की सेवा करते हैं, तो वही सच्ची निस्वार्थ जनसेवा कहलाती है।

इसी भावना को साकार करते हुए स्वामी विवेकानंद शिक्षा सेवा संघर्ष संघ द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस क्रम में राजापुर और गैसापुर गांव में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। गैसापुर गांव में यह कार्यक्रम राजू चौहान के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गरीब, असहाय, दिव्यांग एवं बुजुर्गों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए गए। जरूरतमंदों की सेवा करने का सौभाग्य समाजसेवकों को मिला, जिससे खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर अमित अवस्थी, रामकृपाल मिश्रा, भानू प्रकाश, राम राजपूत, सोम पांडे, मनीष तिवारी, अमित बसहिया, दीपू पांडे, ज्ञान तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं समाजसेवक उपस्थित रहे। सभी ने संघ के इस निस्वार्थ प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बांदा शहर के बिजली खेड़ा सुतर खाना निवासी महावीर सैनी जिला अध्यक्ष माली समाज के आवास में माता सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जयंती का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष माली समाज रोहित सैनी, प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सैनी, एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनिभा सैनी के संरक्षण व अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रवादी माली सभा के मंडल प्रभारी अनिल श्रीमाली निवासी अतर्रा, एवं जिला अध्यक्ष महावीर सैनी और सुधीर श्रीमाली शिक्षक निवासी जवाहर नगर के सहयोग से किया गया कार्यक्रम का संचालन मयंक श्रीमाली ने किया इस कार्यक्रम में सभी सम्मानित हो जाती बांधों में भागीदारी की तथा लखनऊ से चलकर राष्ट्रवादी सैनी महासभा की पदाधिकारी गण उपस्थित रहे एवं मामा जनपद के और मंडल के चारों जनपद के जिला अध्यक्ष सहित लगभग दो सैकड़ा माली समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं युवक शामिल रहे इस कार्यक्रम में माली समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी समाज को आगे बढ़ा करके समुचित स्थान समाज एवं प्रदेश में प्राप्त करने का आवाहन किया।

## भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल में हुआ अंडर 14 का अभ्यास मैच



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल में अंडर 14 का एक अभ्यास मैच खेला गया कुशाग्र क्लब और लक्ष्य क्लब के बीच जिसमे कुशाग्र क्लब के बल्लेबाजो ने 35 ओवर में 275 रन बनाए जिसमे सर्वाधिक रन प्रद्युम त्रिपाठी ने 134 रन बनाए कुशाग्र ने 43 रन बनाए। लकी क्लब के बॉलर लक्ष्य ने 5 विकेट लिए सुभी-आयुष ने 2-2विकेट लेकर टीम को 275 रनों में समेत दिया जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लक्ष्य क्लब ने 33.4 ओवर में 120 रनों मैं ऑल आउट हो गई जिसने अनुज ने 40 रन बनाए कुशाग्र क्लब के बॉलर शिवम ने 3 अनिरुद्ध ने 2 विकेट लिए। इस अभ्यास मैच के दौरान बाँदा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव वासिफ जामा खान, भागवत प्रसाद स्कूल के डायरेक्टर अंकित कुशवाहा एवं कोच प्रशिक्षक सलमान और गेस्ट मैं अभिभावक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, श्री लोकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। आज का मैन आफ़ द मैच आलोक स्पोर्ट्स की तरफ़ से दिया गया ।

# मो. अर्श ने सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद बांदा एवं उत्तर प्रदेश के लिये मोहम्मद अर्श ने गौरव करने के क्षण प्रदान किये हैं। राष्ट्रीय बैडमिन्टन चौम्पियनशिप में विगत वर्ष सोने का तमगा हासिल कर इतिहास रचने वाले मोहम्मद अर्श दुर्भाग्यवश दिनांक 22 जनवरी, 2025 को आल इण्डिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट, बैंगलोर में मैच खेलते समय गम्भीर रूप से घायल हो गये एवं मुम्बई में आपरेशन एवं 08 माह के रिहैबलिटेशन के कठिन संघर्ष से उबरते हुए अपनी मानसिक क्षमता एवं खेल के प्रति सर्मपण को सिद्ध करते हुए विजयवाड़ा आन्ध्र प्रदेश में दिनांक 24-28 दिसम्बर, 2025 को आयोजित सीनियर राष्ट्रीय बैडमिन्टन चौम्पियनशिप में युगल स्पर्धा में हार्पर क्लब के पूर्व प्रशिक्षु अर्श ने लंबी चोट के बाद शानदार वापसी करते हुए अपने पार्टनर संस्कार सारस्वत के साथ जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया एवं जनपद तथा उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करते हुए कांस्य पदक जीतकर सभी को गौरवान्वित किया है। अर्श के प्राइमरी कोच मोहम्मद अनवर ने बताया कि गंभीर चोट और उसके



ऑपरेशन के बाद मो. अर्श कड़ी मेहनत, अनुशासन और मजबूत इच्छाशक्ति के दम पर उन्होंने चोट को मात दी। बांदा बलखण्डीनाका के फैशन टेलर अशफाक के पुत्र की इस उपलब्धि पर जनपदवासी तथा बैडमिन्टन से जुड़े खिलाड़ी एवं डिस्ट्रिक्ट बैडमिन्टन एसोसिएशन, बांदा के सचिव काजी जमीर, वरिष्ठउपाध्यक्ष सीरजध्वज सिंह, हार्पर क्लब बांदा के सचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला अधिवक्ता संघ बांदा के पूर्व अध्यक्ष राजेश दुबे, नरेन्द्र सिंह, कनकध्वज सिंह, आलोक सिंह, हिमांशु सिंह, अरूण अवस्थी, मो. अनवर आदि पदाधिकारीगण में खुशी का माहौल है।

# सिद्दीकी अख्तर ने जन्म दिवस के अवसर पर प्रदीप को किया रक्तदान

**अपने जन्म दिवस पर 33वॉं रक्तदान कर दिया समाज के लिए मानवता का संदेश**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** सेवर्स आफ लाइफ संस्था के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि आज सुबह अध्यक्ष सलमान खान को सिद्धार्थ सौरभ सिंह से जानकारी मिली कि जिला अस्पताल में 50 वर्षीय की जो गंभीर बीमारी से ग्रसित है उन्हें रक्त की तुरन्त आवश्यकता है परिवार में रक्त देने को हमारे पास कोई भी व्यक्ति नहीं है कृपया मेरी मदद करें। डिमांड ग्रुप में डालते ही सिद्धिक अख्तर जी ने तुरंत काल करके ब्लड बैंक आने की बात कही और तुरंत ब्लड बैंक आकर प्रदीप



सिंह को रक्तदान कर जीवन दान दिया। इसके पूर्व में 32 बार रक्तदान कर 32 लोगों की जान बचा चुके हैं हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और समाज में जरूरतमंदों की मदद के लिए उनके जुनून की सराहना करते हैं। सेवर्स आफ़ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान,सलाहकार/मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना श्री सिद्धार्थ सौरभ सिंह जी मौजूद रहे।

## माता सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस मनाया गया



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** बहुजन सेवा संघ के तत्वाधान में भारत में पहली महिला शिक्षक माता सावित्री बाई फुले जी का जन्म दिवस कार्यक्रम डा भीमराव अंबेडकर जी पार्क बांदा में माता सावित्री बाई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संघमित्रा बौद्ध विहार के संरक्षक श्री आर पी चौधरी जी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की शिक्षा की शुरूआत पहला स्कूल खोलकर की और जीवन भर सामाजिक आंदोलन से जुड़ी रही उनके द्वारा किए जा रहे महिलाओं के सामाजिक कार्य का घोर विरोध का सामना करना पड़ा था। कार्यक्रम में डीके वर्मा, सुरेश प्रसाद, घनश्याम श्रीवाश, रामबाबू वर्मा, दीपू कुमार,गोविंद बौद्ध,अभय कुमार, सत्यप्रकाश यादव,आनंद कुमार उपस्थित रहे।

# योगी सरकार ने बुंदेलखंड के श्रद्धालुओं को संगम तट तक लाने ले जाने के लिए किए खास इंतजाम

- मंडल से 4 डिपो से 280 बसों का संचालन कर रहा है परिवहन विभाग
- बसों में फाग लैम्प, विंडो कैचर, हॉर्न व सीटों पर पर दिया गया विशेष ध्यान

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



प्रयागराज में माघ मेले की शुरुआत हो गई है। और बुंदेलखण्ड के चित्रकूट धाम मंडल के श्रद्धालुओं को संगम तट तक ले जाने के लिए योगी सरकार ने खास इंतजाम किए हैं। मंडल के चार जनपदों से 280 बसों का संचालक परिवहन विभाग कर रहा है। वही भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए बसों में फॉग लैंप, विंडो कैचर, हार्न व सीटों पर विशेष ध्यान दिया गया है और सभी बसें अच्छी हालत में है। वहीं ये सभी बसें हमीरपुर के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रामप्रताप साहू की देखरेख में चल रही हैं।

आस्था की नगरी प्रयागराज में शुरू हुए माघ मेले में बुंदेलखण्ड के चित्रकूट मंडल से जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बांदा डिपो से 80 बसें चलाई जा रही है और प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रत्येक 15 मिनट में बसों का संचालन किया जाएगा। वहीं महोबा डिपो से भी 80 बसें चलाई जा रही हैं। इसके अलावा हमीरपुर जनपद के राठ डिपो से 65 बसें व हमीरपुर जिला मुख्यालय डिपो से 55 बसों का संचालन किया जा रहा है। और ये सभी बसें अच्छी हालत में हैं। वहीं अगर रास्ते मे बसें खराब हो जाती हैं तो बसों को ठीक करने के लिए 2 टेक्निकल टीमों को भी तैनात किया गया है जिसमें चालक समेत 7 सदस्य हैं। जो सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर बसों को दुरुस्त करने का काम करेंगे। बांदा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश बाबू गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि माघ मेले को लेकर जितनी भी बसें मंडल से लगाई गई है वह सभी अच्छी हालत में है. और इन बसों में भीषण ठंड व को देखते हुए फॉग लैंप, हेडलाइट, विंडो कैचर, हार्न व सीटों की दशा समेत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। और श्रद्धालुओं की उपलब्धता के आधार पर इन बसों का संचालन किया जा रहा है। इन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भीषण ठंड देखने को मिल रही है। जिसके चलते अभी फिलहाल प्रयागराज माघ मेला जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी दिखाई दे रही है। वहीं जैसे-जैसे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी उसी हिसाब से आगे बसों को श्रद्धालुओं की उपलब्धता के आधार पर चलाया जाएगा। और शासन के निर्देशों के क्रम में बसों का संचालन किया जा रहा है।

## 40 साल पुरानी ब्लाक जसपुरा की बाउंड्री टूटी, दिन रात बना रहता है आवागमन



**जसपुरा/बांदा, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक जसपुरा परिसर की लगभग 40 वर्ष पुरानी दीवार जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। परिसर की पीछे की ओर स्थित वाल बाउंड्री पूरी तरह टूट जाने से गांव व बाहरी लोगों का दिन-रात आवागमन बना रहता है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। खंड विकास अधिकारी धनराज कुटार्य ने बताया कि ब्लॉक परिसर की क्षतिग्रस्त दीवार के पुनर्निर्माण के लिए जिला विकास अधिकारी, बांदा को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि स्वीकृति मिलते ही नई बाउंड्री का निर्माण कराया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवार टूटने से ब्लॉक परिसर असुरक्षित हो गया है। कर्मचारियों और आमजन को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जल्द से जल्द बाउंड्री बनवाने की मांग की है।